* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 293

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


कोलंबो पहुंचा चीनी वॉरशिप, इसके सर्विलांस पावर से भारत की चिंताएं बढ़ीं








### सीएम ने पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# प्रतिभावान विद्यार्थी अर्थ के अभाव में पढ़ाई से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सीएम फेलोशिप योजना शुरू करने की घोषणा की
- मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से 25 विद्यार्थियों का विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना होगा साकार
- अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के पांच, पिछड़ा वर्ग के सात और अल्पसंख्यक वर्ग के तीन विद्यार्थी शामिल



## हर क्षेत्र को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अचरज की बात है कि देश का 42 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में उपलब्ध है। फिर भी इसे देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इतना ही नहीं, प्रकृति ने झारखंड को धरा के अंदर और बाहर से सजाया-संवारा है। फिर भी यहां के लोग गरीब और पिछड़े हैं। आखिर ऐसा क्यों? दरअसल झारखंड को शुरू से ही उपेक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है, जिसका परिणाम यहां के आदिवासी और मूलवासी को भुगतना पड़ रहा है। हमारी सरकार इससे निपटने की पूरी रणनीति तैयार कर आगे बढ़ रही है। उन चीजों को चिन्हित किया जा रहा है, जिस वजह से झारखंड आगे नहीं बढ़ सका। शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं, जब झारखंड की पहचान एक विशेष राज्य के रूप में पूरे देश -दुनिया में होगी।

अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि अगर आप शिक्षित होंगे, तो आपकी अगली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में नयी शुरुआत कर रहे हैं। इसके तहत कड़ी से कड़ी जोड़कर व्यवस्था को मजबूत और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगाव और उत्सुकता बनी रहे, इसके लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, ताकि, आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीएम फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम के तहत दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में झारखंड के स्कॉलरों को एमफिल और पीएचडी जैसे कोर्स के लिए वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी।

**शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की मुहिम जारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों में हुनर की कोई कमी नहीं है। लेकिन उचित प्लेटफॉर्म नहीं मिलने से इनकी प्रतिभा गुम हो जाती थी । जब हमारी सरकार बनी, तो हमने इसकी वजहों को जानने का प्रयास किया। इस क्रम में पता चला कि यहां की शिक्षा व्यवस्था एक ताश के पत्ते की तरह है, जो कभी भी धाराशायी हो सकती है। यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन हमने इसे स्वीकार किया। शिक्षा के क्षेत्र में रिफॉर्म का सिलसिला शुरू किया। पहले चरण में 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। मॉडल स्कूल बनाये जा रहे हैं। स्कूलों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका नतीजा है कि आज सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा मिल रही है।

**बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेवारी सरकार ने ले रखी है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। हमारा प्रयास है कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके पठन-पाठन का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। आज बच्चों की प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार दे रही है। इतना ही नहीं, यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक और रेलवे जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी और इंजीनियरिंग, मेडिकल और लॉ जैसे कोर्स करने का खर्च सरकार दे रही है। बच्चों से कहना है कि वे पढ़-लिख कर एक अच्छा मुकाम हासिल करें । उनके मुकाम हासिल होने से झारखंड भी गौरवान्वित महसूस करेगा।

**प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बने, इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है। झारखंड बोर्ड हो या सीबीएसइ अथवा आइसीएसइ बोर्ड, इनके टॉपरों को सरकार नगद राशि के साथ लैपटॉप दे रही है। इसके अलावा छात्रवृत्ति की राशि बढ़ा दी गयी है। हमारी बच्चियों की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसके लिए सावित्रीबाइ फुले योजना चलायी जा रही है।

(पेज 3 भी देखें।)

### चाइबासा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# एक जवान शहीद, एक की हालत गंभीर

- एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची, घायल जवान मेडिका में भर्ती



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान कांस्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से शहीद की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल मुन्ना कुमार और सुशांत कुमार घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया, लेकिन रांची के मेडिका में एक जवान की मौत हो गयी। शहीद जवान सुशांत कुमार को सीने के पास गोली लगी थी। इसके बाद उनको एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। मेडिका में भर्ती कराने के बाद चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। शहीद सीआरपीएफ जवान सुशांत कुमार ओड़िशा के क्योंझर जिले के आनंदपुर के रहनेवाले थे। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान पुलिस जवानों की मुठभेड़ भाकपा माओवादी संगठन की सेंट्रल कमेटी और एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा दस्ते के साथ हुई। इसमें दो जवानों को गोली लगी। बैकअप टीम ने घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा। मुठभेड़ में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की टीम शामिल थीं। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली पीछे हट गये।

# गरीबों को एक रुपया किलो मिलेगी चने की दाल, कैबिनेट ने दी मंजूरी

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक, 30 प्रस्ताव को मिली मंजूरी
- सात जिलों के पिछड़ा वर्ग के लोगों को इडब्ल्यूएस कोटे में मिलेगा आरक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में जहां गरीबों के हित में निर्णय लिये गये, वहीं युवाओं को भी राहत देने के फैसले पर मुहर लगी। कैबिनेट ने सभी राशन कार्डधारकों को 1 रुपया प्रति किलो की दर से दाल देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं, सात जिलों के पिछड़ा वर्ग के लोगों को इडब्ल्यूएस कोटे में आरक्षण देने संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा पथ परिवहन निगम के जो कर्मचारी बिहार से झारखंड आये थे, उन सभी को सरकारी कर्मियों के रूप झारखंड में समायोजित करने के प्रस्ताव समेत 30 प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूरी दी।

**सात जिलों के युवाओं को लाभ :** 7 जिलों लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका, लातेहार व खूंटी में जिला स्तरीय पदों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण अभी शून्य है। इन वर्गों के लोग इडब्ल्यूएस के तहत नियुक्ति के लिए आवेदन दे सकेंगे। इन जिलों में एसटी का आरक्षण सर्वाधिक है, इस वजह से यह निर्णय लिया गया और यह अब इडब्ल्यूएस के 10% आरक्षण में शामिल होगा। इस फैसले से इन सात जिलों के युवाओं को लाभ मिल सकेगा। (शेष पेज 5 पर)

## न्यूज रील्स

### यूपी के मानसून सत्र में सदन तीन घंटे योगी बनाम अखिलेश रहा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के नाम रहा। पहले अपने 1 घंटे 4 मिनट के भाषण में अखिलेश ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने गीत का जिक्र करते हुए कहा कि चल संन्यासी मंदिर में। इसके बाद सीएम योगी ने 2 घंटे 34 मिनट तक नॉन स्टॉप विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। योगी ने शुरूआत दुष्यंत की लाइन से की। कहा कि तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।

### पीएम मणिपुर पर हंस-हंसकर बोले, ये शोभा नहीं देता: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री हंस-हंसकर बोल रहे थे, ये उनको शोभा नहीं देता। अगर हिंदुस्तान में कहीं हिंसा हो रही है तो उन्हें इस तरह हंस-हंसकर नहीं बोलना चाहिए। राहुल प्रेस कांफ्रेस में केंद्र सरकार पर जम कर बरसे।

### मरीजों के दुर्व्यवहार पर इलाज से इनकार कर सकेंगे डॉक्टर

नयी दिल्ली। डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कहा गया कि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज, मारपीट व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने नवाब मलिक को दो महीने की जमानत दी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को जमानत दे दी। सेहत खराब होने की वजह से कोर्ट ने उन्हें दो महीने के लिए जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया है। इडी ने मनी लांड्रिंग मामले में नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था, इसके बाद से वे जेल में हैं।

### गुजरात हाइकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका ठुकरायी

अहमदाबाद। गुजरात हाइकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह द्वारा मानहानि मामले में उनके खिलाफ मुकदमे पर अंतरिम रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने दोनों को 11 अगस्त को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। दोनों पर प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े मामले में केस दर्ज कराया गया है।

### आखिरी दिन गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बिल पेश किया

# मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा

- आइपीसी-सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदला जायेगा
- जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजे जायेंगे बिल

## नये बिलों से क्या बदलेगा

- आइपीसी की जगह लेने वाले नये बिल में राजद्रोह के प्रावधानों को पूरी तरह से खत्म कर दिया जायेगा।
- मॉब लिंचिंग और नाबालिगों से रेप के मामलों में मौत की सजा देने का प्रावधान किया जायेगा।
- लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिए 120 दिन के भीतर अनुमति देनी होगी।
- दाऊद इब्राहिम जैसे फरार अपराधियों पर उनकी गैर-मौजूदगी में मुकदमा चलाने के लिए प्रावधान लाया गया है।
- जिन सेक्शन में सात साल या उससे ज्यादा की सजा मिलती है, उन मामलों में फोरेंसिक टीम का क्राइम सीन पर जाना जरूरी।
- अलगाववादी गतिविधियों, सशस्त्र विद्रोह, देश की संप्रभुता, एकता या अखंडता को खतरे में डालने वाले अपराधों को लिस्ट किया जायेगा।
- महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर खास ध्यान दिया जायेगा।
- आतंकी गतिविधियों और संगठित अपराधों को कड़ी सजा के प्रावधान के साथ जोड़ा गया है।
- गलत पहचान बताकर यौन संबंध बनाने वाले को अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नये बिल पेश किये। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य बिल 2023 बिल शामिल हैं। ये बिल अंग्रेजों के समय के भारतीय दंड विधान (आइपीसी), कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे। तीनों बिल को जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजा जायेगा। इन बिलों में मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा देशद्रोह से जुड़े मामलों को लेकर भी बदलाव किये गये हैं।

अमित शाह ने तीनों बिल पेश करते हुए कहा कि पुराने कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन को मजबूत बनाना और उसकी सुरक्षा करना था। इनके जरिये लोगों को न्याय नहीं सजा दी जाती थी। 1860 से 2023 तक देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम ब्रिटिश कानूनों के हिसाब से था। नये बिलों का उद्देश्य सजा नहीं, बल्कि न्याय देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश के सामने पांच प्रण रखे थे। उनमें से एक प्रण था कि हम गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त कर देंगे। आज मैं जो तीन बिल लेकर आया हूं, वे तीनों विधेयक मोदी जी के लिए गये प्रण में से एक प्रण को पूरा कर रहे हैं।

# अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर विपक्षी गठबंधन का मार्च


- राज्यसभा से राघव चड्ढा निलंबित, संजय सिंह का निलंबन बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को निलंबित कर दिया गया। इसके विरोध में विपक्ष के नेताओं ने दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला लिया। बाद में सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए।

उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के निलंबन का मुद्दा उठा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप सांसद राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया है। सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। अधीर रंजन समेत तीनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सदस्यों के निलंबन का मुद्दा उठाया। हाथ जोड़ते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से कहा कि प्लीज मेरा माइक बंद न करें। दरअसल, जैसे ही खड़गे बोलने के लिए उठे, सभापति उन्हें रोकने लगे। खड़गे ने कहा कि हम तो इसमें विश्वास रखते हैं कि कल करने का है, तो आज करो। आज करने का है, तो अभी करो। पल में प्रलय होगा, फिर करोगे कब। सर, डिबेट में छोटी-मोटी बात होती रहती है। जब एक-दूसरे के विषय में कहते हैं, अगर वह अनपार्लियामेंट्री है, किसी को दुखी करता है, तो उसे आप कह सकते हैं कि ये अनपार्लियामेंट्री है। ये ठीक नहीं है। लेकिन लोकसभा में हमारे अधीर रंजन चौधरी साहब को निलंबित किया गया। वह बेहद हल्का मामला था। उन्होंने इतना ही बोला 'नीरव मोदी'। नीरव मतलब शांत। साइलेंट। वो नीरव मोदी बोले। इसलिए आप उसे सस्पेंड करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,800 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# कच्छतीवू द्वीप, जिसके जिक्र ने लोकसभा में कांग्रेस को बुरी तरह घेर लिया

## ■ इंदिरा गांधी ने 1976 में इसे श्रीलंका को सौंप दिया था

## ■ इस प्रक्रिया को भारत का तीसरा विभाजन माना जाता है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए 10 अगस्त को विपक्ष पर करारा हमला बोला। अपने भाषण के दौरान कांग्रेस को घेरने के लिए उन्होंने कई मुद्दे उठाये, कई घटनाओं का जिक्र किया, लेकिन इनमें से जिस एक मुद्दे ने पूरे देश का ध्यान खींचा है, वह है कच्छतीवू द्वीप, जिसके जिक्र ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया। पीएम मोदी द्वारा कच्छतीवू द्वीप का जिक्र किये जाने के बाद से ही लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर क्या है यह कच्छतीवू द्वीप का मामला, जिसके जिक्र ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को पीएम मोदी के भाषण के दौरान लोकसभा से वाकआउट करने पर मजबूर कर दिया। पीएम मोदी ने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो लोग बाहर गये हैं, उनसे जरा पूछिये कि कच्छतीवू क्या है और यह कहां स्थित है? यह एक द्वीप है, लेकिन इसे दूसरे देश को किसने दे दिया। क्या यह मां भारती का हिस्सा नहीं था? यह इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुआ था। अब यह जानना बेहद जरूरी है कि भारत के तीसरे विभाजन के रूप में चर्चित भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते के तहत कच्छतीवू द्वीप को 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किस मजबूरी में श्रीलंका को सौंप दिया था। भारत का पहला विभाजन 1947 में पाकिस्तान के रूप में हुआ, जबकि दूसरा विभाजन 1962 में चीन के साथ युद्धविराम समझौते के रूप में हुआ। इसलिए कच्छतीवू को भारत का तीसरा विभाजन कहा जाता है। यह जानना भी दिलचस्प है कि इस कच्छतीवू द्वीप का इतिहास और भूगोल क्या है। कच्छतीवू द्वीप के इतिहास, भूगोल और इस पूरे मुद्दे की परतें खोल रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ संसद में विपक्षी गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस पर अपने जवाब के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्छतीवू द्वीप का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह घेर लिया। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर मणिपुर में भारत माता और हिंदुस्तान की हत्या होने की बात कही थी। इसके बाद गुरुवार को पीएम मोदी ने संसद में राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। पीएम द्वारा इतना कहने के साथ ही विपक्ष सदन से वाकआउट कर गया। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा, ये जो बाहर गये हैं न, कोई पूछे इनसे कि कच्छतीवू क्या है। इतनी बड़ी बातें करते हैं न। पूछिये कि कच्छतीवू कहां है। इतनी बड़ी-बड़ी बातें कर देश को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके वाले, उनकी सरकार, उनके मुख्यमंत्री मुझे चिट्ठी लिखते हैं कि मोदी जी कच्छतीवू वापस ले आइये। यह कच्छतीवू है कहां। तमिलनाडु से आगे। श्रीलंका से पहले एक टापू किसने किसी दूसरे देश को दे दिया था। कब दिया था। क्या यह भारत माता नहीं थी वहां। क्या वह मां भारती का अंग नहीं था। इसे भी आपने तोड़ा। कौन था उस समय? श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुआ था। कांग्रेस का इतिहास मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है।

**मोदी ने कच्छतीवू द्वीप का नाम लेकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया**



### कच्छतीवू द्वीप का इतिहास और भूगोल

कच्छतीवू भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका की मुख्य भूमि के बीच एक छोटा सा द्वीप है। इस द्वीप को वापस लेने के लिए लगातार मांगें उठती रहती हैं। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि भारत ने इस द्वीप को सरेंडर कर दिया था। कच्छतीवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। श्रीलंका के उत्तरी तट और भारत के दक्षिण-पूर्वी तट के बीच पाक जल डमरू मध्य क्षेत्र है। इस जल डमरू मध्य का नाम रॉबर्ट पाल्क के नाम पर रखा गया था, जो 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के गवर्नर थे। पाक जल डमरू मध्य को समुद्र नहीं कहा जा सकता। मूंगे की चट्टानों और रेतीली चट्टानों की प्रचुरता के कारण बड़े जहाज इस क्षेत्र से नहीं जा सकते। कच्छतीवू द्वीप इसी पाक जल डमरू मध्य में स्थित है। यह भारत के रामेश्वरम से 12 मील और जाफना के नेदुंडी से 10.5 मील दूर है। इसका क्षेत्रफल लगभग 285 एकड़ है। इसकी अधिकतम चौड़ाई तीन सौ मीटर है। सेंट एंटनी चर्च भी इसी निर्जन द्वीप पर स्थित है। हर साल फरवरी-मार्च के महीने में यहां एक सप्ताह तक पूजा-अर्चना होती है। 1983 में श्रीलंका के गृह युद्ध के दौरान यह पूजा-अर्चना बाधित हो गयी थी। 20वीं सदी की शुरुआत में रामनाथपुरम के सीनिकुप्पन पदयाची ने यहां एक मंदिर का निर्माण कराया था और थंगाची मठ के एक पुजारी इस मंदिर में पूजा करते थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने इस द्वीप पर कब्जा कर लिया।

### सामरिक लिहाज से अहम है कच्छतीवू द्वीप

कच्छतीवू बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह द्वीप सामरिक महत्व का था और इसका उपयोग मछुआरे करते थे। भारत और श्रीलंका के बीच इसे लेकर विवाद रहा है। हालांकि इस द्वीप पर श्रीलंका लगातार दावा जताता रहा। इसी बीच साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गयी कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। साल 1976 तक भारत इस पर दावा करता था और उस समय यह श्रीलंका के अधीन था। साल 1974 से 1976 की अवधि के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने श्रीलंका की तत्कालीन राष्ट्रपति सिरीमाओ भंडारनायके के साथ चार सामुद्रिक सीमा समझौते पर दस्तखत किये थे। इन्हीं समझौते के फलस्वरूप कच्छतीवू श्रीलंका के अधीन चला गया। इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था और यह मांग की थी कि कच्छतीवू को श्रीलंका से वापस लिया जाये।

### कच्छतीवू पर केंद्र और तमिलनाडु के बीच विवाद

साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया और कच्छतीवू को वापस भारत में शामिल किये जाने की मांग दोहरायी गयी। कच्छतीवू को लेकर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच का विवाद केवल विधानसभा प्रस्तावों तक ही सीमित नहीं रहा। साल 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने कच्छतीवू को लेकर केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट तक घसीटा। उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कच्छतीवू समझौते को निरस्त किये जाने की मांग की। जयललिता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से श्रीलंका और भारत के बीच हुए उन दो समझौतों को असंवैधानिक ठहराये जाने की मांग की, जिनके तहत कच्छतीवू को तोहफे में दे दिया गया है।

### ब्रिटिश हुकूमत के समय क्या स्थिति थी

यह दलील दी जाती रही है कि कच्छतीवू साल 1974 तक भारत का हिस्सा था और यह रामनाथपुरम के राजा की जमींदारी के तहत आता था। रामनाथपुरम के राजा को कच्छतीवू का नियंत्रण 1902 में तत्कालीन भारत सरकार से मिला था। मालगुजारी के रूप में रामनाथपुरम के राजा, जो पेशकश (किराया) भरते थे, उसके हिसाब-किताब में कच्छतीवू द्वीप भी शामिल था। रामनाथपुरम के राजा ने द्वीप के चारों ओर मछली पकड़ने का अधिकार, द्वीप पर मवेशी चराने का अधिकार और अन्य उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग करने का अधिकार पट्टे पर दिया था। इससे पहले जुलाई, 1880 में मोहम्मद अब्दुल कादिर मराइकेयर और मुथुचामी पिल्लई और रामनाथपुरम के जिला डिप्टी कलेक्टर एडवर्ड टर्नर के बीच एक पट्टे पर दस्तखत हुए। पट्टे के तहत डाइ के निर्माण के लिए 70 गांवों और 11 द्वीपों से जड़ें इकट्ठा करने का अधिकार दिया गया। उन 11 द्वीपों में से कच्छतीवू द्वीप भी एक था। इसी तरह का एक और पट्टा 1885 में भी बना। साल 1913 में रामनाथपुरम के राजा और भारत सरकार के राज्य सचिव के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस पट्टे में कच्छतीवू का नाम भी शामिल था। दूसरे शब्दों में कहें, तो भारत और श्रीलंका, दोनों पर शासन करने वाली ब्रिटिश हुकूमत ने कच्छतीवू को भारत के हिस्से के रूप में मान्यता दी, लेकिन इसे श्रीलंका का हिस्सा नहीं माना।

इस तरह कच्छतीवू द्वीप का मामला भारत के विभाजन का ऐसा कलंक है, जिसके बारे में अधिकांश लोगों को नहीं पता है, लेकिन पीएम मोदी ने इसे देशवासियों के सामने लाकर कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती पेश कर दी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDSPL/SD/HZB /15/2023-24 पी0आर0 संख्या 304398 Rural Development(23-24):D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

1. अग्रधन की राशि: 397400.00

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 304539 (Rural Development)23-24*D

### चंदन डैम से गोड्डा को पानी मुहैया कराने का मामला

# हाइकोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा, गाद हटाने के लिए क्या उपाय करेंगे

**सांसद निशिकांत दुबे ने दायर की है याचिका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिहार के बांका के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बिहार सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा है कि चंदन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गया है, उसे हटाने के लिए क्या किया जायेगा। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि चंदन डैम में 75 प्रतिशत गाद भर गया है। इससे इस डैम के पानी की जमा रखने क्षमता मात्र 25 प्रतिशत ही रह गयी है। दरअसल, बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जतायी है। वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम में छह कैनाल सिस्टम हैं, जिनमें चार कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है, जिसका रिपेयर करना जरूरी है, ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चंदन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी।




# टॉफी-टी-शर्ट घोटाला मामले की हाइकोर्ट में सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार ने मांगा समय**

**रांची।** वर्ष 2016 में तत्कालीन रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में राज्य स्थापना दिवस पर टी-शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो में पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज की गयी थी। इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय दिया जाये। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले के अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। बता दें कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13-14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी-शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी। उसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर इस पर सवाल उठाया है।

**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

53वीं औपबंधिक सूची
जिला :– खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम की विवरणी | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–05/23<br>2. आवेदक–सुमन मुण्डा<br>3. पिता–षिबु मुण्डा<br>4. ग्राम–बरांगो पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण :–वर्ष 1999 की झामुमो पार्टी बैठक पंजी की सत्यापित छायाप्रति में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर के पहचान के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–145<br>2. आवेदक–महादेव मुण्डा<br>3. पिता–बुधवा मुण्डा<br>4. ग्राम–कनसीली पोस्ट–लोधमा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बांये पैर में घाव का निषान। | नहीं | नहीं | कारण :–वर्ष 1999 की झामुमो पार्टी बैठक पंजी की सत्यापित छायाप्रति में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर के पहचान के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुटिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 304487 Home (23-24)_D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice

Tender Reference No. DWSD/CTR/SP/12/2023-24 (1st Call)
DT: 11.08.2023

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part II) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively) under D.W & S. Division, CHATRA for the year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (In Lakh) | 17.35966 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 35000.00 |
| 5 | Time of Completion | 01 Month |
| 6 | Date of publication of Tender on Website. | 14.08.2023 at 05:00 PM |
| 7 | Last Date / Time for receipt of Bid. | 21.08.2023 upto 05:00 PM |
| 8 | Last Date submission cost of BOQ and EMD (In Hard Copy) | 22.08.2023 upto 03:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra |
| 9 | Date of Opening of Tender | 22.08.2023 at 05:00 PM |
| 10 | Name & Address of office inviting tender. | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) |
| 11 | Contact No. of e-Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 |
| 12 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 |

- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Jharkhand S.S.I Units registered with District Industrial Central/Industrial Area Development authority as well as with NSIC, shall be given B.O.Q free of cost and exempted from deposit of Earnest Money along with tender paper as per Government of Jharkhand Industrial Purchases Police 2014 vide issued Jharkhand Gazette, No. 2963 Dated 20th October 2014.

PR 304461 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,800 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# कच्छतीवू द्वीप, जिसके जिक्र ने लोकसभा में कांग्रेस को बुरी तरह घेर लिया

## ■ इंदिरा गांधी ने 1976 में इसे श्रीलंका को सौंप दिया था

## ■ इस प्रक्रिया को भारत का तीसरा विभाजन माना जाता है


आजाद सिपाही विशेष

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए 10 अगस्त को विपक्ष पर करारा हमला बोला। अपने भाषण के दौरान कांग्रेस को घेरने के लिए उन्होंने कई मुद्दे उठाये, कई घटनाओं का जिक्र किया, लेकिन इनमें से जिस एक मुद्दे ने पूरे देश का ध्यान खींचा है, वह है कच्छतीवू द्वीप, जिसके जिक्र ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया। पीएम मोदी द्वारा कच्छतीवू द्वीप का जिक्र किये जाने के बाद से ही लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर क्या है यह कच्छतीवू द्वीप का मामला, जिसके जिक्र ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को पीएम मोदी के भाषण के दौरान लोकसभा से वाकआउट करने पर मजबूर कर दिया। पीएम मोदी ने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो लोग बाहर गये हैं, उनसे जरा पूछिये कि कच्छतीवू क्या है और यह कहां स्थित है? यह एक द्वीप है, लेकिन इसे दूसरे देश को किसने दे दिया। क्या यह मां भारती का हिस्सा नहीं था? यह इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुआ था। अब यह जानना बेहद जरूरी है कि भारत के तीसरे विभाजन के रूप में चर्चित भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते के तहत कच्छतीवू द्वीप को 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किस मजबूरी में श्रीलंका को सौंप दिया था। भारत का पहला विभाजन 1947 में पाकिस्तान के रूप में हुआ, जबकि दूसरा विभाजन 1962 में चीन के साथ युद्धविराम समझौते के रूप में हुआ। इसलिए कच्छतीवू को भारत का तीसरा विभाजन कहा जाता है। यह जानना भी दिलचस्प है कि इस कच्छतीवू द्वीप का इतिहास और भूगोल क्या है। कच्छतीवू द्वीप के इतिहास, भूगोल और इस पूरे मुद्दे की परतें खोल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ संसद में विपक्षी गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस पर अपने जवाब के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्छतीवू द्वीप का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह घेर लिया। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर मणिपुर में भारत माता और हिंदुस्तान की हत्या होने की बात कही थी। इसके बाद गुरुवार को पीएम मोदी ने संसद में राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। पीएम द्वारा इतना कहने के साथ ही विपक्ष सदन से वाकआउट कर गया। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा, ये जो बाहर गये हैं न, कोई पूछे इनसे कि कच्छतीवू क्या है। इतनी बड़ी बातें करते हैं न। पूछिये कि कच्छतीवू कहां है। इतनी बड़ी-बड़ी बातें कर देश को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके वाले, उनकी सरकार, उनके मुख्यमंत्री मुझे चिट्ठी लिखते हैं कि मोदी जी कच्छतीवू वापस ले आइये। यह कच्छतीवू है कहां। तमिलनाडु से आगे। श्रीलंका से पहले एक टापू किसने किसी दूसरे देश को दे दिया था। कब दिया था। क्या यह भारत माता नहीं थी वहां। क्या वह मां भारती का अंग नहीं था। इसे भी आपने तोड़ा। कौन था उस समय? श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुआ था। कांग्रेस का इतिहास मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है।



**मोदी ने कच्छतीवू द्वीप का नाम लेकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया**

### कच्छतीवू द्वीप का इतिहास और भूगोल

कच्छतीवू भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका की मुख्य भूमि के बीच एक छोटा सा द्वीप है। इस द्वीप को वापस लेने के लिए लगातार मांगें उठती रहती हैं। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि भारत ने इस द्वीप को सरेंडर कर दिया था। कच्छतीवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। श्रीलंका के उत्तरी तट और भारत के दक्षिण-पूर्वी तट के बीच पाक जल डमरू मध्य क्षेत्र है। इस जल डमरू मध्य का नाम रॉबर्ट पाल्क के नाम पर रखा गया था, जो 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के गवर्नर थे। पाक जल डमरू मध्य को समुद्र नहीं कहा जा सकता। मूंगे की चट्टानों और रेतीली चट्टानों की प्रचुरता के कारण बड़े जहाज इस क्षेत्र से नहीं जा सकते। कच्छतीवू द्वीप इसी पाक जल डमरू मध्य में स्थित है। यह भारत के रामेश्वरम से 12 मील और जाफना के नेदुंडी से 10.5 मील दूर है। इसका क्षेत्रफल लगभग 285 एकड़ है। इसकी अधिकतम चौड़ाई तीन सौ मीटर है। सेंट एंटनी चर्च भी इसी निर्जन द्वीप पर स्थित है। हर साल फरवरी-मार्च के महीने में यहां एक सप्ताह तक पूजा-अर्चना होती है। 1983 में श्रीलंका के गृह युद्ध के दौरान यह पूजा-अर्चना बाधित हो गयी थी। 20वीं सदी की शुरुआत में रामनाथपुरम के सीनिकुप्पन पदयाची ने यहां एक मंदिर का निर्माण कराया था और थंगाची मठ के एक पुजारी इस मंदिर में पूजा करते थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने इस द्वीप पर कब्जा कर लिया।

### सामरिक लिहाज से अहम है कच्छतीवू द्वीप

कच्छतीवू बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह द्वीप सामरिक महत्व का था और इसका उपयोग मछुआरे करते थे। भारत और श्रीलंका के बीच इसे लेकर विवाद रहा है। हालांकि इस द्वीप पर श्रीलंका लगातार दावा जताता रहा। इसी बीच साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गयी कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। साल 1976 तक भारत इस पर दावा करता था और उस समय यह श्रीलंका के अधीन था। साल 1974 से 1976 की अवधि के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने श्रीलंका की तत्कालीन राष्ट्रपति सिरीमाओ भंडारनायके के साथ चार सामुद्रिक सीमा समझौते पर दस्तखत किये थे। इन्हीं समझौते के फलस्वरूप कच्छतीवू श्रीलंका के अधीन चला गया। इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था और यह मांग की थी कि कच्छतीवू को श्रीलंका से वापस लिया जाये।

### कच्छतीवू पर केंद्र और तमिलनाडु के बीच विवाद

साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया और कच्छतीवू को वापस भारत में शामिल किये जाने की मांग दोहरायी गयी। कच्छतीवू को लेकर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच का विवाद केवल विधानसभा प्रस्तावों तक ही सीमित नहीं रहा। साल 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने कच्छतीवू को लेकर केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट तक घसीटा। उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कच्छतीवू समझौते को निरस्त किये जाने की मांग की। जयललिता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से श्रीलंका और भारत के बीच हुए उन दो समझौतों को असंवैधानिक ठहराये जाने की मांग की, जिनके तहत कच्छतीवू को तोहफे में दे दिया गया है।

### ब्रिटिश हुकूमत के समय क्या स्थिति थी

यह दलील दी जाती रही है कि कच्छतीवू साल 1974 तक भारत का हिस्सा था और यह रामनाथपुरम के राजा की जमींदारी के तहत आता था। रामनाथपुरम के राजा को कच्छतीवू का नियंत्रण 1902 में तत्कालीन भारत सरकार से मिला था। मालगुजारी के रूप में रामनाथपुरम के राजा, जो पेशकश (किराया) भरते थे, उसके हिसाब-किताब में कच्छतीवू द्वीप भी शामिल था। रामनाथपुरम के राजा ने द्वीप के चारों ओर मछली पकड़ने का अधिकार, द्वीप पर मवेशी चराने का अधिकार और अन्य उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग करने का अधिकार पट्टे पर दिया था। इससे पहले जुलाई, 1880 में मोहम्मद अब्दुल कादिर मराइकेयर और मुथुचामी पिल्लई और रामनाथपुरम के जिला डिप्टी कलेक्टर एडवर्ड टर्नर के बीच एक पट्टे पर दस्तखत हुए। पट्टे के तहत डाइ के निर्माण के लिए 70 गांवों और 11 द्वीपों से जड़ें इकट्ठा करने का अधिकार दिया गया। उन 11 द्वीपों में से कच्छतीवू द्वीप भी एक था। इसी तरह का एक और पट्टा 1885 में भी बना। साल 1913 में रामनाथपुरम के राजा और भारत सरकार के राज्य सचिव के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस पट्टे में कच्छतीवू का नाम भी शामिल था। दूसरे शब्दों में कहें, तो भारत और श्रीलंका, दोनों पर शासन करने वाली ब्रिटिश हुकूमत ने कच्छतीवू को भारत के हिस्से के रूप में मान्यता दी, लेकिन इसे श्रीलंका का हिस्सा नहीं माना।

इस तरह कच्छतीवू द्वीप का मामला भारत के विभाजन का ऐसा कलंक है, जिसके बारे में अधिकांश लोगों को नहीं पता है, लेकिन पीएम मोदी ने इसे देशवासियों के सामने लाकर कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती पेश कर दी है।

---

चंदन डैम से गोड्डा को पानी मुहैया कराने का मामला

## हाइकोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा, गाद हटाने के लिए क्या उपाय करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार के बांका के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बिहार सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा है कि चंदन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गया है, उसे हटाने के लिए क्या किया जायेगा। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि

**सांसद निशिकांत दुबे ने दायर की है याचिका**

चंदन डैम में 75 प्रतिशत गाद भर गया है। इससे इस डैम के पानी की जमा रखने क्षमता मात्र 25 प्रतिशत ही रह गयी है। दरअसल, बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जतायी है। वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम में छह कैनाल सिस्टम हैं, जिनमें चार कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है, जिसका रिपेयर करना जरूरी है, ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चंदन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी।

## टॉफी-टी-शर्ट घोटाला मामले की हाइकोर्ट में सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2016 में तत्कालीन रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में राज्य स्थापना दिवस पर टी-शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि इस मामले को

**रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार ने मांगा समय**

लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो में पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज की गयी थी। इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय दिया जाये। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले के अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। बता दें कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13-14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी-शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी।

---

फर्जी नक्सली सरेंडर मामला

## केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर करवाने का जांच करवाने का आग्रह करने वाली झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेट राइट की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

पूर्व की सुनवाई में हाइकोर्ट ने

**512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर कराया गया था**

मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के गृह सचिव को 512 युवाओं के सरेंडर मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिस पर कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकार से पूछा था कि क्या सरेंडर कराये जाने वाले 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पुराने जेल कंपाउंड में रखकर प्रशिक्षण दिलाया गया। क्या उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की कानूनी वैधता थी। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका में कहा था कि 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी का लालच देकर उन्हें फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर करने का खेल खेला गया। इसे लेकर राज्य सरकार के वरीय पुलिस अधिकारियों ने करोड़ों रुपये खर्च करवाये, ताकि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री के सामने अवार्ड मिल सके। ऐसा कर राज्य के भोले-भाले 512 आदिवासियों को रोजगार दिलाने के नाम पर ठगा गया।

---

## मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण, सुनवाई और समाधान करेंगे लोकपाल:आलमगीर



**पांच जिलों के नवनियुक्त लोकपालों को मिला नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को पांच नवनियुक्त लोकपालों को नियुक्ति पत्र दिया। ये लोकपाल गुमला, लोहरदगा, चतरा, सरायकेला खरसावां और जामताड़ा जिले में नियुक्त किये गये हैं। इस मौके पर उन्होंने सभी लोकपालों से मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण, सुनवाई और समाधान पारदर्शी तरीके से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरी कवायद का मकसद यह है कि योजना का आउटपुट मिले। छोटी-मोटी शिकायतों का ससमय समाधान हो। छोटी-छोटी गड़बड़ियों को ध्यान देकर सुधारें। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने लोकपालों से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन से रोल मॉडल बनें। धैर्यपूर्वक एक जज की तरह समस्या या शिकायतों को सुनें, परखें और निर्णय लें।

### हितधारकों के प्रति जिम्मेदार रहें : सचिव चंद्रशेखर

**ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि लोकपालों की नियुक्ति से मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता आयेगी। उन्होंने कहा कि लोकपालों का दायित्व मनरेगा के तहत हितधारकों के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी तंत्र तथा दक्षता में गुणात्मक सुधार करना है। लोकपाल न सिर्फ योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे, बल्कि शिकायतों का तत्काल समाधान भी करेंगे। योजनाओं की कार्य प्रगति से अनवरत सरकार को अवगत करायेंगे।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |




## मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए सम्मानित होकर विद्यार्थी हुए खुश

# हेमंत के नेतृत्व में राज्य हो रहा मजबूत: आलमगीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए सम्मानित होकर विद्यार्थी खुश हुए। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कल्याण मंत्री चंपाइ सोरेन, पर्यटन मंत्री मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, ब्रिटिश हाइ कमीशन की सुप्रिया चावला ने भी विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाया। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ऐसे कई कार्य हो रहे हैं, जो झारखंड को मजबूती प्रदान कर रहा है। यहां लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान के साथ विकास को गति मिल रही है। युवाओं को आगे ले जाने का प्रयास लगातार जारी है।



अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन ने कहां की समाज और राज्य के आगे बढ़ने की बुनियाद है शिक्षा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार शिक्षा की बेहतरीन के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में स्कूल आफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल बनाये जा रहे हैं। यहां के गरीब विद्यार्थी भी विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें, इसके लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की गयी है। पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इसी कड़ी में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर सभी प्रमंडल मुख्यालयों में भी एक-एक विद्यालय खोले जाने की तैयारी चल रही है।

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना कोई एक योजना मात्र नहीं है। यह इतिहास बनाने का एक मौका है, क्योंकि जिन अंग्रेजों के खिलाफ हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया है, उन्हीं की धरती पर जाकर आप उच्च शिक्षा ग्रहण कर उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम करने जा रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस योजना के साथ विद्यार्थियों को कोई शर्त नहीं रखी गयी है। आप कहीं भी अपना कार्य करें। आप अगर अच्छा करेंगे, तो उसी में झारखंड का भी नाम रोशन होगा। वहीं, आप इस राज्य की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहते हैं, कोई स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, तो उसमें सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

दिल्ली स्थित ब्रिटिश हाइ कमीशन की (हेड चेवनिंग स्कॉलरशिप) सुप्रिया चावला ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंगडम में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में हमारी ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बेस्ट हैं। अपने पर विश्वास रखें। आप निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होंगे। आप खुद में बदलाव लायें और दूसरों को में भी बदलाव लाने का कार्य करें। समारोह में कोलकाता की डिप्टी ब्रिटिश हाइ कमीशन अजिता मेनन भी शामिल हुईं।

गौरतलब है कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इनमें अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 10 और अनुसूचित जाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 15 छात्र-छात्राओं का चयन इस वर्ष इस योजना के लिए हुआ है। सभी चयनित विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंग्डम और नॉर्दर्न आयरलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि है कि चयनित विद्यार्थियों के पढ़ाई का शुल्क के साथ साथ रहने-खाने और अन्य जरूरतों का खर्च भी राज्य सरकार वहन करती है। इस योजना की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी।

### इन विद्यार्थियों का हुआ है चयन

मरङगोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत तीसरे बैच (सत्र 2023-24) के लिए अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के पांच, ओबीसी के सात और अब अल्पसंख्यक वर्ग के तीन विद्यार्थियों का चयन विदेशों के विश्वविद्यालय महाविद्यालय में 31 कोर्स के लिए हुआ है।

**अनुसूचित जनजाति:** कमल शाश्वत, ज्योति वंदना लकड़ा, आयुष स्टीफन टोप्पो, मेरी स्मृति कुजूर, मांगू पूर्ति, प्रफुल्ल किरण केरकेट्टा, जे. नीतू सोरेन, हर्कुलस सिंह मुंडा, मधुमिता मुंडा और स्तुति होरो।

**अनुसूचित जाति:** निर्भय प्रकाश, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश कुमार, निधि बाघवर और अक्षय कुमार।

**पिछड़ा वर्ग :** अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार मोदी, प्रेरित राज, जीशान आलम, कुमार प्रीतम पुरी और मल्लिका महतो।

**अल्पसंख्यक :** हसन अल बन्ना, मोहम्मद जीशान अहमद और फैजान अली।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओड़िशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006 (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या 23/एसआरएफ/2023-24
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"जलवायु के अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय पहल" (ईएपी-245) परियोजना के लिए एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार **दिनांक 23.08.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध है।
Walk-in-Interview will be held on **23.08.2023** for selection of **one (01) Senior Research Fellow** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"National Innovations in Climate Resilient Agriculture" (EAP-245).** The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि तीन दिन बढ़ी

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार न्यूक्लियस मॉल के मालिक और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया। इडी के अधिवक्ता ने फिर विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करने की इजाजत मांगी। इसका विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को फिर से तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी प्रदान की। इससे पहले 7 अगस्त को कोर्ट ने चार दिन और 2 अगस्त को विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के लिए इडी ने पांच दिनों की रिमांड दी थी। 31 जुलाई की रात 10:30 बजे इडी ने क्षेत्रीय कार्यालय में विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।
- **वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।
- **मिथुन** — श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **कर्क** — व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** — विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।
- **कन्या** — आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।
- **तुला** — अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण।
- **वृश्चिक** — चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** — सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** — सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** — महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद।
- **मीन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

## पांच जिलों के नवनियुक्त लोकपालों को मिला नियुक्ति पत्र

# मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण, सुनवाई और समाधान करेंगे लोकपाल:आलमगीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को पांच नवनियुक्त लोकपालों को नियुक्ति पत्र दिया। ये लोकपाल गुमला, लोहरदगा, चतरा, सरायकेला खरसावां और जामताड़ा जिले में नियुक्त किये गये हैं। इस मौके पर उन्होंने सभी लोकपालों से मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण, सुनवाई और समाधान पारदर्शी तरीके से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरी कवायद का मकसद यह है कि योजना का आउटपुट मिले। छोटी-मोटी शिकायतों का ससमय समाधान हो। छोटी-छोटी गड़बड़ियों को ध्यान देकर सुधारें। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने लोकपालों से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन से रोल मॉडल बनें। धैर्यपूर्वक एक जज की तरह समस्या या शिकायतों को सुनें, परखें और निर्णय लें।



### हितधारकों के प्रति जिम्मेदार रहें : सचिव

ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि लोकपालों की नियुक्ति से मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता आयेगी। उन्होंने कहा कि लोकपालों का दायित्व मनरेगा के तहत हितधारकों के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी तंत्र तथा दक्षता में गुणात्मक सुधार करना है। लोकपाल न सिर्फ योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे, बल्कि शिकायतों का तत्काल समाधान भी करेंगे। योजनाओं की कार्य प्रगति से अनवरत सरकार को अवगत करायेंगे।

## पहल : भाजपा प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र की शुरुआत

# बाबूलाल ने किया 15 अगस्त को घरों में तिरंगा लगाने का आह्वान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र का फीता काट कर शुभारंभ किया। मरांडी ने कहा कि भारत ने आजादी का अमृत वर्ष पूर्ण किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत भारत, आत्मनिर्भर भारत की नींव पड़ी है, जिसे अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भव्य भारत, आत्मनिर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत, एक भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प को सिद्धि में बदलने का समय है। उन्होंने सभी राज्यवासियों से देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि तिरंगा भारत की आन-बान और शान है। उन्होंने सभी से 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया।



## निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** इडी कोर्ट में शुक्रवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी। वीरेंद्र राम ने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि इडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

# जमीन घोटाले में भी गिरफ्तार किया गया प्रेम प्रकाश, इडी को मिली पांच दिनों की रिमांड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने प्रेम प्रकाश को भी गिरफ्तार किया है। प्रेम प्रकाश जेल में ही बंद है। उसके ऊपर साहिबगंज में अवैध खनन और मनी लांड्रिंग का मामला चल रहा है। अब जमीन घोटाला मामले में भी उसके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं। इडी ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने डिमांड पिटीशन पर सुनवाई करने के बाद पांच दिनों की रिमांड की मंजूर दी है। शनिवार यानी 12 अगस्त से इडी को सौंपने का आदेश दिया गया है।



जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश की अहम भूमिका बतायी जा रही है। यह भी बताया जा रहा है कि इस मामले में आरोपियों को वह बहुत लंबे समय से जानता है।

**पीएमएलए कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट जारी करने की अनुमति मिली :** इस मामले में इडी ने न्यूक्लियस मॉल के मालिक और कारोबारी विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इडी ने पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री फर्जी डीड के जरिए कराने के मामले में इडी प्रेम प्रकाश को मास्टरमाइंड मानती है। जांच में इडी ने पीएमएलए कोर्ट में प्रेम प्रकाश की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन वरांट जारी करने का अनुरोध किया था। तीन दिनों की बहस के बाद पीएमएलए कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट जारी करने की अनुमति दी है। इसी वारंट के आधार पर रांची जमीन घोटाले मामले में इडी ने दोबारा शुक्रवार को प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं ई-एनआईटी सं., कार्य का नाम, विज्ञापित मूल्य, ईएमडी: (1) एसटी-आरएनसी-टी07-पीएच53-23; दिनांक 10.08.2023;** 1) बड़कीपोना स्टेशन में मौजूदा प्लेटफॉर्म नं. 1 को हाई तक ऊंचा करना एवं विस्तार, 2) रांची मंडल के बड़कीपोना स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (3.05 मीटर चौड़ा) के निर्माण, 3) बड़कीपोना: बड़कीपोना स्टेशन में अतिरिक्त हाई लेवल प्लेटफॉर्म नं. 2 के निर्माण, 4) मुरी एवं लोहरदगा स्टेशन में उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, लोहरदगा में आरक्षित/वीपी लाउंज तथा टिकट संग्रहक कार्यालय के निर्माण, 5) मुरी : मुरी स्टेशन में 6.10 मी चौड़े फूट ओवर ब्रिज द्वारा स्टेशन के मौजूदा फूट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन के संबंध में एस एंड टी कार्य का निष्पादन; रु. 75,95,688.99; रु. 1,51,900। **(2) एसटी-आरएनसी-पीएच53-टी08-पीआईएस-7लिफ्ट; दिनांक 10.08.2023;** 1) रांची मंडल: रांची मंडल के एबीएसएस के अधीन चिन्हित पिस्का स्टेशन में 12.0 मी चौड़े फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान, 2) पिस्का: मौजूदा ट्रैक को 3 से 4 मी. स्थानांतरित कर पिस्का स्टेशन के मौजूदा हाई लेवल प्लटेफॉर्म के विस्तार साथ में एमईए (प्लेटफॉर्म शेड, पानी के बूथ इत्यादि) के प्रावधान, 3) पिस्काः पिस्का में नए हाई लेवल प्लेटफॉर्म के निर्माण, 4) रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन लोहरदगा (एलएडी), रामगढ़ कैण्ट, (आरएमटी), पिस्का (पीआईएस), बालसिरिंग (बीएलआरजी), गोविंदपुर रोड (जीबीएक्स), ओरगा (ओआरजीए), बानो (बीएनओ) प्रत्येक में दो के हिसाब से 14 अदद लिफ्टों के प्रावधान के संबंध में एसएंडटी कार्यो का निष्पादन; रु. 41,64,502.66; रु. 83,300/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** क्रमांक 1 के लिए 11.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे एवं क्रमांक 2 के लिए 06.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीखः** क्रमांक 1 के लिए 28.08.2023 तथा क्रमांक 2 के लिए 23.09.2023। **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौराः** दोनों के लिए कार्य निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** (PR-495)

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बच्चों से संवाद के दौरान कहा

# आपको केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला है, इसका पूरा लाभ उठायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय विद्यालय, दीपाटोली में शुक्रवार को बच्चों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपको केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला है, इसका पूरा लाभ उठायें। आपके विद्यालय में अच्छे शिक्षक हैं, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर है और सारी सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि कैसे उनके विद्यालय में खिड़कियां नहीं होने के कारण वर्षा होने पर पुस्तकों के भींगने की संभावना बनी रहती थी और बच्चे एक दीवार की आड़ में खड़े हो जाया करते थे। लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं और

**राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के बच्चों की सराहना की**

हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की दिशा में अग्रसर है।

राज्यपाल ने कहा कि आर्मी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय में बच्चों से मिल कर और उनकी प्रतिभा को देख कर मैं आश्वस्त हूं कि आनेवाले समय में भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। इसके लिए आपको कठिन मेहनत करनी है,



प्रत्येक दिन निर्धारित कार्य को पूरा करना है, अनुशासित रहना है। आप जिस काम को करने बैठें, उस काम को तल्लीनतापूर्वक करें। एक बार सफलता न मिले, तो उसके लिए निराश होने की जरूरत नहीं है। आप दुगुने उत्साह से अपना लक्ष्य निर्धारित कर लगातार प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। इसी क्रम में अब्राहम लिंकन का उन्होंने उदाहरण भी दिया कि कैसे उन्होंने शुरू में कुछ चुनाव हार जाने के बाद भी हतोत्साहित न होते हुए लगातार मेहनत करते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे और अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। लेकिन पद पर आसीन होने से ही लोग बड़े नहीं होते हैं। जब लोग उनके द्वारा किये गये नेक काम को याद करते हैं, तब वह महान बनता है। आज अब्राहम लिंकन को लोग इसलिए याद करते हैं, क्योंकि गुलामी की प्रथा को समाप्त करते हुए उन्होंने मानवता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया था।

इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से संवाद करते हुए उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षा-दर लगातार बढ़ रही है और अगले पांच वर्षों में झारखंड देश का सबसे शिक्षित राज्य हो सकता है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे देश का गौरवशाली इतिहास रहा है। राजा राजेंद्र चोल ने विदेशों में भी अपनी विजय पताका फहरायी थी। उन्होंने खेल के संबंध में कहा कि इस क्षेत्र में भी भारत लगातार प्रगति कर रहा है और खिलाड़ियों को अच्छे अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तनावग्रस्त होने पर मेडिटेशन करने से ध्यान नहीं भटकता है, बुरे विचार नहीं आते हैं और एकाग्रतापूर्वक कार्य करने में सहायता मिलती है।

इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की सराहना की और वहां लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 12 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## उपायुक्त के जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामला आया, निष्पादन का निर्देश



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आये। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आये नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में और इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिये।

## विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर नलजल योजना का आधारशिला रखा



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सलैया और कपका पंचायत में विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर नलजल योजना का आधारशिला रखा। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पहले टोला मोहल्ला में मुश्किल से चापाकल मिलता था। जिससे लोंगो को काफी दिक्कत होती थी। इसलिए सरकार ने हर घर नलजल योजना से घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस योजना को बेहतर तरीके से संचालन करना ग्रामीणों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सलैया मोड़ से मनसिंघा होते जीटी रोड तक सड़क और बरसोती नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है। बहुत जल्द उसका कार्य शुरू किया जायेगा। वहीं वाटर लेबल को उपर लाने के साथ साथ सिंचाई के लिए डीएमफटी फंड से सलैया मे बृहत चेकडैम बनाया जायेगा। समारोह में प्रमुख रेणु देवी, मुखिया कमलेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, शिवशंकर यादव, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, बुलाकी प्रसाद, रामेश्वर महतो, रघुवीर महतो, प्रदीप प्रसाद, राजेश कुमार, बालेश्वर ठाकुर समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू : उपायुक्त मेघा भारद्वाज



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। कोडरमा जिला के दूर दराज क्षेत्रों से जनता दरबार में आए फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी अपनी समस्या रखा। जहां उपायुक्त ने लोगों की की समस्याएं बारी-बारी से सुनी। जनता दरबार में जमीन की रसीद काटने, जमीन पर चारदीवारी कर कब्जा करने, जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने, कोडरमा बाजार समिति के प्रांगण में दुकान लगाने, धमकी देने, राशन, पेंशन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर मां गंगा पब्लिक स्कूल में तैयारी जोरों पर




जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित मां गंगा पब्लिक स्कूल मधवाटांड (पडियाडीह रोड) में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक परेड की तैयारी की जा रही है। स्कूल के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने परेड का निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने कहा कि परेड मार्च के दौरान झांकी भी निकाला जायेगा। वहीं निदेशक गंगाधर यादव ने बताया कि पूरा स्कूल परिवार छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए संकल्पित है। बेहतर अनुशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्षेत्र में स्कूल की अपनी अलग पहचान है। परेड के दौरान विद्यालय के शिक्षक शिव शंकर यादव, अजय राणा, ओमकेश यादव, सुमन, श्वेता, रामेश्वर राणा, आफताब सहित कई लोग मौजूद थे।

## जानलेवा हुई झुमर चौक की सड़कें रोजाना गिर कर घायल हो रहे हैं लोग



दारू (हजारीबाग (आजाद सिपाही) । दारू प्रखंड क्षेत्र के झुमरा चौक की सड़कें हैं इन दिनों काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। यहां बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर जल जमा हो जाता है और इस कारण बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं। लगातार बारिश होने के कारण झुमरा चौक की सड़कें में बड़े बड़े गड्ढे होकर उसमें पानी भर गया हैं। इस सड़क से गुजरने वाले अनजान राहगीर सड़क में गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं जिस कारण आये दिन वे गिरकर घायल हो रहे हैं। झुमरा चौक में जल जमा होने का मुख्य कारण यहां के दुकानदारों द्वारा दोनों तरफ के नालियों को भर देना है। इस सड़क की खराब स्थिति और उसमें दुर्घटना होते देख रामदेव खैरका पंचायत की मुखिया झरना देवी के समाजसेवी पुत्र प्रभात कुमार सिंह ने अपने स्तर से इन गड्ढों में क्रेशर से डस्ट मंगवाकर भरवाया ताकि जो मासूम लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो जा रहे हैं वैसी घटना आगे ना हो सके और वे सही सलामत अपना सफर कर सकें। दारू प्रखंड के लोगों ने समाजसेवी के कार्य के लिए उनका आभार ब्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। साथ ही उन लोगों ने जनप्रतिनिधि और अधिकारीयों से आग्रह किया है झुमरा की जर्जर सड़कों को फिर से बनाया जाये और जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जाये।

## प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हुरलुंग



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक हुरलुंग आये। उन्होंने हुरलुंग ब्राह्मण समाज के साथ बैठक की। कहा कि अगामी 13 अगस्त को हजारीबाग स्थित पाराडाइस रिसोर्ट में सम्मेलन आयोजित की गयी है। जिसमे सबो की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सबो ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक को भारी समर्थन देने की बात कही। बड़ी संख्या में हुरलुंग से हजारीबाग पहुंचने की बात कही गयी। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, तुलेश्वर पांडेय, जनार्दन पांडेय, रोहितानंद मिश्र, सुनील कुमार अकेला, सुरेश आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय को अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करायी जायेगी: आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आज दिनांक 11 अगस्त 2023 को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थित विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति के साथ शिक्षकों की अनौपचारिक भेंट वार्ता आयोजित की गयी। अपने संबोधन में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सह कुलपति सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने कहा कि वे आज से ही विश्वविद्यालय के भूखंड संबंधी मांग पर कार्य करना प्रारंभ करेगी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों को उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी तक हुए पत्राचार और इससे संबंधित दस्तावेज उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाये। कुलपति ने बताया कि उनके स्तर पर कोई भी संचिका लंबित नहीं रहती है। जो भी संचिका उनके समक्ष प्रस्तुत की जाती है उसका निष्पादन वह उसी दिन करती है। विश्वविद्यालय के परिसर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इतना खूबसूरत कैंपस बहुत कम विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। ज्ञात हो कि कुलपति बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण की थी। शिक्षकों ने याद किया कि विश्वविद्यालय का वर्तमान 67 एकड़ का भूखंड संस्थापक महिला कुलपति डॉ विनोदिनी तर्वे के प्रयासों से प्राप्त हुआ था। और यह सुखद संयोग ही है की पुनः एक महिला कुलपति के द्वारा ही दूसरी बार भूखंड की प्राप्ति होने वाली है। इससे पूर्व सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के आर्यभट्ट सभागार पहुंचने पर स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्त ने पुष्प स्तबक भेंट कर उनका स्वागत किया। लगभग एक घंटा तक चले अनौपचारिक भेंटवार्ता में शिक्षकों की ओर से मानवीकी संकायअध्यक्ष प्रो मिथिलेश कुमार सिंह, संघ के अध्यक्ष सह हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ अंबर खातून तथा सीएनडी विभाग के निदेशक डॉ मनोज कुमार ने अपने-अपने विचार रखें। कुलपति ने सभी वक्ताओं को ध्यान पूर्वक सुना। आज के अनौपचारिक भेंट वार्ता का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर कौशलेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में कुलपति के साथ शिक्षकों का एक ग्रुप फोटो लिया गया।

# सुब्रतो और नेहरू कप में सैनिक स्कूल ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**तिलैया डैम।** सैनिक स्कूल तिलैया अपनी स्थापना का 'हीरक जयंती वर्ष' मना रहा है। किन्तु यह वर्ष केवल 'हीरक जयंती' के उदघोष और आयोजन तक सीमित नहीं है बल्कि सैनिक स्कूल का परचम बार-बार यह प्रमाणित भी कर रहा है कि स्थापना के ये साठ वर्ष, एक मजबूत आधारशिला के साथ-साथ सुस्पष्ट शिक्षा-दर्शन से भरे रहे हैं। गत दिनों सैनिक स्कूल नालंदा में 'सैनिक स्कूल मध्य-क्षेत्रीय क्रीडा प्रतिस्पर्धा 2023' सम्पन्न हुआ, और परिणाम गत वर्ष की तरह इस बार भी चौंकाने वाले ही रहे। सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य-छात्रों ने विद्यालय- ध्वजा को पुनः विजय की उपलब्धियों से ऊंचा कर दिया। किंबहुना, फुटबाल तथा हॉकी में सैनिक स्कूल तिलैया की टीम ने न केवल मध्य-क्षेत्रीय क्रीडा प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल की अपितु इंटर जोनल प्रतिस्पर्धा को भी जीतकर क्रमशः राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सुब्रतो और नेहरू कप के लिए नाम दर्ज किया है।यह भी सुखद रहा है कि मध्य-क्षेत्रीय ग्रुप स्तर एथलीट प्रतिस्पर्धा में भी सैनिक स्कूल की सैन्य-छात्राओं और छात्रों ने नाम उज्ज्वल किया है। मध्य-क्षेत्र क्रीडा प्रतिस्पर्धा 2023 में तिलैया के सैन्य छात्रों ने सब-जूनियर फूटबाल दिनर ट्रॉफी - इन्टर जोनल फूटबाल विनर ट्रॉफी - राष्ट्र स्तरीय सुब्रतो कप, हॉकी विनर ट्रॉफी - इंटर जोनल फूटबाल विनर ट्रॉफी - राष्ट्र स्तरीय नेहरू कप, अतिरिक्त फूटबाल जूनियर मे अधिकतम हैट्रिक गोल दागने के लिए सैन्य छात्र महेश लिंडा को सीयो मेवालाल ट्रॉफी प्रदान किया गया। जबकि एरिक्सन मुर्मू को सब-जूनियर में सर्वोत्कृष्ठ खिलाड़ी के तौर पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ सैन्य-छात्र शुभंम सर्वोत्कृष्ठ हॉकी खिलाड़ी, अनुराग कुमार को सर्वोत्कृष्ठ गोल- कीपर ट्रॉफी, सचिन कुमार को सर्वोत्कृष्ठ बॉलीबाल खिलाड़ी और ओमप्रताप को वाद-विवाद में पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए छात्रों को उच्च मनोबल और आदर्शों के साथ अडिग रहने और स्वस्थ खेल भावना विकसित करने को प्रोत्साहित किया। सैनिक स्कूल तिलैया के वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक और क्रीडा-प्रभारी जितेंद्र सिंहा और विभिन्न क्रीडा प्रतियोगिताओं के प्रभारी अध्यापक गण के द्वारा भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राचार्य गुप कैप्टन राहुल सकलानी को समग्र तौर पर 'रनर-अप ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया।

# विश्व मूलवासी दिवस पर आइसीए की सराहनीय पहल

## 25 जनजातीय विद्यार्थियों को निः शुल्क प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विश्व मूलवासी दिवस के उपलक्ष्य में 25 जनजातीय विधार्थीयों को एक महीने का निः शुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल आईसीए संस्थान ने की है। जूलू पार्क रोड स्थित संस्थान में इस अवसर पर समारोह आयोजित कर चयनित विध्यर्थियो को चयन सम्बंधी दस्तावेज प्रदान किया गया। मौके पर सेंटर इंचार्ज मिथिलेश कुमार ने बताया कि विश्व मूलवासी दिवस के उपलक्ष्य में इं चयनितों को एक मह तक मुफ्त अकाऊंट, इंकम टैक्स और टैली संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। आगे कहा कि प्रशिक्षण के बाद इन्हे प्लेसमेंट दिलाने की भी पहल की जायेगी। सेंटर इंचार्ज ने कहा की कामर्स बैकग्राउंड के इच्छुक अन्य विद्यार्थी जल्द से जल्द अपना एनरोलमेंट करवा लें। मौके पर तन्वी सिन्हा ने अंग-वस्त्र प्रदान कर चयनित विद्यार्थीयों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आरती मुंडा, प्रीति हेंब्रोम, शुश्मिता हेंब्रोम, सुशीला सोरेन सहित एकेडमिक टीम से खुशबू सिन्हा, राज चौधरी, सौम्या, प्रदीप आदि मौजूद थे।

## दहेज हत्याकांड के आरोपी को भेजा गया जेल

**टाटीझरिया(हजारीबाग)(आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना कांड संख्या 05 /23 दिनांक 25/02/2023 धारा 304 बी /34 भादवी के प्राथमिकी अभियुक्त ललित महतो पिता टिको महतो ग्राम सिझु थाना टाटीझरिया को थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सीझु गांव में विवाहिता खुशबू देवी की मृत्यु के बाद उसकी मां सीता देवी ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज करवाई थी। मृतका का मायके बरकट्ठा के बरवां गांव था। ललित महतो मृतका का ससुर है, जो फरार चल रहा था।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति ने भव्य शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन



**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिती झारखंड प्रदेश ने हजारीबाग कल्लु चौक स्थित मुंद्रिका कुंज में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। जिसमें नव चयनित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संरक्षक, सचिव, सदस्यों की शपथ ग्रहण का भव्य समारोह हुआ। चुनाव कमिटी और सलाहकार समिति के वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर शंभू नाथ मिश्रा, रामचंद्र पांडे, कन्हैया पांडे, भिर्गु नंदन पांडे, भुनेश्वर पांडे, द्वारा नव निर्वाचित सदस्यों को भगवान परशुराम के समक्ष समाज के विकास उत्थान एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए शपथ दिलायी गयी।

# कुआं से 19 वर्षीया विवाहिता का शव बरामद

## ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, सभी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के तेतरौन पंचायत अंतर्गत ग्राम मतौनी में 19 वषीर्या विवाहिता का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान अंशु कुमारी (पति धीरेंद्र राणा, ग्राम मतौनी, थाना जयनगर) के रूप में हुई है। लड़की के मायके वालों का आरोप है कि लड़की के ससुराल वालों ने लड़की की हत्या कर कुएं में फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही लड़की के मायके वालों ने उसके ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया और ससुराल वालों को गिरफ्तार करने की मांग की। गौरतलब है कि अंशु कुमारी की शादी लगभग तीन महीने पहले 4 मई 2023 को ग्राम मतौनी के धीरेंद्र राणा के साथ हुई थी। लोगों ने कहा कि अंशु की हत्या कर उसके ससुराल वाले घर से फरार हो गए हैं। परिजनों ने बताया कि लड़की के ससुराल वाले हमेशा लड़की के साथ मारपीट एवं झगड़ा करते रहते थे। मायके वालों ने कहा है कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तब तक शव को पोस्टमार्टम करने नहीं दिया जायेगा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, पुअनि पंचम तिग्गा, सुनील कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी इस्लाम अंसारी सहित कई पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। पूछे जाने पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है अतिशीघ्र आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जायेगा।

## आजादी का अमृत महोत्सव पर आम बागवानी का उद्घाटन



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जयनगर पश्चिम पंचायत में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आम बागवानी का उद्घाटन किया। तत्पश्चात शपथ दिलाया गया और झंडोत्तोलन किया। साथ ही तालाब के किनारे प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, बीपीओ रवि शंकर, मुखिया मरियम खातून सहित कई लोगों ने पौधारोपण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत तालाब का सुंदरीकरण निर्माण करने से इस जगह को सुंदर बनाया जायेगा जिससे पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मौके पर पंचायत सचिव विकास रंजन, कनीय अभियंता सत्यवान कुमार, प्रिंस, पंसस मिसवा उदीन खान, मुखिया प्रतिनिधि इसहाक अंसारी, रोजगार सेवक दीपक सिंह, समीम खान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर लोक प्रिया मुखिया कविता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। इस दौरान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हमारे देश के शहीदों का नाम सिला पट पर लिखा जायेगा और कलश यात्रा निकाला जायेगा। वही शहीदों के नाम पर अपने पंचायत में बड़ा तालाब में 75 विभिन्न पेड़ लगायें जायेंगे। इस अवसर पर मुखिया कविता देवी, बालेश्वर कुमारज रोजगार सेवक अशोक साहू, वार्ड सदस्य पूनम कुमारी, सरिता देवी, खुशबू, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, पूजा समिति अध्यक्ष राम सुंदर महतो, पूर्व पूजा समिति अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, ईश्वरी साहू, प्रेम, सिकंदर, पंकज, संजय, महेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थिति थे।

## डीवीसी के शिविर में 263 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण



जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के चंमगुदो खुर्द के मध्य विद्यालय के प्रांगण में दामोदर घाटी निगम, ताप विद्युत केंद्र कोडरमा के सीएसआर के अंतर्गत मलेरिया जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केटीपीएस के डॉक्टर आनंद मोहन मिश्रा के द्वारा मलेरिया से बचाव के बारे में बताया। कहा कि- रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें पूरा ढक कर कपड़ा पहने और आसपास साफ सफाई रखें, पानी को जमा न होने दें। अगर मलेरिया बुखार हो जाता है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करावें और चिकित्सा के द्वारा बताये गये दवा का अनुपालन करें। वहीं डॉ विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य ही उत्तम धन है अगर स्वस्थ्य रहेंगे तो जो भी काम कर रहे हैं उसमें मन लगेगा और अच्छे से कार्य करेंगे। मौके पर डॉ रवि कुमार, अरुण कुमार, अशोक कुमार, रूपेश कुमार शाह, कुलदीप राम सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## केरेडारी में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत केरेडारी प्रखण्ड के पंचायत भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मौजूद लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित भी किया गया। हजारीबाग से आये संस्था के रोहित कुमार ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं में स्वरोजगार और इनके प्रशस्ति करण को लेकर यह कार्यक्रम के केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर काम किया जा रहा है। जो महिलाएं लोन लेकर अपना स्वरोजगार चलाना चाहती हैं उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। संस्था के द्वारा तीन महिलाओं को स्कूटी भी प्रदान किया गया है। मौके पर सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट संस्था से रोहित कुमार, केरेडारी मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, जितेंद्र, रूपलाल, शिवम, योगिता, उषा देवी व गुड़िया देवी के साथ को महिला पुरुष मौजूद थी।

## सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण



बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायत सलैया में पीडीएस दुकानदार लीलाधारी प्रसाद के द्वारा लाभुकों को सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी लुंगी का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, समाजसेवी रीतलाल चौधरी उपस्थित थे। मौके पर अमित कुमार यादव ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से गरीब लोगों को फायदा मिल रहा है इस लाभकारी योजना का लाभ अवश्य लेना चाहिए। मौके पर सुखदेव प्रसाद, केदार, सरोज, विमला, मंजु देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## खूब बिक रहा तिरंगा झंडा, लोगों में उत्साह



दारू (हजारीबाग) (आजाद सिपाही)। दारू प्रखंड क्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जाना है प्रखंड क्षेत्र में तिरंगा झंडे की खरीदारी अभी से ही बड़े पैमाने पर की जा रही है। उप डाकघर दारू सहित कई अन्य दुकानों में तिरंगा झंडा बड़ी संख्या में लोग खरीद कर अपने घर ले जा रहे हैं। इस बारे में डाकघर के कर्मियों ने बताया कि उनके यहां या झंडा 25 रुपये में उपलब्ध है जिन्हें भी झंडा लेना है वह डाकघर में आकर झंडे की खरीदारी कर सकते हैं।

## निशिकांत दुबे की माकपा के संबंध में की गयी टिप्पणी की भर्त्सना

कोडरमा(आजाद सिपाही)। माकपा के राज्य सचिवमंडल ने गोड्डा से भाजपा के सांसद द्वारा लोकसभा में माकपा के संबंध में की गई गैर जिम्मेवारना टिप्पणी की कड़ी भर्त्सना की है। इस संबंध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा बुधवार को लोकसभा में माकपा के पूर्व महासचिव और पार्टी के बारे में टिप्पणी करते हुए पार्टी को तथाकथित रुप से देशद्रोही बताये जाने की माकपा कड़ी निंदा करती है। अंडमान और निकोबार के सेल्युलर जेल में काला पानी की सजा काटने वालों में 80 प्रतिशत कम्युनिस्ट हैं। सीपीआईएम उन्हें चुनौती देती है कि यदि भाजपा सांसद के पास इस प्रकार के कोई पुख्ता सबूत हैं तो उन्हें संसद से बाहर आकर तथा सबुतों को सामने रखकर आरोप लगाना चाहिए।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गयी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के पालू पंचायत से आजादी का अमृत महोत्सव मेरा माटी मेरा देश के तहत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया । कलश यात्रा पालू गांव से मुट्ठी भर मिट्टी क्लास में डालकर पालू पंचायत के विभिन्न गलियों का भ्रमण ढोल नगाड़े व नृत्य करते हुए महिलाएं पतरातू प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर कलश को उनके द्वारा रखा गया । इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, पालू मुखिया पानो देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, अजय कु सिंह, उप मुखिया उज्जवल कुमार सिंह, पंचायत सेवक नरेश महतो, राजकुमार रवि, राहुल कुमार, शिव कु महतो, सेवंती देवी ललिता टोप्पो, सविता कुमारी, दिलनारायन कुमार, ममता देवी, नमिता देवी, सबिता देवी, संध्या कुमारी , विक्की कुमार, सेवता भारती, कृष्ण कुमार सिंह सहित सैकडो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का हुआ गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सौन्दा डी पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर शुक्रवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रवीण नायक, उपाध्यक्ष रामवृक्ष कुमार भुंइया, सचिव आदित्य कुमार चुने गये। वहीं 11 सदस्यीय कार्यकारिणी में सन्नी बारला, निखिल कुमार महली, रोहित कुमार उरांव, अरमान अंसारी, संजय महली, प्रेमदीप दास, सूरज मुंडा, विजय कश्यप, आशीष, विकास, सुनील शामिल हैं। क्लब गठन के बाद मेरा माटी मेरा देश पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके तहत जल संरक्षण, पौधारोपण करने व प्रकृति की रक्षा का सामुहिक संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन उप मुखिया संजय भारती ने प्रस्तुत किया। मौके पर पंचायत सेवक नरेश हजाम, पंचायत सचिव खुशबू रानी, वार्ड सदस्य किरण देवी, एनजिना एक्का, सुबोध कुमार रजक, नरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार ओझा, गौतम पासवान, सौन्दा डी सिद्धो-कान्हू खेल क्लब के संरक्षक बृजेश कुमार उर्फ बालाजी, सुदर्शन प्रसाद, मो. सल्लू खान, विष्णु कुमार, नबी मियां, इंदल राम, सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को दिलायी देशभक्ति की शपथ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्रामीणों को हाथ में गांव की मिट्टी देकर देशभक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व को साझा करते हुए बताया कि देश के स्वतंत्रता सेनानी, वीर शहीद एवं बहादुर सेना के जवानों को नमन करना हमसबों के लिए गौरव की बात है। ऐसे कार्यक्रमों से देशवासियों में सेना के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जागृत होगी। मुखिया ने ग्रामीणों को अमृत महोत्सव के तहत आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। ताकि हमसभी अपने राष्ट्रीय झंडे के माध्यम से देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकें। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, उपाध्यक्ष कुणाल किशोर सिंह, सचिव विनय कुमार, जल सहिया छुबि देवी, पंचायत सचिव सागर कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, वीणा देवी, रेणुका देवी, दयामुनी मुर्मू, सेविका किरण सिन्हा, रंजू सिंह, मंजू देवी, आतोषी मुखर्जी, शकुंतला देवी, रंथी कुमारी, ईसरत जहां, मुनारा देवी, बबलू उर्फ भरत, राजकुमार गौड़, बाली चरण गोराई, पूजा देवी, रेनू कुमारी, मीना देवी, सोनी देवी, श्यामली सिन्हा, रोशनी देवी, जिमला देवी, विप्लव कुमार, बिरसा उरांव, भगवान दास सहित दर्जनों ग्रामीणा मौजूद थें।

## कुजू में पौधरोपण करने की दी गयी जानकारी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग रांची द्वारा मनरेगा पार्क, कुजू में शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में कोल्हान व पलामू प्रमंडल से आये प्रशिक्षुओ को रांची से आए राज्य प्रशिक्षक निहार रंजन ने पौधारोपण के बारे में जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। इस दौरान पौधे लगाने, उसके रखरखाव, बचाव, कीटनाशक की मात्रा, खाद आदि की मिलाने की मात्रा की जानकारी दी गई। साथ ही, पौधों को लगाने के लिए नियमित दूरी आदि के बारे में बताया गया। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के उप निदेशक अनुपम भारती, मांडू बीपीओ कामाख्या प्रसाद, कनीय अभियंता पुरुषोत्तम करमाली, शिव शंकर बेदिया, रोजगार सेवक मुनाजिर हसन, कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सहित विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षु मौजूद रहे।

## पहली बारिश में ही सड़क की स्थिति बदतर, ग्रामीणों ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**गिद्धौर/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिंदुआरी कला गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क की स्थिति बदतर होती जा रही है। सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरती जाने के कारण इसकी स्थिति चार महीने में हीं बिगड़ने लगी है। ब्राह्मण टोला के लोगों ने अभियंता से पहली बारिश में हीं सड़क पर जगह-जगह पानी जमाव की शिकायत की है । अभियंताओं एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण पक्की सड़क की बात करें तो उसकी हालत और भी खराब है , चार माह में ही सड़क पर बिछाया गया अलकतरा युक्त पत्थर की गिट्टी को हाथ से उठाकर अलग किया जा सकता है। गांव के लोगों ने इन पदों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## जिला पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

# प्रदूषण नियंत्रण मानकों की अवमानना करनेवालों पर करें कार्रवाई

**नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने वाले कारखानों से स्पष्टीकरण पूछने का डीसी ने दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला स्तरीय पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक कर कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डीसी ने पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा के क्रम में प्रदूषण7 नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। इस संबंध में डीसी ने तीन दिनों के अंदर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा विगत 6 महीनों में राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को उपलब्ध कराए गये सभी जांच प्रतिवेदनों की कॉपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जांच के दौरान किसी भी कारखाने द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं करने संबंधित कोई भी मामला सामने आने पर तत्काल एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश दिया।

**डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को दिए निर्देश**

बैठक के दौरान डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को तत्काल रूप से जिले में संचालित सभी कारखानो, कारखानों में लगाए गए ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम यथा पीएम 10 एनालाइजर, सीईएमएस आदि, ऑनलाइन मोनिटरिंग सिस्टम की वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही, प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था होने के बावजूद कारखाने से निकलने वाले काले धुएं और फैलने वाले प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कारखाना संचालन के दौरान पूरे समय प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों का का काम करना सुनिश्चित करने और सही तरीके से इसकी जांच संभव हो से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**अवमानना करने वाले कारखानों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश**

कारखानों के सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कारखाने द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना वेस्ट डंप ना किया जाए। इस संबंध में डीसी ने औचक रूप से कारखाने की जांच करने एवं अवमानना करने वाले कारखानों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कारखानों के संचालन में सख्ती से नियमों का पालन करते हुए ही पानी का इस्तेमाल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने जिन कारखानों द्वारा नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। रेलवे साइडिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश। बैठक के दौरान डीसी ने कारखानों व रेलवे साइडिंग में अनिवार्य रूप फायर सेफ्टी सिस्टम का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी कारखाना संचालकों व प्रतिनिधियों को संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान डीसी ने वन प्रमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों को स्थापित करने, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पवन हत्याकांड पर हिंदू संगठन में उबाल, करेंगे प्रशासन और सीएम का पुतला दहन

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले हत्यारोपियों का केसः दीपक मिश्रा

आजाद सिपाही सवांददाता

**रामगढ़।** चर्चित पवन यादव हत्याकांड पर हिंदू संगठन में काफी गुस्सा है। संगठन के लोग प्रशासन के ढुलमुल रवैया अपनाने और केस आईओ द्वारा पीड़ितों का संज्ञान नहीं लिए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। हिंदू संगठन के दीपक मिश्रा ने मामले में कहा कि रामगढ़ के गौ मांस तस्कर और तबरेज जैसे अपराधियों की मौत पर हाय तौबा मचाने वाले तब के विपक्षी दल के नेता हेमंत सोरेन ने सरकार पर मामले को फास्ट्रैक में चलाने का दबाव बनाया था। कांग्रेस सहित सभी सेकुलर कहे जाने वाले नेताओं ने मुआवजा के रूप में लाखों रुपए और नौकरियां दिलवाई थी। पर आज सत्ता में रहने पर भी यही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके तथाकथित सेकुलर घटक दल एक गरीब हिंदू परिवार के पुत्र को एक अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे परिवार जो आदतन अपराधी भी है। उनके द्वारा षड्यंत्र रचकर निर्दयता से चुकुओं से गोद कर मार डाला तो सब चुप हैं । बल्कि ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी की मामले को ढंकने और हल्का करने हेतु सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है । क्या कारण है कि जिस मकान में हत्यारोपी छुपा था अथवा उसके जिस मकान से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया उसकी अभी तक पूर्ण रूप से तलाशी भी नही ली गई है ? और न हीं इस हत्या के लिए उसकाने वाले उसके आरोपी पिता नौशाद हसन को हीं गिरफ्तार किया गया है। **आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन करेंगे हिंदू संगठन के लोगः** उन्होंने कहा कि इसके विरोध में रामगढ़ जिले के सभी हिंदू संगठन और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शनिवार को अपराह्न 3 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर न्याय के लिए अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,आजसू नेता नीरज मंडल,श्रीराम सेना के विशाल जयसवाल एवं पड़ोसी रमेश महतो शामिल होंगे।

# जिले के अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं : हिमांशु चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** जिले के अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। जिले के अधिकारी कभी भी जिले में संचालित योजना का निरीक्षण नहीं करते हैं और कभी भी जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं ली है। सारी योजनायें कागजों पर चलायी जा रही है और दौड़ायी जा रही है। ये बातें झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांषु शेखर चौधरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा। इस मौके पर आयोग की सदस्य शबनम परवीन और जिला आपूर्ति पदाधिकारी खिजरी सलमान रिजवनी भी मौजूद थे। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर चतरा आकर योजनाओं की हकीकत की जानकारी लिया। और अनेक जनवितरण प्रणाली की दूकान का निरीक्षण किया तथा दो विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान आयोग ने बच्चों को दी जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। अध्यक्ष ने कहा कि प्रथम दिन गुरूवार को आयोग जिले के सदर प्रखंड के धमनियां बिरहोर कॉलोनी में बिरहोरों से राषन मिलने की जानकारी ली। बिरहोरों ने आयोग की टीम से स्पष्ट कहा कि जून माह का राषन घोटाला हो गया। इसके पष्चात टीम ने गिद्धौर प्रखंड के जपुआ गांव में एक जनवितरण प्रणाली की दूकान का निरीक्षण किया। इस दौरान बिरहोरों ने डीलर पर एक माह के बाद एक माह राषन देने का खुलमखुल्ला आरोप लगाया। आयोग की टीम ने सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उंटा का निरीक्षण किया। जिसमें मध्याह्न भोजन की सूचि त्रुटिपूर्ण पायी गयी तथा मध्य विद्यालय आरा में मध्याह्न भोजन लकडी पर पकायी गयी थी। जबकि आयोग को बताया गया कि दाल और सब्जी रसोई गैस पर बनायी गयी है और चावल लकड़ी पर बनायी गयी है। लेकिन जांच के क्रम में रसोई गैस की टंकी सभी खाली पडी थी। जिससे स्पष्ट है कि आयोग को झुठी बात बताकर गुमराह किया गया। उंटा में पुछताछ के दौरान स्कूली बच्चों ने बताया कि अंडा एवं फल वगरैह अल्पाहार नहीं दिया जाता है। आयोग की टीम ने जब उपस्थित षिक्षका से पुछताछ किया तो संतोषप्रद जवाब नहीं दे पायी। शहर के मारवाड़ी मुहल्ला स्थित भोला प्रसाद के जनवितरण प्रणाली की दूकान का निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि 9 माह से चीनी का वितरण नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाघिकारी को डीलरों के खिलाफ जांच कर उचित कारवाई करने का निर्देष दिया गया तथा समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी हकीकत की जानकारी लेने का निर्देष दिया गया। इसके साथ ही जिला षिक्षा अधीक्षक को विद्यालय के प्राचार्य या प्रभारी पर जांच कर कारवाई करने का निर्देष दिया गया। निरीक्षण के पष्चात आयोग की टीम ने डीलरों के साथ जनसंवाद कर समय पर निर्धारित मात्रा के साथ खाद्य आपूर्ति करने का सख्त हिदायत दिया। दौरे के दूसरे दिन आयोग की टीम ने स्थानीय डीआरडीए प्रषिक्षण भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की राय एवं समस्याओं से अवगत हुए और अपराह्न में मुखिया के साथ खाद्य आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य लोगों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कर समस्याओं के निराकरण करने तथा सरकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने तथा आम लोंगों तक पहुंचाने का निर्देष दिया। साथ ही काम में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कड़ी कारवाई की चेतावनी भी दिया। आयोग के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला षिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### गरीबों को एक रुपया किलो...

**सरकारी अस्पताल में एक साल सेवा देना अनिवार्यः** सरकारी पारा मेडिकल संस्थानों के छात्र-छात्राओं को 1 साल सरकारी अस्पतालों में सेवा देना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत जो 5 लाख का बीमा होता है, इसके अतिरिक्त कम गंभीर बीमारी योजना के तहत 20 लाख रुपये का सहायता मिल सकेगा। यानी अब 25 लख रुपये तक की बीमारी के लिए स्वीकृति दी गयी।

**पश्चिम सिंहभूम में तीन नये थानों को स्वीकृतिः** कैबिनेट ने पश्चिम सिंहभूम में तीन नये थानों को स्वीकृति दी। सेरेंगदा, लोढाई और गुदड़ी में नये थाने बनेंगे। गुमला जिला अन्तर्गत सिसई पुलिस अंचल के सृजन की स्वीकृति दी गयी। रांची में महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन होगा। यह आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक हो रहा। इसके आयोजन के लिए 13 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। सातवें वेतन आयोग के अनुशंसा के आलोक में सरकारी सेवकों को विभिन्न भत्तों में बदलवा की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत लेवल 15, 16, 17 वेतनमानवाले सभी सरकारी कर्मियों को एक्सक्यूटिव क्लास में हवाई वाहन यात्रा भत्ता मिलेगा। झारखण्ड ऑफ्टर केयर (पश्चात्वर्ती देख-रेख) दिशानिर्देश, 2023 की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत बच्चों के आफ्टर केयर के लिए 25000 रुपये दिये जायेंगे।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** वित्त आयोग अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति नियमावली में संशोधन किया गया। उम्र सीमा 65 वर्ष से बढ़ा कर 70 वर्ष किया गया। राज्य के विभिन्न श्रेणी के पुलिस थाना के समान कार्य के लिए दिये जाने वाले अग्रिम राशि में वृद्धि की गयी। पुलिस संस्करण के ध्रुव हेलिकॉप्टर के लिए संविदा पर पूर्व स्वीकृत 03 (तीन) हेलिकॉप्टर पायलट के अनुबंध राशि बढ़ाने की मंजूरी। दुलकी जलाशय योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहरों के लाइनिंग कार्य के लिए 34.70 करोड़ की मंजूरी। ग्राम पंचायतों में अवस्थित पंचायत भवन में डिजिटल पंचायत केंद्र के स्थापना की मंजूरी। केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत संचालित पोषण अभियान योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश में संशोधन की स्वीकृति। झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा गठित द हाइकोर्ट ऑफ झारखंड (कंडीशंस ऑफ इंगेजमेंट ऑफ को-टर्मिनस इंप्लायाइज) रूल 2019 पर राज्यपाल का अनुमोदन प्राप्त करने के निमित्त प्रस्तावित नियमावली पर स्वीकृति। झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड को 2015-16 में दी गयी 6136 करोड़ रुपये की राशि का 3 बटा 4 हिस्सा अनुदान में और एक बटा 4 हिस्सा पूंजी के रूप में दिये जाने की स्वीकृति। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की स्थापना के उपरांत आवश्यक मदों में व्यय हेतु बीज धन की वृद्धि की मंजूरी। वन टाइम सेटेलमेंट योजना को तीन माह (जुलाई 2023 से सितम्बर 2023) का अवधि विस्तार प्रदान करने की मंजूरी। झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, जन संचार, फैशन डिजाईनिंग / फैशन टेक्नॉलोजी, होटल मैनेजमेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट/ आई० सी० डब्लूए से संबंधित प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था प्रदान कराने के लिए 'मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना' के विस्तृत मार्गदर्शिका की स्वीकृति।

## ग्रामीणों को खिलायी गयी फाइलेरिया की दवा



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)** । प्रखंड के निजरा गांव में फलेरिया उन्नमुलन अभियान चलाया गया। इस दौरान सहिया नीलु देवी एवं आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा संयुक्त रूप से फलेरिया का डोज ग्रामीणों को खिलाया तथा उससे बचने का उपाय बताए। इस अभियान में हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव एवं कुमार विवेक रंजन के द्वारा सहयोग किया गया तथा मन का मिलन पखवाड़ा एवं नालसा से संबंधित जानकारी दिया गया।

## इनरव्हील क्लब ने किया अंतर स्कूल देश भक्ति समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

# सात विद्यालयों के 160 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में लिया भाग

आजाद सिपाही सवांददाता

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में शुक्रवार को गंगा रेजीडेंसी के सभागार में अंतर स्कूल देशभक्ति समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सात विद्यालय के 160 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य राष्ट्र भावना को बढ़ाना देना और उनके गायन कौशल में सुधार लाना ही है। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर ग्रुप में बांटा गया।





### सीनियर और जूनियर

प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर ग्रुप में बांटा गया था। जिमसें, प्रथमज द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रुप के विजेता ये रहे

प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप के प्रथम आर्मी स्कूल, द्वितीय अग्रसेन डीएवी और तृतीय गुरु नानक पब्लिक स्कूल रहे। जबकि, सीनियर ग्रुप के विजेता प्रथम श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, द्वितीय आर्मी स्कूल और तृतीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के रहें। वही, प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में कमल बगड़िया और लखन प्रसाद थे।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

पर क्लब के अध्यक्ष मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, नमित सर्राफ, शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा सर्राफ, श्वेता जैन, प्रियंका जैन, नीति अरोड़ा, जसमीत कौर सोनी, मीरा बगड़िया, उर्मिला बगड़िया, ममता बंसल, मधु अग्रवाल, जसप्रीत कौर, रंजू अरोड़ा, नवलजीत कौर, पिंकी पोद्दार, रंजू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# पाक : एक और चुनावी कवायद

पाकिस्तान सरकार ने एक सुविचारित फैसले के तहत नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। चूंकि असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से तीन दिन पहले इसे भंग किया गया है, इसलिए नियमानुसार अगला चुनाव कराने के लिए 30 दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया है। हालांकि जानकार बताते हैं कि इस बार चुनाव इस समय सीमा के भीतर भी शायद ही हो पायें। वजह यह है कि जनगणना के ताजा आंकड़े औपचारिक तौर पर मंजूर किये जा चुके हैं। यानी अब यह संवैधानिक जरूरत हो गयी है कि जनगणना के नये आंकड़ों के मुताबिक डीलिमिटेशन का काम पूरा करके ही चुनाव करवाये जायें। चुनाव आयोग को इसके लिए करीब दो महीने का अतिरिक्त समय चाहिए होगा। नेशनल असेंबली भंग होने के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को नयी व्यवस्था होने तक पदभार संभाले रहने को कहा गया है, लेकिन अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी किसे मिलती है। इस बार केयरटेकर पीएम पर सामान्य से ज्यादा जिम्मेदारी होगी जिसकी कई स्पष्ट वजहें हैं। पहली बात तो यही कि नये चुनाव कराने और निर्वाचित सरकार के कार्यभार संभालने में कोई अतिरिक्त विलंब नहीं हुआ, तो भी करीब छह महीने लग ही जायेंगे। दूसरी बात, यह सब ऐसे समय हो रहा है जब पाकिस्तान अभूतपूर्व आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में इस केयरटेकर सरकार को अलोकप्रिय होने का खतरा उठा कर भी कुछ कठोर फैसले करने पड़ सकते हैं। देखने वाली बात यह होगी कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति करते समय इस राष्ट्रीय जरूरत का कितना ख्याल रखा जाता है। दूसरे शब्दों में इस पद पर किसी गहरी आर्थिक समझ वाले व्यक्ति की नियुक्ति हो पाती है या नहीं। तीसरी और सबसे अहम बात यह है कि यह चुनावी कवायद शुरू होने से चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय विपक्षी नेता बताये जा रहे इमरान खान को तोशाखाना वाले मामले में न केवल तीन साल जेल की सजा हो गयी, बल्कि पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने और कोई पद संभालने पर भी रोक लग गयी है। हालांकि इमरान खान इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक दोनों लड़ाई लड़ रहे हैं। निचली अदालत के इस फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है, जहां यह मामला चल रहा है, तो एक तो यह बात देखने वाली होगी कि ऊपरी अदालतों से उन्हें कब तक, कितनी और कैसी राहत मिलती है। जहां तक राजनीतिक लड़ाई का मामला है तो पिछली गिरफ्तारी के समय इमरान समर्थकों ने देश में विरोध का जिस तरह का माहौल बना दिया था, वैसा इस दूसरी गिरफ्तारी के समय इमरान की अपील के बावजूद नहीं बन पाया। हालांकि इसके पीछे सरकार की सक्रियता और इमरान की पार्टी के नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी भूमिका है। ऐसे में यह सवाल बना रहेगा कि सर्वाधिक लोकप्रिय विपक्षी नेता को मुकाबले से बाहर करके करवाया जाने वाला चुनाव कितना लोकतांत्रिक माना जायेगा और इसके नतीजे पाकिस्तान को कितनी स्थिरता दे पायेंगे।

**नेशनल असेंबली भंग होने के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को नयी व्यवस्था होने तक पदभार संभाले रहने को कहा गया है, लेकिन अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी किसे मिलती है।**

**काफी हिम्मत करके, कई वर्षों बाद एम्स गया, परंतु वहां का बदला हुआ स्वरूप देख कर ऐसा लगा ही नहीं कि यह वही एम्स है। मेन बिल्डिंग में घुसते ही जगह-जगह न्यू राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी के दिशा-निर्देशक बोर्ड लगे थे। जैसे ही हम अपने गंतव्य पर पहुंचे, वहां पर भीड़ को नियंत्रित और निर्देशित करते हुए मैगामाइक से लैस गार्ड दिखायी दिए। ओपीडी की बिल्डिंग में साफ-सुथरे निर्देशक बोर्ड लगे थे। व्हील चेयर इत्यादि के लिए अलग जगह थी, जहां पर अच्छी-खासी मात्रा में व्हील चेयर और स्ट्रैचर दिखायी दिये।**

# दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का कायाकल्प

**रजनीश कपूर**

देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को लेकर हमेशा सवाल उठाये जाते हैं। सरकारें आती-जाती रहती हैं और वे दावा करती हैं कि देश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनायेंगी, पर अधिकतर राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बेहाल है। स्वास्थ्य मंत्रालयों के पास इन सबके लिए बड़ा बजट भी होता है। परंतु इस दिशा में उस गति से कार्य नहीं होते, जिस गति से होने चाहिए। ज्यादातर पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। इसलिए देश भर से मरीज इलाज के लिए दिल्ली के एम्स का रुख करते हैं। इसी कारण यहां पर मरीजों की भीड़ लगी रहती है। परंतु आज जिस अनुभव को आपके साथ सांझा कर रहा हूं, वह आपको अच्छा लगेगा।

कुछ दिन पहले दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाना हुआ। चूंकि मेरा नाता एम्स के साथ सन 1991 से है, इसलिए वहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हूं, परंतु जैसे ही मुझे पता चला कि एम्स की न्यू राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी में जाना है, तो उत्सुकता जागी कि यह कब बनी? मेरे जहन में तो पुरानी ओपीडी की वही बिल्डिंग थी, जहां मरीज और उनके तीमारदारों की लंबी-लंबी कतारें होती हैं। लिफ्ट के बाहर भी ऐसा ही हाल होता था। ओपीडी में डाक्टर के कमरों के बाहर घुटन भरे माहौल में जाने से जी घबराता था। यदि किसी को व्हील चेयर या स्ट्रैचर चाहिए, तो वहां पर काफी संघर्ष करना पड़ता था। उसके बाद भी सही से चलने वाली व्हील चेयर मिले तो आपकी किस्मत अच्छी है। निर्धारित समय पर यदि डॉक्टर अपने कक्ष में मिल जाये तो सोने पे सुहागा। यही हाल जांच विभाग का भी था, मशीनें तो थीं, पर वे सही से चलें, इसकी गारंटी नहीं। एमआरआइ जैसी जांचों के लिए आपका नंबर कब आयेगा, यह भगवान भी नहीं बता सकते।

**सरकार को भी चाहिए कि देश भर में अधिक से अधिक मात्रा में दिल्ली एम्स जैसे आधुनिक सुविधाओं वाले अस्पताल खोले।**






**देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास अच्छा-खासा बजट है। यदि सही दिशा में और सही ढंग से इस बजट को इस्तेमाल किया जाये, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरे देश में दिल्ली के एम्स जैसे कई अस्पताल खुल जायेंगे। देश भर के दूर-दराज इलाकों से आने वालों को इलाज के लिए दिल्ली न आकर अपने नजदीकी एम्स में ही जाना होगा।**

इन सब पुरानी यादों को दिमाग में रखते हुए, काफी हिम्मत करके, कई वर्षों बाद एम्स गया, परंतु वहां का बदला हुआ स्वरूप देख कर ऐसा लगा ही नहीं कि यह वही एम्स है। मेन बिल्डिंग में घुसते ही जगह-जगह न्यू राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी के दिशा-निर्देशक बोर्ड लगे थे। जैसे ही हम अपने गंतव्य पर पहुंचे, वहां पर भीड़ को नियंत्रित और निर्देशित करते हुए मैगामाइक से लैस गार्ड दिखायी दिए। ओपीडी की बिल्डिंग में साफ-सुथरे निर्देशक बोर्ड लगे थे। व्हील चेयर इत्यादि के लिए अलग जगह थी, जहां पर अच्छी-खासी मात्रा में व्हील चेयर और स्ट्रैचर दिखायी दिये। लिफ्ट के पास भी भीड़ काफी व्यवस्थित दिखायी दी। पूरी बिल्डिंग के वातानुकूलित होने के कारण किसी भी तरह की घुटन का एहसास नहीं हुआ।

संबंधित विभाग की ओपीडी पर पहुंचते ही वहां पर इंतजार कर रहे मरीजों के बैठने की भी उचित व्यवस्था थी। डॉक्टर को सहयोग करते हुए गार्ड भी मरीजों से काफी मधुरता से पेश आ रहे थे। डॉक्टर के कक्ष में भी काफी साफ-सफाई दिखायी दी और आधुनिक मशीनें भी सुचारू रूप से चलती नजर आयीं।

2020 में शुरू हुई इस न्यू राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी में अभी कुछ डिपार्टमेंट ही चालू किये गये हैं। साइकेट्री, ऑर्थोपेडिक, मेडिसिन, जीरिएट्रिक मेडिसिन, स्किन, एंडोक्रोनोलॉजी, इएनटी, मातृ एवं शिशु, सर्जरी, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग, आदि शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इन नयी बिल्डिंगों के खंडों की योजना 2010 में शुरू हुई थी। 2013 में एम्स के तत्कालीन निदेशक डॉ (प्रोफेसर) एमसी मिश्रा के कार्यकाल में ये खंड बन कर तैयार हो गये थे। लंबे इंतजार के बाद जनता के लिए इसे 2020 में खोला गया। 570 कमरों वाले इस नये ओपीडी ब्लॉक में हर मंजिल पर करीब 500 लोगों के बैठने की सुविधा है। इस नयी ओपीडी बिल्डिंग की खास बात यह है कि दिव्यांग मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्था की गयी है।

स्वचालित सीढ़ियों से लिफ्ट पर ज्यादा भार नहीं पड़ता और भीड़ नियंत्रण में भी काफी सुविधा रहती है। इसी तरह एम्स के कैंपस में प्रवेश और निकासी की व्यवस्था भी काफी सुचारू है। पार्किंग की कोई समस्या न हो, इसलिए भूमिगत पार्किंग में भी कई तल बनाये गये हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो एम्स की न्यू राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी में जाकर एक बेहद ही अच्छा अनुभव हुआ। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास अच्छा-खासा बजट है। यदि सही दिशा में और सही ढंग से इस बजट को इस्तेमाल किया जाये, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरे देश में दिल्ली के एम्स जैसे कई अस्पताल खुल जायेंगे। देश भर के दूर-दराज इलाकों से आने वालों को इलाज के लिए दिल्ली न आकर अपने नजदीकी एम्स में ही जाना होगा। सरकार को भी चाहिए कि देश भर में अधिक से अधिक मात्रा में दिल्ली एम्स जैसे आधुनिक सुविधाओं वाले अस्पताल खोले, जहां मरीजों को कम खर्च में बेहतर से बेहतर इलाज मिले। जाहिर-सी बात है कि यदि जनता के कर का पैसा ईमानदारी और पारदर्शिता से जनता के विकास पर लगेगा तो हर चुनावों से पहले सरकार के पास भी जनता को बताने के लिए ठोस आंकड़े होंगे। चुनावी वायदों को सुन-सुन कर थक चुकी जनता को सरकार पर विश्वास तभी होगा, जब जनता के विकास के लिए जमीनी स्तर पर कुछ ठोस नजर भी आयेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### +2 हाइ स्कूल विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक

# दिघी हाइ स्कूल का होगा सर्वांगीण विकास : विधायक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोड़ाम।** जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के भुला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित +2 हाई स्कूल दिघी में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक आयोजित की गयी। शुक्रवार को बैठक में झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। स्कूल परिसर में छात्रों के द्वारा स्वागत गीत और छऊ नृत्य प्रस्तुत कर विधायक का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णय लिया। इस दौरान विधायक ने छात्रों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। बैठक में विद्यालय हित व छात्र हित में स्कूल का छत व खिड़की मरम्मत करने, साउंड सेट उपलब्ध कराने, खरीदने का निर्णय लिया गया। स्कूल के विकास में समिति के अध्यक्ष सह विधायक मंगल कालिंदी ने सहमती जतायी। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, पटमदा बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपोदो महतो, ईशान चंद्र मुर्मु, रेबोती गोप, वृंदावन महतो आदि उपस्थित रहे।

### एसएसपी प्रभात कुमार ने कांड के अनुसंधानकर्ताओं के लिए घोषित किया इनाम

# एएसआइ गुरुदयाल सिंह मुंडा हुए सम्मानित

**जिले में पहली बार एएसआइ ने 35 दिनों में चार्जशीट सौंप कर सजा दिलवायी**

**आरोपियों को मिली तीन-तीन साल की सजा और दो-दो हजार रुपये का जुर्माना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी जिले में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। जमशेदपुर पुलिस के लिए यह गर्व की बात है। बिष्टुपुर थाने में पदस्थापित एएसआइ गुरुदयाल सिंह मुंडा ने बीते 5 जुलाई को टिस्को में हुई चोरी के मामले में 6 जुलाई को एफआइआर दर्ज के साथ 35 दिनों में चार्जशीट सौंप कर आरोपियों को सजा दिलाने में कामयाबी हासिल की। शुक्रवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस के कार्यशैली से संतुष्ट दिखे। उन्होंने एएसआइ गुरुदयाल सिंह मुंडा को चैंबर में बुला कर 5000 नगद पुरस्कार एवं एक प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया। इतना ही नहीं, एसपी में सम्मानित हुए एएसआइ बगल के कुर्सी में बैठा कर उनके कार्य का सराहना की, ताकि जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी अपने कार्य के प्रति सचेत हो सके।

जिले पुलिस कप्तान प्रभात कुमार ने बताया पुलिस अनुसंधानकरताओं के लिए नयी योजना की शुरुआत की गयी। नयी योजना में कांड के त्वरित उद्भेदन करने एवं आरोपियों को सजा दिलाने वाले अनुसंधानकर्ताओं के लिए 10 से 25 हजार तक का नगद इनाम देने का घोषणा की गयी। इस अवसर एसएसपी ने कहा बिस्टुपुर पुलिस दो आरोपियों को 35 दिनों के अंदर सजा दिलाने में सफल होने पर एएसआइ एवं बिस्टुपुर थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया। साथ ही आगे और बेहतर कार्य करने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्यायालय ने दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा व दो-दो हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना सुनायी है। पहली बार जमशेदपुर पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मिली है। इससे अनुसंधानकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही लोगों का पुलिस एवं न्यायालय के प्रति आस्था सुदृढ़ होगी। एसएसपी ने बताया जिले के 42 ऐसे मामलों की सूची तैयार की गयी। सभी मामले का उद्भेदन एक महीने के अंदर करने का निर्देश दिया गया।

वहीं एसएससी ने कार्यालय सभागार में सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक में एएसआइ गुरुदयाल सिंह मुंडा के पुलिसिया कार्य पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने जिले के सभी पुलिस अनुसंधानकर्ताओं को समय के साथ कार्यशैली में बदलाव लाने की निर्देश दिया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया जिले में अवैध नाश के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में पूर्वी सिंहभूम को अवैध नाश मुक्त जिला बनाने का प्रयास होगा। इसके लिए जनता के सहयोग अपेक्षित है।

# पैसेंजर ट्रेन लेट चलने से यात्रियों में आक्रोश, जमकर विरोध, मिला आश्वासन



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** बीते कई दिनों से चक्रधरपुर टाटा पैसेंजर ट्रेन लेट चलने से यात्रिओ में आक्रोश याप्त है। शुक्रवार को आक्रोशित यात्रियों ने गम्हरिया सिनी स्टेशन के बीच क्रॉसिंग में ट्रेन रुकने से जम कर हंगामा मचाया। वही सैकड़ों की संख्या में यात्री का विरोध लगभग दो घंटे तक जारी रहा। यात्रियों के अनुसार पैसेंजर ट्रेन में चक्रधरपुर, राजखरसावां, सीनी गम्हरिया जैसे दर्जनों स्टेशन से यात्रा करने वाले डेली पैसेंजर आवागमन करते है। मजदूर ट्रेन से आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए आते है। प्रतिदिन ट्रेन बिलंब होने से मजदूर रोजगार से बंचित हो रहे है। जिसका खामियाजा परिवार में भुगतना पड़ता है। शिकायत के बाद भी समय से ट्रेन नहीं पहुंचती है। शुक्रवार को ट्रेन जगह-जगह रुकते हुए काफी लेट हो चुकी थी। वही यशपुर फाटक के पास खड़ी हो गयी, जिससे यात्रियों का आक्रोश फूट उठा और विरोध शुरू हो गया। उधर सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस एवं अधिकारी पहुंच कर यात्रियों को भरोसा दिलाते हुए समय पर ट्रेन चलने का आश्वासन दिया।

# 'मेरी माटी मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' अभियान की व्यापक तैयारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा महानगर के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने आजादी के अमृत महोत्सव का समापन में 'मेरी माटी मेरा देश' व 'हर घर तिरंगा' अभियान को जोरदार ढंग से मनाने की तैयारी की है। साकची के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से 13 अगस्त प्रारंभ होने वाले 'मेरी माटी मेरा देश' व 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में बिस्टुपुर प्रधान डाकघर से राष्ट्रीय ध्वज क्रय किया गया। नोडल पदाधिकारी दिवाकर कुमार दीपक ने जिलाध्यक्ष को तिरंगा झंडा सुपुर्द किया। मौके पर सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, बिनोद सिंह, अमित अग्रवाल, अभिमन्यु सिंह, शशांक शेखर और संतोष कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

# खुदीराम का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और साहस की प्रेरणा देता रहेगा : काले

**खुदीराम जैसे क्रांतिकारियों से ही हमारी पहचान हैं : बृजभूषण**

**देश की आन-बान और शान के लिए खुदीराम बोस ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया : राजीव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर सामाजिक संस्था नमन द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में मातृशक्ति, युवा शक्ति एवं गणमान्यों की उपस्थिति में उन्हों अपनी भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। एक बार विदाई दे मां, घूरे आसी। हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतबासी। का अमर गीत गुनगुना भावुक हो अमरप्रीत सिंह काले ने उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में कुछ नौजवानों का बलिदान इतना उद्वेलित करने वाला था कि उसने पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम का रूख बदलकर रख दिया, इनमें एक नाम खुदीराम बोस का है, जिन्हें 11 अगस्त 1908 को फांसी दे दी गयी। आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है, खुशनसीब होता है वो खून जो देश के काम आता है'। ये पंक्तियां अक्सर उन स्वतंत्रता सेनानियों के लिए गुनगुनायी जाती रही हैं जिन्होंने खुद को देश के लिए कुर्बान कर दिया।



इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बृज भूषण सिंह ने कहा कि- राष्ट्र के प्रति अमर शहीद खुदीराम बोस का अमर प्रेम नई पीढ़ी और देशवासियों को हमेशा ही प्रेरणा देता रहेगा। देश को अंग्रेजों की दास्तां से मुक्ति दिलाने की खातिर अनेकों क्रांतिकारियों ने संघर्षपूर्ण प्रयत्न करते हुए हंसते-हंसते देश की खातिर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, हमें ऐसे क्रांतिकारियों और शहीदों का हमें सम्मान करना चाहिए। कम उम्र में ही खुद को राष्ट्र के लिए कुर्बान करने वाले अमर शहीद खुदीराम बोस को नमन।

इस मौके पर रामकेवल मिश्रा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में खुदीराम बोस का नाम अमिट है। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीद खुदीराम बोस में वतन के लिए मर मिटने का जज्बा कुछ ऐसा था जो भावी पीढ़ी को सदैव देशहित के लिए त्याग, सेवा और कुर्बानी की प्रेरणा देता रहेगा।

इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रबुद्धजनों ने अपने अपने विचार रख उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी संचालन राजीव कुमार ने एवं धन्यवाद ज्ञापन रिया मित्रा ने किया। इस मौके पर अमिताभ चटर्जी, बंटी सिंह, जितेन्द्र चावला, बाबू तिवारी, बिपिन झा, बी के शर्मा, अमरजीत सिंह, प्रमिला शर्मा, महेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह निक्कू, सतिंदर सिंह रोमी, कश्मीर सिंह, पंकज वर्मा, लाला जोशी, पप्पू राव, महेश मिश्रा, जूगुन पांडे, डी मनी, लख्खी कौर, कमलजीत कौर, ममता पुष्टि, कोमल कुमारी एवं अन्य ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव मुख्यमंत्री से मिले



**101 कन्याओं के विवाह में शामिल होने के लिए दिया आमंत्रण पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के टाउन हॉल में आयोजित 101 निर्धन हिन्दू एवं मुस्लिम कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह को सफल करने हेतु संस्था सचिव विकाश कुमार माली झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रशासनिक सहयोग एवं 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र देकर समय निर्धारण के लिए अनुरोध किया। मौके पर संस्था के सचिव ने बताया कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाने एवं सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूक करने का कार्य करती है। जो कि विगत 13 वर्षों से गया जिला से शुरू कर बिहार-झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों में कार्य विस्तार करते हुए लगभग 13 हजार कन्याओं को उनके विवाह स्थल पर एवं हजारों कन्याओं का सामूहिक विवाह राज्य के मंत्रीगण, प्रशासनिक पदाधिकारी, समाजसेवी के समक्ष संपन्न कराकर उपहार स्वरुप घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुएं जैसे गोदरेज, पलंग, ट्रंक, बर्तन शेट, तोषक, रजाई, कुकर, वर-वधू वस्त्र आदि देकर सम्मान पूर्वक विदा कर चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकल्पित है और समाज में व्याप्त बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए सदा तत्पर है।

मौके पर कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा हासिबुल्लाह अंसारी, अररिया जिला प्रबंधक ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

# युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार पाने की दी गयी जानकारी

**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी व श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना हेतु शुक्रवार को रोजगार मेला हेतु प्रखंड कार्यालय के सभागार में युवाओं व युवतियों को स्वरोजगार तथा रोजगार पाने हेतु कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन से दुर्गेश तिवारी ने गूगल रीड अलोंग की विस्तृत जानकारी दी। वहीं एमजीएनएफ फेलो कौशल विभाग से सौरभ कुमार ने झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी, कौशल प्रशिक्षण केंद्र जैसी योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावे सभा में उपस्थित 18 से 35 वर्ष के सभी युवकों व युवतियों को सिलाई, अंग्रेजी बोलना, कंप्यूटर चलाना, व्यवहारिक कौशल , सॉफ्ट स्किल की भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि दो माह व शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास की जानकारी सहित कई तरह की महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। सही तरीके से प्रचार प्रसार नहीं होने की वजह से कांडी प्रखंड के सैकड़ों युवा इस कार्यक्रम से वंचित रह गए। कार्यक्रम में स्किल सेंटर भवनाथपुर के संचालक विकास कुमार व दक्ष्य एकेडमी गढ़वा की ओर से यमुना प्रसाद सहित कई युवक व युवती कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# रंका अनुमंडल में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन और परेड की तैयारी शुरू

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के राजकीयकृत उच्च विद्यालय के मैदान में पहली बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सार्वजनिक झंडोत्तोलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस के जवानों एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा परेड की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस परेड की तैयारी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रंका, परियोजना कन्या उच्च विद्यालय रंका, संत जोसेफ उच्च विद्यालय विश्रामपुर, वन विभाग रंका, रंका थाना, अनुमंडल एवं जिला पुलिस बल तथा रंका राजकीय कृत्य उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक सप्ताह पूर्व से परेड का अभ्यास जारी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर बच्चों एवं शिक्षकों में काफी उत्साह का वातावरण बना हुआ है। अपने-अपने विद्यालयों के बच्चों को गीत, संगीत, नृत्य, नाटक का मंचन तथा अन्य खेलकूद गतिविधि के लिए तैयारी विद्यालय स्तर पर जोर शोर से हो रही है। रंका अनुमंडल के प्रथम सार्वजनिक झंडोत्तोलन कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए अनुमंडल की दस महत्वपूर्ण व्यक्तियों का एक दल का निर्माण बीडीओ देवानंद राम की अध्यक्षता में किया गया है।

**प्रदर्शन :** राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में भाजयुमो ने आक्रोश मार्च निकाला

# झामुमो सरकार में युवाओं से छल किया जा रहा है : ओमप्रकाश केशरी

**सरकार छात्र युवा विरोधी अध्यादेश को तत्काल वापस ले अन्यथा भाजयुमो चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगा : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में आक्रोश मार्च जिला कार्यालय से समाहरणालय गढ़वा तक निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 वापस लो.. जैसे अनेकों नारे कार्यकर्ताओं ने लगाये। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल झारखंड के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र सौंपा गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार छात्र युवा विरोधी है। हेमंत सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 (काला कानून) लाया है इससे छात्र युवा का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं को छलने का काम किया जा रहा है। हेमंत सरकार झारखंड में हिटलरशाही चला रही है युवाओं को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अब युवा मौन नहीं बैठेंगे। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि झामुमो सरकार युवा विरोधी सरकार है। युवाओं के आवाज को दबाने के लिए तरह तरह का अनर्गल नियम कानून बना रहा है। जिससे युवाओं की आवाज को दबाया जा सके। लेकिन अब सबको मिलकर ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा, तभी झारखंड का भला होगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक लाकर छात्र युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब युवा विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा तैयार हैं। गांव शहर हर जगह युवाओं में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार युवा विरोधी जन विरोधी सरकार है। आनेवाले समय में युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा समुदाय संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार छात्र युवा विरोधी अध्यादेश को तत्काल वापस ले अन्यथा भाजयुमो गढ़वा जिला के तमाम छात्र युवा के लिए चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगा। भाजयुमो कार्यकर्ता छात्रों युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश धर दुबे, मीरा यादव, पार्वती सिंह, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, बिपिन तिवारी, मनीष गुप्ता, टुना बाबा, राम उनय तिवारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, उदय कुशवाहा, बसंत प्रसाद, लखन चौधरी, कंचन पांडेय, देवकांत ओझा, बलराम यादव, ज्ञान रंजन चौबे, सकेन्द्र चौधरी, रविन्द्र प्रसाद, गिरीवर यादव, नंदु चौधरी, जितेन्द्र चंद्रवंशी, श्रवण तिवारी, राजेन्द्र गुप्ता, बैजनाथ शुक्ल, वेदप्रकाश तिवारी, नयमुद्दीन खान, योगेन्द्र गुप्ता, लाल बिहारी यादव, पन्ना सिंह, नशरुद्दीन अंसारी, विजय तिवारी, सुमीत तिवारी, खुर्शीद आलम, मुन्ना तिवारी, शेखर धर दुबे, रितेश अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, छोटु मेहता, रविन्द्र यादव, विष्णुदेव यादव हरिहर मेहता सत्यनारायण ठाकुर सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# प्रतियोगी परीक्षा विधेयक मेहनती अभ्यर्थियों के पक्ष में है : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**झामुमो प्रवक्ता ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक का विरोध को बेतुका बताया**

**कहा- भाजपा कदाचार और भ्रष्टाचार की पक्षधर है**



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता धीरज दुबे ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा विधेयक का विरोध को बेतुका और बेबुनियाद बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा अपने व्यवहार के अनुरूप पुनः लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। जबकि यह विधेयक गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पहले से लागू है। ऐसे में झारखंड में भाजपा के विरोध से साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी कदाचार और भ्रष्टाचार की पक्षधर है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए यह विधेयक अति आवश्यक है क्योंकि यह विधेयक अब परिक्षाओं में होने वाली नकल और अनुचित साधनों के उपयोग और अनियमितताओं पर नकेल कसने का एक कारगर उपाय साबित होगा। 17 वर्ष तक झारखंड में शासन करने वाली भाजपा के कार्यकाल के दौरान कई परीक्षाओं में पेपर लीक होने, परीक्षा में सेटिंग तथा परीक्षा केंद्रों पर अनियमितता का मामला सामने आया, संबंधित कई मामले न्यायालय तक पहुंचे परंतु पूरे जनजालों में नुकसान सिर्फ यहां के मेहनती छात्रों एवं अभ्यर्थियों का ही हुआ।

# सेल के कम्युनिटी हॉल पर अवैध कब्जा की सूचना पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कब्जा के उद्देश्य से सफाई में लगे पानी टैंकर को प्रशासनिक टीम ने किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल के कम्युनिटी हॉल को अवैध रूप से कब्जा किए जाने की सूचना पर सेल के भूसंपदा पदाधिकारी सह कार्मिक प्रबंधक बी दिगल, सहायक प्रबंधक राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर कम्युनिटी हॉल का जायजा लिया।

सेल के आवासीय परिसर में सेल का कम्युनिटी हॉल स्थित है, जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जिसमें सूचना के अनुसार कुछ लोगों के द्वारा कम्युनिटी हॉल को कब्जा के लिए सफाई की जा रही थी। प्रशासनिक टीम ने मौके पर से अरसली उत्तरी पंचायत का सरकारी पानी टैंकर जब्त कर लिया। बताया गया कि कम्युनिटी हॉल में कुछ लोग कब्जा कर मुर्गी फार्म खोलने की फिराक में थे। इसी बीच सीआईएसएफ द्वारा महाप्रबंधक मनोज कुमार को इसकी सूचना दी गई। प्राप्त सूचना के आलोक में भूसंपदा पदाधिकारी बी दिगल ने मौके पर पहुंचकर टैंकर को जब्त किया। अरसली उत्तरी पंचायत का सरकारी पानी टैंकर यहां कैसे पहुंचा इसकी जांच थाना पुलिस व सीआईएसएफ कर रही है। टैंकर को जब्त कर प्रशासनिक भवन में लगाया गया है। सेल अधिकारी बी दिगल ने बताया कि स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है, साथ ही कम्युनिटी हॉल को ध्वस्त करने के लिए बोकारो को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि सेल के आवासीय परिसर में बहुत सारे लोग क्वार्टर को भी अवैध कब्जा किए हैं, जिसे लेकर सेल प्रबंधन कार्रवाई के मूड में है।

मौके पर सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा मधुसूदन महेश्वरी, थाना के एएसआई रब्बुल अंसारी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# एनपीयू के कुलपति तपन शांडिल्य का राजकीय मवि, नगर उंटारी में किया गया स्वागत



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य सपरिवार शुक्रवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी पहुंचे। कुलपति के आगमन पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने सत्यम शिवम सुंदरम व टन टन घण्टी बजे- स्कूल चले हम गाने, पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य व शिक्षाप्रद गीत सुनकर कुलपति काफी प्रभावित हुए तथा छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुये कहा कि यहां सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एक परिवार की तरह रहकर कार्य करते हैं, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व वर्ग व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने तथा विद्यालय के शिक्षकों ने बुके देकर कुलपति को सम्मानित किया। मौके पर कुलपति कार्यालय के सहायक राजीव मुखर्जी, श्री सद्गुरु जगजीतसिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, प्रो. सरोज कुमार, शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, मीरा कुमारी, शशि कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधरोपण




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीणा अग्रवाल की अध्यक्षता में मथुरा बांध परिसर में पौधरोपण किया गया। नीम, अमरूद, नींबू, शीशम, पीपल, पपीता, इत्यादि का पौधा लगाया गया। मौके पर सचिव मीना देवी, पुष्पा अग्रवाल, सुशमा केशरी, श्वेता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, गायत्री देवी, रिंकी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन वेबिनार आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में आज शुक्रवार को एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चुनौतियां और संभावनाएं गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉक्टर सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नई शिक्षा नीति को भारत के शैक्षिक विचारों का दर्पण कहा प्रथम वक्ता के रूप में डॉ रूपम कुमारी सह प्रधानाध्यापक डायट चितरपुर रामगढ़ झारखंड ने नई शिक्षा नीति पर विस्तृत रूप से अपने विचार को प्रस्तुत किया द्वितीय वक्ता के रूप में डॉक्टर दीपशिखा सह प्रधानाध्यापक फ्लाहे उम्मत गर्ल्स डिग्री कॉलेज भदोही उत्तर प्रदेश के नए शिक्षा नीति पर अपना विचार प्रस्तुत किया भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस वेबिनार में विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक और प्रशिक्षु ने ऑनलाइन भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाया। महाविद्यालय से इस कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं बीएड एवं डीएलएड के सहायक प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी, अशोक कुमार यादव, जनार्दन शुक्ला, आनंद कुमार चौबे, डॉ आशुतोष मिश्रा, अभिमन्यु शुक्ला, राकेश कुमार सिंह, शशिकांत सिंह यादव, ओमप्रकाश, सुधीर कुमार धर दुबे, बीएन सिंह आदि ऑनलाइन जुड़े रहे। ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आशुतोष मिश्रा के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम :** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

# प्लांट से ही प्लानेट की रक्षा संभव : एमपी केसरी

**विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की दिलायी गयी शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी.एन. स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। बदलते परिवेश में पर्यावरण असंतुलन का दुष्प्रभाव पूरे विश्व में जो दिखाई दे रहा है उसकी रक्षा करना समस्त मानव के लिए आवश्यक है। लापरवाही बरतने का अर्थ है स्वयं का विनाश। धरती की बढ़ता तापमान पूरे जीवों को हासिए पर खड़ा कर दिया है। विश्व इस विकट संकट को झेल रहा है। प्रकृति एवं प्राकृतिक क्षेत्रों से छेड़-छाड़ करने के परिणामस्वरूप पर्यावरण के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण जागरूकता अभियान का उद्देश्य वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को जागरूक करना है।मानव जाति के कल्याण एवं अस्तित्व के लिए पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार आवश्यक है। विद्यालय में 'इको क्लब' की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई है जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, जल संचय, खेतों में प्राकृतिक खादों का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है।विदित है कि पर्यावरण और प्राणी एक दूसर का पूरक हैं। अधिक जनसंख्या, जल का दुरुपयोग, वैज्ञानिक प्रयोग, वैज्ञानिक प्रयोग, ओजोन परत का नुकसान, वनों की कटाई आदि मानव जाति के लिए गंभीर खतरा है। पर्यावरण नहीं तो जीवन नहीं। इसके अनदेखी से -कई प्राकृतिक आपदाएँ पूरे विश्व में अपना प्रभाव दिखा रही है।

विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण निदेशक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। बच्चों द्वारा लाए गए रंग-बिरंगे गमलो में लगे पौधों को विद्यालय परिसर में स्थापित किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता एवं चित्र-कला के प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण के प्रति अपनी लगाव को प्रदर्शित किया। विभिन्न कार्यक्रमों में अव्वल रहे छात्र- छात्राओं को निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश कुमार भारती, खुर्शीद आलम, नरेन्द्र सिन्हा, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। वहीं मंच का संचालन स्कूल कैप्टन शिवम कुमार और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संजीव कुमार ने की।

# शहीदों की याद में एनएसएस ने किया पौधरोपण

**'मेरी माटी मेरा देश' के तहत सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज एनएसएस इकाई ने किया कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहीदों एवं वीर सैनिकों की याद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अर्न्तगत सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर तथा एडॉप्टेड विलेज उड़सुगी में 75 विभिन्न पौधे लगाए गए। इस कड़ी में शुक्रवार को पुनः महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों तथा देश की सुरक्षा में जान न्यौछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को देश पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी रखी। इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि वीर सेनानी सरहद पर देश की सुरक्षा करते हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज से जुड़ी समस्याओं के निदान में सहयोग करने का प्रयास करते हैं। साथ ही पर्यावरण की रक्षा के प्रति समर्पित होकर पौधरोपण का कार्य कर रहे हैं। कुल 75 पौधे महाविद्यालय परिसर तथा गोद लिये गये गांव में लगाए गए। उन्होने इसके लिए पर्यावरण परिवार का भी आभार जताया। मौके पर डा. अरुण कुमार तिवारी, डा. बिनोद कुमार द्विवेदी, डा. उमेश सहाय, प्रो. अखिलेश पाठक, प्रो. भरत उपाध्याय, गुलाम नबी आजाद, हिमांशु गुप्ता, मनीष तिवारी, प्रखर प्रत्युष, आदर्श तिवारी, वंदना कुमारी, सना परवीन, सुहाना सफर आदि उपस्थित थे। मौके पर छायादार, फलदार, औषधीय आदि पौधे लगाए गए।

## हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक चलेगा

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 अगस्त 2023 तक चलेगा। इसमें देश के कोई भी नागरिक अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। बीते वर्ष इस अभियान की शुरुआत की गयी थी जब यह अभियान 13 से 15 अगस्त तक देशभर में चलाया गया था। तब देश में 23 करोड़ घरों में लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। साथ ही, 6 करोड़ लोगों ने अपनी सेल्फी पोर्टल पर अपलोड की थी। जिला जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा की ओर से नागरिकों से अपील की जाती है कि जब वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं तो उसे अभियान के वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड भी करें। अगर अपने सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं तो सेल्फी अपलोड करते हुए ऑफिशियल हैशटैग #HarGharTiranga का उपयोग करें।

## शहीद सिपाही एसएन लोहार और शहीद हवलदार बीटी भगत के घर की मिट्टी एकत्रित की गयी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान के तहत शुक्रवार को कैरो प्रखंड के हनहट ग्राम में शहीद सिपाही एसएन लोहार और एड़ादोन में शहीद हवलदार बीटी भगत के घर की मिट्टी एकत्रित की गयी। साथ ही, पंच प्रण अंतर्गत देश को विकसित बनाने, गुलामी की मानसिकता की जड़ को निकाल फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्यबद्ध रहने, नागरिक के कर्तव्य निभाने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और भारत को वर्ष 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करने की शपथ ली गयी। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## मिट्टी संग्रहण और पंच प्रण शपथ कार्यक्रम का आयोजन




भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गांवों से मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम और पंच प्रण शपथ कार्यक्रम का आयोजन भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत में किया गया। कार्यक्रम के तहत पूरी विधि विधान के साथ देवी मंडप से पवित्र मिट्टी उठाया गया। तथा इसी प्रकार पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले गांव टोटो, बेदाल, बुड़का से भी मिट्टी एकत्रित कर पंचायत भवन मसमानो में रखा गया। तय कार्यक्रम के अनुसार उसे प्रखंड मुख्यालय लाया जायेगा। इसके पश्चात पंच प्रण शपथ कराया गया। साथ ही दीप प्रज्जवलित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, बीपीओ अभिषेक किशोर, ग्राम प्रधान सुकरा पहान, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, बीपीएम विजय कुमार, पंचायत सचिव रउफ अंसारी, पंचायत सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, जेएसएलपीएस की रीना देवी, सुनिता देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोग को लेकर कैंप का आयोजन




लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी कार्यालय में एलसीडीसी (प्रथम चक्र) में पाये गये संभावित कुष्ठ रोगियों के जांच के लिए कैंप आयोजित कि गयी। आज के आयोजित कैंप में 48 संभावित कुष्ठ रोगी का जांच डॉ सिध्दार्थ विश्वाल, डॉ राजेश कुमार, काशीनाथ चक्रवर्ती, द्वारा की गयी। जिसमें 3 रोगियों की पुष्टि के बाद में उपचार प्रारंभ कर दिया गया है। सदर अस्पताल में कैंप के उपरांत में स्टेट एन एल आर और जिला टीम के द्वारा जिला मुख्यालय के राजहर क्षेत्र में क्षेत्र भ्रमण किया गया और कुछ रोगियों का दवा नियमित समय पर सेवन करने के लिए कहा गया, जिनके पास में दवा समाप्त हो चुका था उन्हें दवा भी वितरिण किया गया। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दरम्यान में 1 नये कुष्ठ रोगी का खोज भी किया गया है।

## बीडीओ ने कार्य प्रगति का लिया जायजा



सेन्हा - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पंचायत समिति की बैठक में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में संचालित विकास योजना का समीक्षा करते हुए नये योजनाओं का चयन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। उक्त बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकार, आपूर्ति पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षक, कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पंचायत समिति समीक्षा बैठक के कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए बारी बारी से संबंधित विभाग के कार्य पर प्रकाश डाला गया। इसी के साथ आई फ्लू संक्रमण को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा और बचाव पर सुझाव प्राप्त किया गया। आपूर्ति विभाग के माध्यम से जनवितरण प्रणाली दुकान द्वारा लाभुकों के बीच किया गया राशन वितरण एवं सोना सोबरन योजना का समीक्षा किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून, दुर्गा राम, प्रीति देवी, पूनम उराँव, जेई संजीत कुमार प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल



सेन्हा - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल में डिस्कभर बाइक चालक शराब के नशे में ट्रक के पीछे अनियंत्रित हो धक्का मार दिया। जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर गया। जिससे उसके चेहरे में चोटें आयी है। सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घायल को निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। वहीं घायल की पहचान कोरांबे निवासी मिरजु उराँव के 35 वर्षीय पुत्र सुनील उराँव तथा रामचंद्र चिक बड़ाइक के 22 वर्षीय पुत्र लक्ष्मीनारायण चिक बड़ाइक के रूप में किया गया। बताया जाता है कि घटना के पूर्व दोनों बजाज कंपनी के बाइक पर सवार हो नशे के हालत में लोहरदगा से घर जा रहा था। कि नशे के कारण आंख झपकते ही जा रही ट्रक के पीछे टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक सुनील उराँव के चेहरे में चोट आया है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ संजीत आनंद द्वारा बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरा युवक को हल्की चोटें आने की बात बतायी जा रही है।

# एनएच के ठेकेदार पर 39 लाख का सर्टिफिकेट केस

**विजय कुमार साहू इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिछले लंबे समय से लोहरदगा जिले में एनएच पर काम किया जा रहा है। बताया गया कि, कुडू, लोहरदगा, घाघरा से गुमला तक एनएच सड़क का निर्माण और मरम्मत विजय साहू इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया गया है। लोहरदगा, घाघरा एनएच सड़क की दोनों ओर पक्की नाली निर्माण और स्लैब लगाने के कार्य में संवेदक द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग कर घटिया निर्माण करने की बात किसी से छिपी नहीं है। कालीकरण सड़क बनाने में निर्माण शर्तों के प्रतिकूल काम किया गया है। एनएच सड़क में निर्माण शर्तों के विरुद्ध कार्य होने की शिकायत पर स्थानीय प्रशासन ने भी कई बार अपनी नाराजगी दिखाकर सुधार का निर्देश दिया है। बावजूद, स्थिति यथावत है।**

सत्यकाम

**लोहरदगा।** लोहरदगा स्थानीय खनिजों का अवैध दोहन, परिवहन और भंडारण को लेकर जिला खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत नेशनल हाईवे के ठेकेदार विजय कुमार साहू के विरुद्ध 39 लाख 21 हजार 996 रुपये गबन का सर्टिफिकेट केस जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने दायर किया है। उपनिदेशक खान सह नीलाम पत्र पदाधिकारी दक्षिण छोटानागपुर रांची के न्यायालय में मामला दायर किया गया है। इससे खनन विभाग द्वारा खनिजों का भंडारण और दोहन में भारी राजस्व की चोरी करने वाले कथित व्यापारियों में सनसनी फैल गयी है। मिली जानकारी के अनुसार खनिज का अवैध भंडारण, दोहन और उपयोग कर भारी राजस्व की चोरी होने की शिकायत लगातार खनन विभाग को मिल रही थी। इसको लेकर खनन विभाग अभियान चला रखा है। बताया गया कि, खनन विभाग की टीम राजस्व चोरी रोकने को लेकर सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव स्थित हॉट मिक्सचर प्लांट परिसर में छापामारी किया था।

छापामारी के दौरान परिसर में बड़े पैमाने पर पत्थर, बौल्डर, स्टोन चिप्स, बालू और स्टोन डस्ट का भंडारण मिला था। परिसर के खनिजों का खनन विभाग द्वारा वैध चालन की मांग की गयी। बावजूद, इसे उपलब्ध नहीं किया गया। हॉट मिक्सचर प्लांट का मालिक कथित तौर पर इसका भंडारण कर उपयोग में ला रहा था। बताया गया कि, खनन विभाग के कार्यालय का पत्रांक 298/ 6 अप्रैल, 646/ 30 मई, 737/24जून, 777/7जुलाई और अंतिम स्मार पत्र 954/ 24 जुलाई 23 को विभाग द्वारा दिया गया। बावजूद विजय कुमार साहू इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से वैध चालान और राजस्व विभाग के पास जमा नहीं किया गया। बताया गया कि, इसके बाद खनन विभाग ने सर्टिफिकेट केस दायर कर दिया।

# 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' पर विशेष कार्यक्रम का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी स्वंत्रता दिवस के समारोहों के क्रम में 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' और केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा, लोहरदगा में छात्राओं द्वारा देश के और झारखंड राज्य के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक वेबसाइट ˝ttps://merimÔÔ-timerÔdesh.gov.i»»f लांच की गयी है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं और भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाणपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त, 2023 के बीच मनाया जाएगा। भारतीय हर जगह राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं, तिरंगे के साथ सेल्फी ले सकते हैं और हर घर तिरंगा वेबसाइट ( hÔrghÔr-tirÔ»»fgÔ.com ) पर अपलोड कर सकते हैं। मौके पर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका श्रीमती प्रेमदानी कुमारी, शारीरिक शिक्षिका श्रीमती नीलिमा टेटे, विज्ञान शिक्षिका श्रीमती शिखा रानी, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीमती जयमाला कुमारी और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।





छात्राओं के बीच 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' विषयों पर रंगोली और चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिस में छात्राओं ने देशभक्ति से भरपूर मनमोहक रंगोलियां और चित्रांकन की प्रस्तुति दी।

**आज होगा पुरस्कार वितरण**

प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जायेगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 12 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा। प्रेस वार्ता और सांस्कृतिक

**कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

12 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिस में रैली, सेमिनार, रंगारंग कार्यक्रम, प्रेस वार्ता का आयोजन किया जायेगा। जिस में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचलाधिकारी श्री विजय कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री रामकरण द्विवेदी, मुखिया सेन्हा श्री धनवाज उरांव, अध्यक्ष बीस सूत्री श्री अफरोज आलम और अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। 01

# किस्को में बीडीओ समेत दर्जनों पद रिक्त, विकास योजनाएं प्रभावित

**विगत एक साल से बीडीओ का पद पड़ा हुआ है रिक्त, केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में आयी है शिथिलता।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर संचालित है, परंतु अधिकारी और कर्मियों की कमी के वजह से योजनाओं का ससमय निराकरण कराना प्रखंड और जिला प्रशासन के समक्ष बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। बता दें कि विगत 1 साल से प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद रिक्त पड़ा हुआ है, परंतु राज्य सरकार की ओर से किस्को प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद को पूर्ण नहीं किये जाने से क्षेत्र में संचालित विकास योजनाएं काफी प्रभावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीडीओ का पद जो विगत 1 साल से तत्कालीन बीडीओ अनिल कुमार मिंज का एसीबी के कार्रवाई के बाद से खाली पड़ा हुआ है, वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद का सिमडेगा जिला तबादला होने के बाद से रिक्त पड़ा हुआ है। इसी तरह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक का एक-एक पद वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है। साथ ही ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक का एक पद, कनीय अभियंता का दो पद, प्रधान सहायक का एक पद, सहायक का तीन में एक खाली, पंचायती राज पंचायत सचिव का कुल बारह पद प्रखंड में सृजित है जिसमें मात्र 6 कार्यरत हैं और 6 रिक्त पड़ा हुआ है। इसी तरह प्रखंड प्रमुख के आदेशपाल एक और कृषि जनसेवक दस में 3 रिक्त है। साथ ही जीप चालक का एक, कृषि अनुसेवक का दो में एक, एनआरईपी सहायक एक, अनुसेवक एक में एक भाषा सहायक उर्दू एक और भाषा उर्दू टंकक एक में एक पद काफी लंबे समय से रिक्त पड़ा हुआ है।




बावजूद सरकार की ओर से जनहित में वर्षों से खाली पड़े अधिकारी और कर्मियों के रिक्त पद को भरपाई कर पाने में अब तक नाकाम साबित हुई है।

# पानी पाइप लाइन को काटने के दौरान एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ/लातेहार।** लातेहार बालूमाथ, थाना क्षेत्र के धाधू पंचायत के धाधु गांव स्थित मेहरा दोहर के समीप अभिजीत ग्रुप द्वारा बिछाये गये। पानी पाइप लाइन मिट्टी को हटा कर लोहा गैस ककट्टर से काटा जा रहा था। चोर मिट्टी में दब जाने से एक की मौत हो गयी वहीं दूसरा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चकला अभिजीत पावर प्लांट से देवनद नदी तक बिछाये गये पानी पाइप लाइन में धाधू ग्राम के समीप मेहरा दोहर के पास लोहा पाइप लाइन से अवैध रूप से मिट्टी हटाकर चोरी करने की नियत से चोरों द्वारा मिट्टी हटाया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी के अचानक धस जाने से दो मजदूर महादेव उरांव उम्र लगभग 26 वर्ष और सोनू मियां उम्र लगभग 28 वर्ष दोनों धाधू ग्राम निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद तस्करों द्वारा गढ्ढे से निकालकर घायलों को हॉस्पिटल ले जाने के दौरान एक चोर कि महादेव उरांव की मौत हो गयी वहीं दूसरा सोनू को उपचार कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस कार्रवाई करते हुए मृतक के घर धाधू पहुंचकर शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और घटना को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गयी।





बताते चले की अभिजीत गुरु पावर प्लांट से लोहा चोरी करने के क्रम में कई ऐसी घटना घट चुकी है परंतु सूचना बाहर तक नहीं आ पाती है क्योंकि जिससे पता नहीं चल पाता है पूर्व के दिनों में भी चकला बस्ती से ऐसी घटना होने की सूचना मिली थी परंतु परिजन लोहा चोरी करने का सूचना को इंकार कर दिया और यह कह कर घायल व्यक्ति को दाह संस्कार कर दिया कि घर के दीवाल गिरने से इसकी मौत हो गयी है। ऐसी घटना होने के बाद भी लोग चुप्पी साधे नजर आते हैं।

## विशुनबांध ग्राम की खदान से महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका



लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत अंतर्गत ड़ाटम ग्राम स्थित विशुनबांध खदान से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। जिसकी उम्र लगभग 32 वर्ष बतायी जा रही है। मृतिका का शव का पहचान अभी तक नहीं हो पाया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मृतका की हत्या कहीं और की गयी थी और उसे विशुनबांध खदान के डालकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की देखरेख में स्थानीय लोगों के मदद से स्व को बाहर निकाला गया है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा कि ग्रामीणों से पूछने जाने पर भी मृतिका का कुछ अता पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी ने कहा कि महिला का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पायी है, पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है, कि मामला हत्या या आत्महत्या।

## पशुपालकों के बीच दवा का वितरण



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र उराँव टोली में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं को बीमारी से बचाव के लिये दवा का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा सेन्हा प्रखंड के उराँव टोली में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज सिंह के नेतृत्व में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से पतला दस्त, चमकोन, कमजोरी, बाँझपन सहित पशुओं में होने वाले अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बचाव के लिये 32 पशुपालक किसानों का लगभग 150 पशुओं को दवा दिया गया। लंपी बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने टिका लगवाने की बात कही। मौके पर सूरज कुमार राम, विजय महतो, शंकर महली, लालकृष्ण शाहदेव के अलावे पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## बीएड कॉलेज में देश भक्ति कार्यक्रम सह देश भक्ति झांकी और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को उसुर्लाईन बीएड कॉलेज लोहरदगा में देशभक्ति कार्यक्रम सह देश भक्ति झांकी और नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विषय युवा जगत की नयी सोच को लेकर विशेष बल दिया गया और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका और सहभागिता को लेकर विशेष संदेश दिया गया और देशभक्ति पर आधारित झांकियां, नाटक और नृत्य प्रस्तुति किया गया। मौके पर मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम से यह वातावरण देशभक्ति के माहौल से ओत प्रोत हो गया। हमें सिर्फ 15 अगस्त में 26 जनवरी को ही नहीं बल्कि सर्वदा प्रतिदिन हमारे देश के बलिदानियों महापुरुषों को याद करना चाहिए। हमे राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत का सम्मान करना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने हृदय में संजोयें रखना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटी में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। बच्चों में शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने चारो प्रतिभागी टीम संत अगस्टिन, संत उसुर्ला, संत अंजेला, फादर जेलिन लंबॉर्थ को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर डालसा सेक्रेटरी राजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्राचार्या डॉ सिस्टर शीला, उप प्राचार्या डॉ सिस्टर रानी, फादर अजय कुजूर, फादर इग्नासुस कुजूर, जय आनंद, आदि उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी के लीडर डेवलपमेंट मिशन की बैठक




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी का लीडर डेवलपमेंट मिशन की बैठक जिलाध्यक्ष सुखेर भगत और जिला कॉर्डिनेटर दीपक ओझा और प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद की उपस्थिति में की गयी। कोर्डिनेटर आनंद ओझा ने कहा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लीडर डेवलपमेंट मिशन का कार्य चल रहा है जिसके तहत संगठन को जिला स्तर, प्रखंड स्तर और पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त करना है। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के वैसे कार्यकर्ताओं को जो कांग्रेस के लिए काफी सक्रिय और निष्ठावान है। जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के कार्य में पूरी कांग्रेस पार्टी और कार्यकर्ता सक्रियता के साथ सहभागिता निभायेगी। सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अपने कर्तव्य के निर्माण को लेकर सजग हैं और रिक्त पदों को भरते हुए सभी को जिम्मेदारी प्रदान की गयी। मौके पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, रीना कुमारी, सीमा परवीन, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय, शाहिद अहमद बेलु, विनोद खेरवार आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात टेंपो की चपेट में आने से महिला घायल, रेफर

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के ग्राम कोने के रहने वाला कमलेश बिरहोर की पत्नी दिव्या रानी को एक अज्ञात टेंपो ने धक्का मार कर फरार हो गया। इस दुर्घटना मे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव और ग्रामीणों की मदद से महिला को सदर अस्पताल लाया गया। जहां महिला कि स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। सदर अस्पताल में सीटी स्कैन नहीं होने के कारण घायल महिला को इलाज के लिए डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। मौके पर नावागढ़ मुखिया प्रवेश उरांव ने परिजन से मिलकर महिला की इलाज हेतु सहयोग राशि प्रदान किया।

## पति ने ब्लेड से पत्नी की गला काट कर की हत्या

**बिशुनपुर थाना पुलिस ने हत्यारे पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के सखुआ पानी गांव निवासी रमेश असुर ने अपनी 36 वर्षीय पत्नी ऐतवरिया असुर को ब्लेड से गला काट कर मौत के घाट उतार दिया।

इधर पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा उपरांत शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी पति रमेश असुर को भी मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इधर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रमेश सखुआ पानी माईंस में कार्यरत है। गुरुवार दोपहर नशे की हालत में खाना खाने घर पहुंचा, जहां खाना नहीं बना देख आग बबूला होने लगा। वहीं नशे में धुत पत्नी भी नीचे खोइर की तरफ घूम रही थी। दोनों नशे की हालत में थे। खाना नहीं बनाने को लेकर पत्नी से विवाद होने लगा। जिसके बाद रमेश ने गांव के ही दुकान से चार-पांच ब्लेड खरीद कर लाया और अपनी पत्नी का गला रेतते हुए शरीर के अन्य गुप्त हिस्से को भी काट डाला, जिससे मौके पर ही ऐतवरिया की मौत हो गई। इधर गांव वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक रमेश घटना को अंजाम देकर पत्नी के शव के पास बैठा हुआ था। जिसकी सूचना रमेश के भाई वा ग्रामीणों ने गुरदरी पुलिस को दी। इसके उपरांत थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

थाना प्रभारी ने कहा कि घटना अत्यधिक नशा के सेवन के कारण ही हुई है ऐसा प्रतीत हो रहा है। आगे पुलिस जांच कर रही है। आरोपी के तीन बच्चे भी हैं। फिलहाल वे बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

## इंडियन आर्मी का ट्रेनिंग पूरा कर वापस लौटे जवानों का लक्ष्य फिजिकल एकेडमी ने किया स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के छह जवान सोनू कुमार साहू, संजीव कुमार साहू, मनीष उरांव, सतीश उरांव, निलेश उरांव, दीपक उरांव इंडियन आर्मी का सात महीने का ट्रेनिंग पूरा कर वापस लौटे, तो लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के द्वारा मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर हिंदुस्तान डेयरी के संचालक एवं समाजसेवी मनीष कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि गुमला वीरों की धरती है, यहां से हर साल सैंकड़ों युवा देश सेवा के लिए जाते हैं, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने ये भी कहा कि यदि गुमला के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले तो यहां के युवा काफी आगे जा सकते हैं। यहां के युवाओं को आगे बढ़ने में कोई मदद की आवश्यकता होगी तो मैं जरूर करूंगा। मौके पर लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के संस्थापक व कोच नेल्सन भगत ने कहा कि हमारा एकेडमी एक छोटा सा परिवार है, पर इसी छोटे से परिसर से हर साल दर्जनों युवा देश की सेवा के लिए जाते हैं, साथ ही कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी तैयार हो रहे हैं। मौके पर समाजसेवी रौशन, सहायक कोच प्रेमचंद साहू, अजय उरांव, अभिषेक उरांव, सैमुअल उरांव, शिक्की उरांव, पूजा कुजूर, मंजू कुमारी, प्रिया कुमारी, सुमित्रा कुमारी, नीता कुमारी, चंद्रमुनी कुमारी, संध्या कुमारी, दीपिका कुमारी, आरती कुमारी, अनामिका कुमारी इत्यादि दर्जनों युवक-युवती मौजूद थे।

## असंगठित कामगार कांग्रेस टीम ने दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनवाने में किया सहयोग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य प्रखंड गुमला के मुख्तार आलम ने अपनी टीम के साथ सदर हॉस्पिटल पहुंचकर कई दिव्यांग भाई-बहनों के सर्टिफिकेट बनवाने में उनकी मदद की। मुख्तार आलम ने कहा कि कई दिव्यांग भाई-बहन ऐसे हैं जिन्हें सर्टिफिकेट बनवाने हेतु कोई जानकारी नहीं है। इस कारण दिव्यांग व्यक्ति इसे बनाने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी टीम लगातार दिव्यांग भाइयों-बहनों को सुविधा उपलब्ध करवाने के हेतु प्रयासरत है। हमलोगों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से दिव्यांग भाइयों को सर्टिफिकेट बनवाने हेतु सभी जानकारी दी है। जानकारी मिलने के बाद दिव्यांग व्यक्ति आ रहे हैं और अपना सर्टिफिकेट बनवा रहे हैं। डॉक्टर प्रेमचंद भगत ने कई जरूरतमंद दिव्यांगों का सर्टिफिकेट बनाया। हमारी टीम और सभी दिव्यांग साथियों ने डॉक्टर प्रेमचंद भगत का आभार प्रकट किया। मौके पर मुख्य रूप से कामगार नगर अध्यक्ष इनायत आलम, जिला उपाध्यक्ष पप्पू अनवर, महासचिव राजेंद्र मिंज उपस्थित थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने की डीएमएफटी एवं एससीए मद की योजनाओं की समीक्षा

# निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करायें : कर्ण सत्यार्थी

**संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को किसी भी गांव में निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ग्राम सभा करने के दिये निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से किये जा रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, विभिन्न सरकारी भवनों के जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नयी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उक्त मद से बिजली कनेक्शन संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित तिथि के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बाद में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने पोटो हो खेल मैदान, नव निर्मित पुस्तकालयों आदि के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की, पंचायत स्तर के पुस्तकालय निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को किसी भी गांव में निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ग्राम सभा का आयोजन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल का के भवनों की भी मरम्मती करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान नये प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में डीएफओ, उप विकास आयुक्त, जिला योजना सह जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, प्रशासी अधिकारी के अलावा सभी एडीएफ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

## सीआरपीएफ 218 बटालियन एवं नेहरू युवा केंद्र ने किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**शहीद विजय सोरेंग के पिता औक पत्नी को शॉल व फूल माला देकर सम्मानित किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** सीआरपीएफ के 218 बटालियन एवं नेहरू युवा केन्द्र गुमला के तत्वावधान में राजकीय उच्च विद्यालय कुम्हारी में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। साथ ही जिले के शहीदों को सीआरपीएफ 218 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट आलोक कुमार, सीओ सह प्रभारी बीडीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, प्रमुख जगरानी तिग्गा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा श्रद्धांजलि देकर वीर सपूतों को याद किया। साथ ही सीआरपीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं शहीद बिजय सोरेंग के पिता बृष सोरेंग के हाथों सीआरपीएफ द्वारा शहीद विजय सोरेंग की स्मृति में स्थापित शिलापट्ट का उद्घाटन करवाया गया तथा शहीद विजय सोरेंग के पिता बृष सोरेंग, पत्नी रश्मि टेटे को शॉल व फूल माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीद के गांव से लायी गयी मिट्टी को कलश में लेकर पंच प्राण शपथ ली गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर से शहीद चौक तक छात्रों द्वारा तिरंगे के साथ रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का शुरुआत की गयी। मौके पर थाना प्रभारी छोटू उरांव, अमर पांडेय, मेरी ग्रेस इंदवार मुखिया बीर बंशीपाल बड़ाईक, सूबेदार मेजर संदीप कुमार, सीआरपीएफ के जवान सहित नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 14 चक्का ट्रक की चोरी का मामला दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हालांकि पुलिस घटनाओं का उद्भेदन करते हुए चोरों को जेल भेजने का काम भी कर रही है। बावजूद चोर शहर में सक्रिय हैं और चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला शहर के सिसई रोड स्थित संत इग्निशियस उच्च विद्यालय गुमला के समीप का है। चोरों द्वारा एक 14 चक्का ट्रक की चोरी कर ली गई। वहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक ड्राइवर लोदाम टांगर टोली का रहने वाला है, जो 15 दिन पूर्व ट्रक वहीं छोड़कर अपना घर चला गया था। वहीं बताया कि गाड़ी बीएस4 है जो कि अन्य चाबी से नहीं खुल सकती है। आश्चर्य की बात है कि जब ड्राइवर चाबी लेकर चला गया तो ट्रक चोरी कैसे हुई। हालांकि पुलिस ने शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू किया, तब ट्रक चोर का फोटो टावर चौक के पास दिखा। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ताला तोड़ कार्यालय कक्ष से रुपये की चोरी

**डुमरी (गुमला)।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय डुमरी में गुरुवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने कार्यालय कक्ष का ताला तोड़ साढ़े पांच हजार रुपए की चोरी कर ली है। शुक्रवार को विद्यालय खुलने के बाद चोरी का पता चला तब इसकी सूचना प्रबंधन समिति को दी गई। प्रबंध समिति के लोगों ने चोरी के घटना की जानकारी डुमरी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छान बीन में जुट गई है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य के कहा कि विद्यालय की ओर से इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

## अंजुमन इस्लामिया के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी का किया स्वागत

**मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा के लिए प्लस टू विद्यालय की मांग रखी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। अंजुमन इस्लामिया के द्वारा जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग करने की बात कही गई।

अंजुमन इस्लामिया के सदर अधिवक्ता मुशाहिद आजमी ने कहा कि मुस्लिम बहुल इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे का लगाना जरूरी है। इससे इस क्षेत्र में बाहर से आने वाले लोगों पर अंकुश लगेगा और नशे पर भी काबू पाया जा सकेगा। उन्होंने मुस्लिम बहुल क्षेत्र में विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा के लिए प्लस टू विद्यालय की मांग रखी।

उन्होंने कहा कि लड़कियों को पढ़ने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। जिसके लिए अधिकतर अभिभावक तैयार नहीं होते। जिससे लड़कियों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि अंजुमन इस्लामिया की ओर से जिला प्रशासन का हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

अंजुमन के प्रतिनिधिमंडल में अंजुमन सदर के अलावा अंजुमन इस्लामिया के सचिव अधिवक्ता मकसूद आलम, मोहम्मद लड्डन खान, मोहम्मद फिरोज आलम आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सांता पब्लिक स्कूल में आयोजित आजादी महोत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरा देश भक्ति का रंग

# ए वतन, ए वतन, तेरी राहों में जां तक लुटा जायेंगे.....

**सांता पब्लिक स्कूल गुमला शहर में शिक्षा की ज्योति फैला रहा है, शिक्षा से ही अपराध कम होगा : एसडीपीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** शहर के चर्चित सांता पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ए वतन ए वतन, हम तो इंडिया वाले हैं, देश रंगीला, हम भारत की बेटी है, हर घर तिरंगा, ए तिरंगा तुझे झुकने न देंगे, वंदे मातरम सहित कई देश भक्ति डांस, गीत संगीत की प्रस्तुति विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। जश्न ए आजादी के मौके पर अयोजित इस आजादी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल, इस गुमला शहर में शिक्षा की ज्योति फैला रहा है। शिक्षा से ही अपराध कम होगा, नशा खत्म होगा। श्री लाल ने बच्चों को कहा आप भीड़ से अलग रहें, आप के अंदर प्रतिभा है, आप में ही से कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई कमिश्नर, ऑफिसर बनेंगे। सांता पब्लिक स्कूल के बच्चों में काफी प्रतिभा है, आप अनुशासित हैं। वहीं मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है। यहां के बच्चे काफी अनुशासित हैं। वही गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा आजादी का जश्न खुशी का माहौल है। हम मिल जुल कर रहें, सांता पब्लिक स्कूल स्कूली बच्चे काफी होनहार हैं। जिस तरह देश भक्ति इनमें दिखाई दे रही है वह समाज के लिए काफी अच्छा है। वहीं लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल संता पब्लिक स्कूल गुमला के लिए मील का पत्थर साबित होगा, एडमिशन फ्री होना तारीफ के काबिल है। स्पोर्ट्स एकेडमी के सैयद जुनून ने कहा स्कूल में सभी क्षेत्र में प्रयास किए जाते हैं, जो तारीफ के काबिल है। स्कूल में डांस, खेलकूद के साथ ही कई प्रतियोगिता का आयोजन होता है, इससे बच्चों की प्रतिभा निखरती है। मौके पर गुमला चैंबर के लायन ब्रिज किशोर फोगला, उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं आदित्य गुप्ता ने भी संबोधित किया। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर आजादी के महोत्सव का शुभारंभ किया। स्कूल के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और कई सामाजिक संगठनों को स्कूल द्वारा सम्मान किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब गुमला, गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स, सैयद जूनू रेन सहित कई खिलाड़ी जो गुमनामी के कगार पर हैं उन्हें भी स्कूल के द्वारा सम्मानित किया गया। उनमें हैंडबॉल रेफरी में संतोष साहू, शान्तबा, अनीस साहू, बैडमिंटन में आरिफ अबाबीन, पहलवानी में रवि गुप्ता, नीरज महतो, महिला में चाइनीस मिंज, पूनम कुमारी, सचिन उरांव, आदि सभी को स्कूल के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन शिक्षिका हिमा कुमारी व जासिंता बेक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा कि आजादी का यह महोत्सव हमें देश के प्रति जिम्मेवार बनाता है। वहीं मौके पर स्कूल की कोषाध्यक्ष जयमंती एक्का ने कहा कि अपने देश से प्रेम रखें, भारत हमारा देश है। सभी मिलजुल कर रहें। वहीं कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक अंकिता कुमारी, अनुरंजना कुमारी, निशा कुजूर, वीणा देवी, रजनी सिन्हा सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रदेश कांग्रेस सचिव रोशन बरवा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं की ली जानकारी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रोशन बरवा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बसिया प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव कोनसकेली में ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की जनसमस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं को लेकर चर्चा परिचर्चा की गयी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि भारत माला परियोजना बनने से इस गांव के सैकड़ों लोगों का जमीन अधिग्रहण हो रहा है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ज्यादातर किसानों के अच्छे पैदावार वाले खेत के सड़क निर्माण में अधिग्रहण होने से कृषक परिवार को आजीविका चलाने में परेशानी होगी। इसलिए उक्त परियोजना को रद्द किया जाये। रोशन बरवा ने कहा कि जल, जंगल जमीन ही आदिवासियों की पहचान है एवं आजीविका का साधन है। विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन को लिया जाता है लेकिन उसके एवज में मुआवजा का भुगतान भी नहीं किया जाता है। आदिवासी विकास विरोधी नहीं हैं लेकिन आदिवासियों को उजाड़ के विकास करने के पक्षधर भी नही हैं। आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति के संयोजक अजीत गुड़िया ने कहा कि भारत माला परियोजना को किसी भी हाल में नहीं बनने देंगे। इसके लिए एक वृहत आंदोलन किया जाएगा। बैठक में कामडारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, गुमला जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अरविंद साहू, अजय साहू, स्टेनिसलास सोरेंग, विजय सोरेंग, सुरसेन सोरेंग, रजनी इंदवार, बेरोनिका सोरेंग, सुसाना बुड़ सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### भाजपा नेताओं ने घाघरा बीडीओ से मिल कर स्थानीय समस्याओं से कराया अवगत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी घाघरा व आदर मंडल के बैनर तले जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद एवं मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक के नेतृत्व में घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार से शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात की गयी। मुलाकात के दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद व श्यामकिशोर पाठक ने संयुक्त रूप से बीडीओ को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने समस्याओं का यथासंभव निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल रामनंदन साहू, विपिन बिहारी सिंह, तेम्बू उरांव, गोपाल गोप, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, पप्पू गुप्ता, सुदर्शन, प्रवीण साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### सर्वेश्वरी समूह घाघरा ने ग्रामीणों के बीच एक हजार पौधों का किया वितरण



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा चांदनी चौक स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह में शुक्रवार को दिन के 2 बजे एक हजार पौधों का वितरण किया। इस क्रम में पौधा वितरण का शुभारंभ सीओ प्रणव ऋतुराज और थाना प्रभारी अमित चौधरी ने सैकड़ों ग्रामीणों के बीच हजारों आम, अमरूद, आंवला, कटहल, चंदन, महागुणी, गमहार, सागवान, नीम पौधा का वितरण किया। मौके पर को प्रणव ऋतुराज ने कहा कि पौधा वितरण समूह द्वारा किया जा रहा है, यह बेहतर प्रयास है। वहीं सदस्यो ने बताया कि सर्वेश्वरी समूह द्वारा 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण के संतुलन हेतु यह कार्य विभिन्न शाखों द्वारा किया जा रहा है। मौके पर समूह के कई लोग उपस्थित थे।

### जारी थाना पुलिस ने छात्र-छात्राओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना अंतर्गत थाना क्षेत्र के सिसीकरमटोली पंचायत के उच्च विद्यालय जारी में जारी थाना पुलिस के द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच में कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम जोहार कप के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चियों के नेतृत्व क्षमता का विकास पर प्रचलित सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन बिसाही, बाल विवाह, नशा पान, मानव तस्करी के विरुद्ध लोगों को सामूहिक रूप से जागरूक करने का निर्देश दिया गया तथा इसके संबंध में कानूनी प्रावधानों को बताया गया।

### बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय होने से गांव के आम लोगों को काफी सुविधा होगी। बीस सूत्री अध्यक्ष से गांव के लोग सीधे उनसे मिलकर अपना काम करवा पाएंगे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक खरवार ने कहा कि गांव के लोगों को किसी प्रकार की समस्या होती है तो वह सीधे मेरे कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। हरसंभव मैं उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करूंगा। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, अंचलाधिकारी धनंजय पाठक, अनिल असुर, महावीर उराव सहित कई लोग मौजूद थे।

### संत जोसेफ इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** संत जोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर नवाटोली में पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रदर प्रकाश पूर्ति एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर ब्रदर फिलिप सुरीन एवं सिस्टर विक्टोरिया की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण विषय पर कॉलेज सभागार में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा ज्ञानवर्धक भाषण दिया गया। साथ ही छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा 15 अगस्त को की जायेगी। मौके पर प्रिंसिपल ब्रदर सुशील टोप्पो, शिक्षक फुलजेम्स बाड़ा, नागेंद्र कुमार साहू, अर्चना सोरेंग, रीना टोप्पो, ममता सिन्हा, समीर भेंगरा, महिमा समद, रजनी डांग, अनसेलेम होरो, संजय केरकेट्टा, संतोष लकड़ा, बसंत कुमार, फुलजेम्स बेक, सतीश कुमार साहू, अंशु डुंगडुंग, एंजेला मिंज, सुधीर भेंगरा समेत शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

### 15 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सहायक नगर आयुक्त ने करायी थी प्राथमिकी

# विश्रामपुर के सहायक नगर आयुक्त पर हमले का आरोपी हुआ गिरफ्तार

- कार्य निरीक्षण के दौरान सैकड़ों लोगों ने सहायक आयुक्त पर किया था जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल अंतर्गत रेहला पुलिस ने विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो परवेज पर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उसकी पहचान इफ्तिखार अंसारी उर्फ मंडल के रूप में हुई है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि अन्य आरोपियों की



गिरफ्तारी के लिए पुलिस सघन छापामारी कर रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। जानकारी के अनुसार सहायक नगर आयुक्त अपने कर्मियों के साथ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन में निमार्णाधीन पीसीसी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी क्रम में वहां के सैकड़ों लोगों ने उनपर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें सहायक आयुक्त गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना में नगर परिषद के कई कर्मियों को भी चोटें आई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि उनकी रैयती जमीन में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि जमीन जीएम लैंड था और उसपर पहले से कच्ची सड़क का निर्माण वर्षों पूर्व ही हो चुका था। इसी मामले को लेकर मौके पर विवाद उतपन्न हुआ था और एक समुदाय विशेष के लोगों ने सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर जानलेवा हमला कर दिया था। सहायक नगर आयुक्त ने इस मामले में डेढ़ दर्जन लोगों के विरुद्ध नामजद व 150 अज्ञात पर प्राथमिकी कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इफ्तिखार अंसारी उर्फ मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# तुलसी कम समय में होनेवाली फसल, लेमन ग्रास की खेती का हो रहा है विस्तार : योगेश

- बलुई दोमट मिट्टी पर वेटीवर की खेती करें किसान
- सीमैप लखनऊ की ओर से पंडवा के झरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सीएसआइआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप), लखनऊ की ओर से शुक्रवार को पलामू जिले के पंडवा प्रखंड अंतर्गत झरी गांव में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएसआईआर-एरोमा मिशन फेज-3 अंतर्गत इस जागरूकता कार्यक्रम में सीमैप के परियोजना सहायक योगेश कुमार ने गांव के किसानों को वैकल्पिक खेती के रूप में सगंधी एवं औषधीय पौधों की खेती और उसके लाभ एवं औषधीय गुणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को लेमनग्रास, पामारोजा, तुलसी एवं वेटीवर की खेती के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि झारखंड के विभिन्न राज्यों में लेमनग्रास की खेती को बढ़ावा मिला है। पलामू जिले में भी इसकी खेती में विस्तार हुआ है। इससे किसानों को अधिक मुनाफा भी हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने तुलसी की खेती एवं उसके औषधीय गुणों के बारे में किसानों को जानकारी दी। कहा कि तुलसी कम समय में होने वाली नगदी फसल है। इससे कम लागत में अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसकी खेती नर्सरी विधि एवं सीधे बीज विधि से की जा सकती है। उन्होंने किसानों को वेटीवर (खस) की खेती करने के लिए भी आगे आने की बातें कही। कहा कि वेटीवर की खेती बलुई दोमट मिट्टी में या नदी के किनारे वाले स्थानों पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सगंधी/सुगंधित पौधों की खेती नगदी एवं कम समय में होने वाली खेती है। अन्य फसलों की अपेक्षा इसके फायदे भी अधिक हैं और मवेशी एवं नील गाय आदि जानवरों से नुकसान का खतरा भी नगण्य है। उन्होंने किसानों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया और तकनीकी सहयोग का भरोसा दिया। जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजीव रंजन, किसान ओंकार नाथ, बीटीएम अमित कुमार, दुर्गेश पाठक, पूजा सिंह, रूबी कुमारी, जितेंद्र मेहता, अभिमन्यु मेहता, ओम प्रकाश, कृष्ण कुमार वनपर, जेएसएलपीएस के अधिकारी के अलावा किसान मित्र आदि उपस्थित थे।

# महुडंड पंचायत सचिवालय में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत महुडंड पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मिना देवी ने की। मुखिया ने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह महुदण्ड पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। सुबह 10.30 बजे पंचायत सचिवालय, 10 बजे महुडंड उच्च विद्यालय और महुडंड ओपी 9.30 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी -मेरा देश का शुभारंभ किया गया गया है। जिसके तहत देश भर में कलश के मिट्टी से 7500 अमृत वाटिका दिल्ली के कर्तव्य पथ बनाई जाएगी। इसमें महुडंड पंचायत



सचिवालय के प्रागंण से भी मिट्टी भेजी गयी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उच्च विद्यालय और पंचायत सचिवालय परिसर में 75 वृक्षों का रोपण किया जायेगा। इस मौके पर युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव, ओपी प्रभारी तुलेश्वर प्रसाद रजक, संतलाल रवि, सहायक अभियंता अमित मेहता, पंचायत समिति रमेश पासवान, उप मुखिया राम बली यादव, वार्ड सदस्य विष्णु साह, स्वयं सेवक मसउद आलम, जितेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, डीलर इरफान अंसारी, रमाशिश यादव, उमेश यादव, विनोद यादव, ओमप्रकाश रवि, रामस्वरूप यादव, संजय यादव, उपेंद्र यादव, आनंद पासवान, कृष्ण रवि, सुनिल विश्वकर्मा और हरि यादव आदि उपस्थित थे।

# जेएस कॉलेज के कुछ शिक्षक अपनी मर्यादा भूले : अभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि कांलेज के कुछ शिक्षकों का व्यवहार छात्रों के प्रति लगातार चर्चा में है। आये दिन छात्र-छात्राओं से अभद्रा भाषा का प्रयोग शिक्षकों को शोभा नहीं देती। उक्त आरोप आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने शुक्रवार को लगाया। कहा कि जेएस कॉलेज में कुछ शिक्षक गुरु-शिष्य की गरिमा को धूमिल कर रहे है। आए दिन कक्षा में ही अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा, जो निंदनीय है। आवाज उठाने पर कॉलेज में गुट बनाकर छात्रों के साथ हाथापाई भी करना शुरू कर दिए है। पूर्व में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने महाविद्यालय के प्राचार्य आरएन सिंह को भी इस मामले में अवगत



कराया था। पर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे उनका मनोबल उफान पर है। कल नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। जल्द मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। जिसपर उन्होंने आश्वस्त किया की जल्द इस मामले में पत्र भेजकर जवाब मांगा जायेगा।

# डीसी ने जनता दरबार लगा कर सुनी लोगों की समस्याएं, किया समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,



प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, मुआवजा भुगतान,डीप बोरिंग कराने, अम्बेडकर आवास दिलाने, सड़क मरामति, अनुकम्पा पर नौकरी देने आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन ने खूंटी के कराटे और रग्बी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन ने शुक्रवार को आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के कराटे एवं रग्बी के 14 खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया। कराटे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शीतल टोपनो सहित सीनियर राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी मुकेश बोदरा, संतोष गोस्वामी और विक्रम सांगा को सम्मानित किया गया। अंडर 18 एशियन रग्बी चौंपियनशिप में देश का



प्रतिनिधित्व करने वाले डेविड मुंडा सहित सब जूनियर नेशनल रग्बी चौंपियनशिप में लगातार 2021 एवं 2022 के उपविजेता रही झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खूंटी के 10 रग्बी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले रग्बी खिलाड़ियों में आनंद केरकेट्टा, प्रतीक कुमार, अंकित पूर्ति, नमजान मुंडू, सुशांत बघवार, आशीष पाहन, दरुवा धान, जॉनसन एडविन और, सुखदेव मुंडू शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, मासाचिव मधुकांत पाठक ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव सह खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, कोच संजय हेरेंज, कराटे कोच बालाजी होरो, खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सचिन कुमार और शादाब खान ने बधाई दी।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की प्री रिवीजन गतिविधि के तहत हो रहे कार्यों के पर्यवेक्षण को जांच दल गठित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के प्री-रिवीजन गतिविधि के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किये जा रहे कार्यो का सतत पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर से जांच दल गठित किया गया है। सभी बीएलओ की ओर से 21 जुलाई से 21 अगस्त के मध्य घर-घर सत्यापन का कार्य बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा उक्त सत्यापन के क्रम में सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त ब्लू स्टीकर को चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित की जा रही है। इसके साथ ही जिला स्तर से उपलब्ध कराए गए करेक्शन स्लिप, ब्लैक एंड वाइट एंड पुअर इमेज रिकॉर्ड रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं की विवरणी को शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ के माध्यम से संपादित कार्यों का पर्यवेक्षण एवं जांच के लिए विभाग स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार सभी सुपरवाइजर, इआरओ और इआरओ के स्तर से मतदान केंद्रों में पन्ना वेरीफिकेशन एवं होम टू रोल वेरिफिकेशन का कार्य किया जाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जांच दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के प्री रिवीजन गतिविधि के तहत संपादित किए जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी जांच दलों को 14 अगस्त तक जांच पूरी कर लेने का निर्देश दिया, वे खुद व्यक्तिगत तौर पर इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

## स्पोर्ट्स



बांग्लादेश क्रिकेट टीम का नया वनडे कप्तान शाकिब उल हसन को बनाया गया है। वो एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश टीम को लीड करेंगें। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की है।

### वर्ल्ड कप में करेंगे लीड, आज एशिया कप की टीम की होगी घोषणा

# शाकिब अल हसन बांग्लादेश टीम के नये वनडे कप्तान

एजेंसी

**ढाका।** शाकिब अल हसन को बांग्लादेश क्रिकेट टीम का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। वो एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश टीम को लीड करेंगे। शाकिब टीम में तमीम की जगह लेंगे, जिन्होंने एक सप्ताह पहले कप्तानी छोड़ दी थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को बताया कि शाकिब अल हसन एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश के वनडे कप्तान होंगे। वर्ल्ड कप और एशिया कप टीम की घोषणा शनिवार को की जाएगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम का चयन करेंगें।



### शाकिब को 52 वनडे मैचों में कप्तानी का अनुभव

शाकिब ने 2009 और 2017 के बीच 52 वनडे मैचों में बांग्लादेश की टीम की कप्?तानी की है। उनकी कप्तानी में टीम को 23 बार जीत और 26 बार हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बेनतीजा रहा और दो मैच रद्द करने पड़ गए।

### शाकिब के 7 हजार से ज्यादा वनडे रन

शाकिब-उल-हसन ने बांग्लादेश के लिए 66 टेस्ट, 235 वनडे और 117 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 4454 रन, वनडे में 7211 और टी-20 में 2382 रन बनाए हैं। इस स्टार ऑलराउंडर ने टेस्ट में 233, वनडे में 305 और टी-20 में 140 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा कई अन्य उपलब्धियां हैं।

### तमीम इकबाल ने वनडे कप्तानी छोड़ी

बांग्लादेश के ओपनिंग बल्लेबाज तमीम इकबाल ने सात दिन पहले कमर की चोट के कारण बांग्लादेश की वनडे टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। अब वह एशिया कप में भी नहीं खेलेंगे। पिछले महीने तमीम इकबाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के बाद अचानक रिटायरमेंट ले लिया था। इसके एक दिन बाद ही इकबाल ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के कहने पर रिटायरमेंट का फैसला वापस ले लिया था।

# डब्ल्यूएफआइ के चुनाव पर 30 अगस्त तक रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव पर से संकट के बादल हटने का नाम नहीं ले रहे। शनिवार को मतदान होना था, लेकिन एक दिन पहले चुनाव पर रोक लगा दी गई है। दरअसल, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) द्वारा दायर एक याचिका के बाद शुक्रवार को मतदान पर रोक लगा दी। हरियाणा कुश्ती संघ ने हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ को चुनावों में वोट डालने की अनुमति देने के कदम को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विनोद एस भारद्वाज ने कहा कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ को वोट देने से पूर्वाग्रह पैदा होगा। हरियाणा कुश्ती संघ का नेतृत्व सांसद दीपेंद्र हुड्डा कर रहे हैं। यह आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएफआई और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध है।

### क्यों हुआ विवाद?

डब्ल्यूएफआई के नियमों के मुताबिक, एक राज्य संघ अपने चुनाव में वोट डालने के लिए दो सदस्यों को भेज सकता है, लेकिन हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ ने भी दावा किया है कि उनका डब्ल्यूएफआई से जुड़ाव है और उन्हें चुनाव में वोट देने का अधिकार है। हरियाणा कुश्ती संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील रविंदर मलिक ने खुलासा किया कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है इसलिए वे वोट देने के हकदार नहीं हैं।

उधर, रविंदर मलिक ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर ने हरियाणा एमेच्योर कुश्ती एसोसिएशन के पक्ष में निष्कर्ष दिया है। कहा कि वे डब्ल्यूएफआई के साथ-साथ हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के साथ संबद्धता की शर्तों को पूरा करते हैं। हमने हाई कोर्ट में रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया है कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती एसोसिएशन डब्ल्यूएफआई से संबद्ध हो सकता है लेकिन यह हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है। इसका मतलब है कि वे चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के हकदार नहीं हैं। मामले में हरियाणा एमेच्योर रेसलिंग एसोसिएशन को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी गई तो पूर्वाग्रह पैदा होगा।

# केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

## फर्जी नक्सली सरेंडर मामला

**512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर कराया गया था**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर करवाने का जांच करवाने का आग्रह करने वाली झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेट राइट की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

पूर्व की सुनवाई में हाइकोर्ट ने मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के गृह सचिव को 512 युवाओं के सरेंडर मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिस पर कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकार से पूछा था कि क्या सरेंडर कराये जाने वाले 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पुराने जेल कंपाउंड में रखकर प्रशिक्षण दिलाया गया। क्या उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की कानूनी वैधता थी। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका में कहा था कि 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी का लालच देकर उन्हें फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर करने का खेल खेला गया। इसे लेकर राज्य सरकार के वरीय पुलिस अधिकारियों ने करोड़ों रुपये खर्च करवाये, ताकि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री के सामने अवार्ड मिल सके। ऐसा कर राज्य के भोले-भाले 512 आदिवासियों को रोजगार दिलाने के नाम पर ठगा गया।

# मैनहर्ट मामले में एसीबी की रिपोर्ट से झारखंड हाइकोर्ट नाराज, कहा कि कुछ तथ्य छुपाये जा रहे हैं

**एसीबी एसपी को अगली सुनवाई के दिन सशरीर उपस्थित होने का निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने रांची के सीवरेज-ड्रेनेज का डीपीआर बनानेवाली कंपनी मैनहर्ट मामले की एसीबी में दर्ज प्रारंभिक जांच को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। एसीबी ने अदालत में सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत की। लिखावट स्पष्ट नहीं होने के कारण अदालत रिपोर्ट को नहीं पढ़ पायी। इसके बाद सरकारी अधिवक्ता और बाद में प्रार्थी के अधिवक्ता को रिपोर्ट पढ़ने के लिए दिया गया, पर दोनों ही रिपोर्ट पढ़ नहीं सके। इससे नाराज अदालत ने मौखिक रूप से कहा : लगता है कि कुछ तथ्य छुपाये जा रहे हैं। अदालत ने एसीबी के एसपी को अगली सुनवाई के दौरान दिन के साढ़े 10 बजे अदालत में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से बताया गया था कि मामले की जांच जारी रखने से संबंधित राज्य सरकार से विधि परामर्श मांगा गया है। इस पर प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया की विधि परामर्श मांगने का मामला राज्य सरकार के पास एक वर्ष से अधिक समय से लंबित है। एसीबी ने अगस्त 2022 में ही विधि परामर्श मांगा था, लेकिन अब तक नहीं मिला है। इसके बाद अदालत ने सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था।

## सरयू राय ने दायर की है याचिका

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी विधायक सरयू राय ने क्रिमिनल रिट याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि मैनहर्ट कंपनी को रांची के सीवरेज-ड्रेनेज का डीपीआर तैयार करने का कार्य दिया गया था। इसके लिए 21 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। डीपीआर घोटाले का मामला झारखंड विधानसभा में भी उठा था। बाद में राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीइ दर्ज की गयी थी, लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने के बाद प्रार्थी ने याचिका दायर की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


झारखण्ड सरकार
**कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, कोडरमा**

**ई०–निविदा सूचना**

1. कारा का नाम– मंडल कारा, कोडरमा।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जियों, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय हेतु ई–निविदा का आमंत्रण।(चतुर्थ त्रैमासिक ई0–निविदा दिनांक–01.10.2023 से 31.12.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक मंडल कारा कोडरमा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
(i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–18.08.2023 से 28.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि–18.08.2023 से 28.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक–31.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01.09.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–02.09.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी कोडरमा की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा।

PR.NO.304459 Home, Prison And Disaster Management(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **RE-RDD/SD/HZB/38/2022-23 (3rd call)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/38/01/2022-23 | हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखण्ड में मनातू पंचायत में ग्राम मसूरिया, लाजिदाग पहुंच मार्ग के गदुर विगवा नदी पर पुल निर्माण | 30989400.00 | 620000.00 | 10000.00 | 18 माह | |
| 2 | RE-RDD/SD/HZB/38/05/2022-23 | हजारीबाग जिला के प्रखण्ड विष्णुगढ़ में ग्राम+पंचायत खरकी में सपमरवा एवं रंगामाटी के बीच बोरोनाला पर पुल निर्माण। | 31764100.00 | 636000.00 | 10000.00 | 18 माह | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 06.09.2023 से दिनांक 16.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 21.09.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग (जिला नियंत्रण कक्ष)
ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग।
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – 22.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 304541 (Rural Development) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग**
Email ID –dcocophzb@yahoo.in

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अंतर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियॉ अधिनियम 1935 के अंतर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियॉ यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वितीय वर्ष 2023–24 मे कार्यशील पूँजी के रूप मे प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–03 दिनांक 04.05.2023 के कंडिका–05 के अनुरूप विशेश प्रकार की सहकारी समितियो का चयन निम्नांकित मापदण्डो के अनुरूप किया जाएगा –

01 समिति का निर्वाचन अद्यतन हो
02 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
03 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गयी हो।
04 समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृषि/मत्स्य/बुनकर/फल–सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
05 समिति मे पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/ संतोशजनक हो।
06 समिति मे वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
07 समिति पिछले तीन वितीय वर्षो यथा–2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 तक बैक डिफॉल्टर नही रहा हो।
08 समिति का वार्शिक कारोबार कम से कम 3.00 (तीन) लाख रूपये हो।
09 समिति का व्यवसाय पिछले दो वार्षो से लगातार घाटे मे नही हो।
10 समिति मे पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11 समिति मे नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12 चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप लाईसेंस हो।
13 समितियों के चयन मे अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों का प्राथमिकता दी जायेगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति मे C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–09 के अनुसार रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्ड को पूरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को निम्न विहित प्रपत्र मे प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे जमा करना होगा।

विहित प्रपत्र

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | आधारभूत संरचना | | | | वितीय प्रतिवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हॉ/नही) | गोदाम (क्षमता) | फर्निचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ/हानि (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में) 2019–20:– 2020–21:– 2021–22:– | वार्षिक कारोबार (रूपये में) |
| | | | | | | | | | | |

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलख :–
01 अंकेक्षण प्रतिवेदन (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में)
02 निर्वाचन प्रमाण पत्र
03 व्यवसाय कार्य योजना
04 कारोबार संबंधित लाइसेन्स
05 शपथ पत्र–(क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है।
(ख) समिति वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 मे बैक डिफाल्टर नही रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी,हजारीबाग,सहकारिता भवन,रविन्द्र पथ, हजारीबाग–825301

ह०/–
जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग/रामगढ

PR 304513 District (23-24)_D



**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-निविदा सूचना-**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या– 2196 दिनांक–23.09.2022 एवं आदेश ज्ञापांक–2044 दिनांक– 24.07.2023 के आलोक में जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों एवं लघु आँगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03–06 वर्ष के बच्चों की शीतकाल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से बच्चों को गर्म पोशाक (Winter Uniform) आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है।

उक्त विभागीय संकल्प एवं स्वीकृत्यादेश संख्या–722/46 (स्वी0) दिनांक–14.06.2023 के आलोक में हजारीबाग जिलान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03–06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform) की क्रयापूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। गर्म पोशाक (Winter Uniform)की विवरणी निम्नवत है–

| Sl. | Particulars | Requirements | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Sweater Quality | Unisex | |
| 2 | Colour | Maroon | |
| 3 | Material (Blend Composition) | Acrylic- 100% (±2%) | |
| 4 | Yarn | High bulk Yarn | |
| 5 | Neck Type | Hoodie | |
| 6 | Sleeve | Full regular Sleeve | |
| 7 | Weight | 225 gm & above | |
| 8 | Shrinkage or elongation on washing (max) | 4% or better | |
| 9 | Colour fastness to Light | 4% or better | |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or better, Stain on Adjacent Fabric 3 or better | |
| 11 | Logo | जिला–हजारीबाग | स्वेटर की बांयी ओर 1"x1" आकार का लोगो होगा। |
| 12 | Size | For Children of Age Group between 03-04 Yrs, 04-05 Yrs & 05-06 yrs | तीन आयु वर्ग के बच्चों के लिए गर्म पोशाक की आपूर्ति की जानी है |

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक–31.08.2023 को 12:00बजे अपराह्न तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक–31.08.2023 को 03:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें हजारीबाग एन.आई.सी. केWebsite- www.hazaribag.nic.inसे Downloadकिया जा सकता है अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 304545 (Women, Child Development & Social Security) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
**कारा निरीक्षणालय**
**मंडल कारा,चतरा**

**ई-निविदा सूचना**

1. कारा का नाम – मंडल कारा, चतरा।
2. विषय – कारा में खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, फल एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण। (चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक 01.10.2023 से 31.12.2023 तक)।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य ( Non refunfable ) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
(i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 ( दो हजार पाँच सौ रूपये ) मात्र।
(ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 5,000.00 ( पाँच हजार रूपये ) मात्र।
(iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर तक की सामाग्रियों की आपूर्त्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 10,000.00 ( दस हजार रूपये ) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 22.08.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 29.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 22.08.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 29.08.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 30.08.2023 एवं 31.08.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 01.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website jharkhandtenders.gov.in पर e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा,चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR 304497 Home (23-24)_D



**समाहरणालय, चतरा।**
**देवरी–डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज, चतरा झारखण्ड, अवधि विस्तार हेतु**

**The maneuvers, Field Firing and Artillery Practice Act, 1938 के Chapter II Field Firing and Artillery Practice Sec.-09 के तहत अधिसूचना।**

देवरी–डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज, चतरा झारखण्ड को अगले 20 साल के लिए फिल्ड रेंज को दिया जाना है, जिनके अन्तर्गत निम्नलिखित गांव के जमीन से संबंधित है। रेंज के विस्तार हेतु दिनांक–22.08.2023 से 22.08.2043 (बीस वर्षो के लिए) अधिसूचना जारी की जा रही है, जिसका विवरणी निम्नांकित है:–

1. अंचल कान्हाचट्टी अंतर्गत निम्नांकित मौजाः–पथेल, केंदुआ–सहोर, कुराग, गडिया, बनियावाद सिकीद, अमकुदर, टेमका, बेंगोकला, वेगोखुर्द, लारालुटुदाग, कसियाडीह मंझौलिया, करमौनी कन्दरी, सरैया, देशवरिया, जसपुर, मदारपुर, बभना, तुलबुल, अरमेदाग, बन्दा चिल्हिया दारीदाग, बैधबिगहा, भदुआ, डोका, करमा, पिपरा, इटवानी, कठौतिया, चिकोर, विन्धानी, मनगडा, बीरलुटुदाग, हेमरा लुटा, डुमरिया, कोटाप रमखेता, खापलवानी भंगकुरकुट्टा, छेवटा, डेबरा रोसना भगवानपुर कोल्हैया, राजपुर पुरनीचट्टी, लड़या प्राणपुर, धमधमा, बरवाडीह तिवारीटाड़, गेरी, सुकरी, रेहेदाग बजरा कैन्डीनगर मिश्रडीह डंगराडीह पाण्डेडीह पुरनो हेसाग नयकी हेसांग, चोरठ, कन्हाखुर्द, कपसा, सरगांव, सायल, कान्हाकला, कालिया नावाडीह, भतहा, सिन्दुरिया नावाडीह, चिरीदिरी, पोलपोल, नवडीहा, बूढीगडा, बडवार, मदगडा, हरहद, हउवाग, पकरी, चैनपुर, जमरीवक्सपुरा, वकौइया, आरूगडा, राजाचक, पेलतोल कला, पेलतौलखुर्द, हेसापारम डोडागडा, पंडाखाप, ढेबरो चारू, दुल्हा, बरवाडीह, वेदोली, तलिया नावाडीह, करनी, टटरा, कोईरियानावाडीह, शाशी पंचमहला, कुदरी, कुदर केवाल खास, मंझौलीकला, मझौली खुर्द, बाराबागी, मायापुर, डुमरी, कादे, कोसमाडीह, वकचुम्बा, विरेखाप, खिरगडा, सिमरिया।

2. अंचल चतरा अंतर्गत निम्नांकित मौजाः– जोरी, चरित्रा, सिंधु, होलमगड़ा, कडवानी, ब्रहपुर, बोखरा, आरा, अकौना, भयपुर, देवरिया, डहुरा, कच्चा, चेरूआ कच्चा, मोकतमा, कडिमा, तरोग, लुटुआ, आमुकातु, कारी, गेरी, संघरा, आरा, मरदनपुर, रूदकला, रूदखुर्द, होलमगडा कला, अटरिया, होलमगड़ा खुर्द, करमाटांड, मनातु, सरैया, लक्षणपुर, देवरिया, गंधरिया, पाण्डेपुरा, जांगी, उंटा, चौर, बैरियो, बचदाग, सेल, डाढा, सेहदा, गम्हारतरी, मोहनाडीह, रमना, असानीकला, अहुरी, असानीखुर्द।

3. अंचल ईटखोरी अंतर्गत निम्नांकित मौजाः– दनौत, बेलगडा, जबेर, कोनी, पचमों, पाण्डेखाप, हरदिया, राजाकेन्दुआ, केन्दूआ, बेहराचक, बन्थु, पुनौल, बैधडहभंगा, राजाडहरभंगा, पकरीया कला, विधिचक, मिरचक, खडौनी, कुम्हारी, मझगॉवा, बानाचक, गोसाईडिह, परसौनी, सौनिया, कनौदी, पकरीया खुर्द, सानपुरा, लोहरा, तुर्की, मडवा, बानाजॉग, केमो, कटुआ, खौराकला, चोरकारी, भदुली, गुरीयाटाण्ड, ईटखोरी ।।, भुरकुण्डा, टोनाटाण्ड, जुगुडिह, पितिज, पितिजी, गुल्ली, हुरनाली, चक्रवार, सालवे।

4. अंचल हण्टरगंज अंतर्गत निम्नांकित मौजाः– गोखना, केदलीकलां, बिहारी, पांती, उरैली, धरधरा, बहेरा, डुमरिया, भिखनाहु, खुटेहरा, दोनगिरी, पण्डरीखुर्द, सुग्गी, कारीडीह उर्फ मादा, पण्डरीकला, एकतारा, कोलवा, बेदौली, सेलवार, तिलहेत, गायघाट, कासडाबर, हटवरिया, गिद्धौर, नयनचक, प्रतापुर, कल्याणपुर, कटईया, धमनी, नोनियाचुवॉ, नावाडीह, बैजनाथपुर, राहरबार, डाहा, कोबना, सोखा, साही, बहेरी, कोबनी, चकलपुर, तेतरिया, परसिया, मझगावॉ, मुरार, तरवागडा, कन्दाबार, घंघरी, लोहसिंघना कलां, लोहसिंघना खुर्द, चन्द्रकाली, पचमहला, करमाली, पक्हा, करमाही, पहाडपुर, तशरजोरी, सलैया, धनगिरी, बंडातार, पोस्तिया, नरैनातरी, धोबे, डेमडेम, पैनीकलां, केतारबार, झगरतरी, परमाचक, पैनीखुर्द, नावाडीह, एड़ाबोंगा, बुढ़ीगढ़ा, मझगॉंवा, कसियाडीह, एदला, राजगुरू, पहसवार, कुरखेता, करामो, कदलगोरी, सुरहुद, अम्बर, पण्डरकोला, कोलवा, बेलवाडीह, भुईयॉंडीह, पुरनानगर, दन्तार, अम्बादोहर, गारा, पल्हा, पचमो, मनसाचक, कदवा, बनियाबॉंध, खाबाबाध, लेढ़ो, कुसुम्भा, जुटहा, बनियाडीह, चिटुवा, कोल्हुआपहाड़, लुटा, कैडीमोह, बोंगवातरी, गुए, जोलडीहा, सहोतरा। जिसका खाता मौजा, थाना सं0, प्लॉट संख्या, रकवा, भूमि के प्रकार, किस्म, जनसंख्या, फायरिंग रेंज से दूरी (कि0मी0 में) नीचे लिखे विस्तृत रूप से दर्शाया गया है:–

**चतरा जिलान्तर्गत देवरी–डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज (DDFFR) का अधिसूचना हेतु विवरणी :–**

| क्र0 | जिला का नाम | अंचल का नाम | ग्राम का नाम | थाना सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (एकड़ में) | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | जनसंख्या महिला | जनसंख्या पुरूष | जनसंख्या कुल | फायरिंग रेंज से दूरी (किमी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 276 | चतरा | हण्टरगंज | धोबे | 299 | 54 | 398 | 1190.99 | रैयती, गै0 खास | – | 258 | 268 | 526 | देवरी–डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज से अंचल–हण्टरगंज अन्तर्गत सभी ग्रामों की दूरी लगभग 20–30 किलोमीटर |
| 277 | चतरा | हण्टरगंज | डेमडेम | 300 | 33 | 394 | 526.21 | रैयती, गै0 खास | – | 290 | 295 | 585 | |
| 278 | चतरा | हण्टरगंज | पैनीकला | 301 | 78 | 867 | 1082.62 | रैयती, गै0 खास | – | 972 | 991 | 1963 | |
| 279 | चतरा | हण्टरगंज | केतारीबार | 302 | 122 | 205 | 379.35 | रैयती, गै0 खास | – | 418 | 414 | 832 | |
| 280 | चतरा | हण्टरगंज | झगरतरी | 303 | 110 | 101 | 179.56 | रैयती, गै0 खास | – | 154 | 151 | 305 | |
| 281 | चतरा | हण्टरगंज | परमाचक | 304 | 115 | 175 | 245.03 | रैयती, गै0 खास | – | 305 | 358 | 463 | |
| 282 | चतरा | हण्टरगंज | पैनी खुर्द | 305 | 39 | 16 | 129.85 | रैयती, गै0 खास | – | 85 | 99 | 184 | |
| 283 | चतरा | हण्टरगंज | नावाडीह | 306 | 46 | 232 | 204.82 | रैयती, गै0 खास | – | 389 | 404 | 793 | |
| 284 | चतरा | हण्टरगंज | एडाबोंगा | 307 | 15 | 27 | 217.59 | रैयती, गै0 खास | – | 37 | 38 | 75 | |
| 285 | चतरा | हण्टरगंज | बुढ़ीगड़ा | 308 | 37 | 154 | 154.9 | रैयती, गै0 खास | – | 171 | 173 | 344 | |
| 286 | चतरा | हण्टरगंज | मंझगावां | 309 | 34 | 87 | 119.29 | रैयती, गै0 खास | – | 58 | 74 | 132 | |
| 287 | चतरा | हण्टरगंज | कसीयाडीह | 310 | 55 | 309 | 912.73 | रैयती, गै0 खास | – | 328 | 362 | 690 | |
| 288 | चतरा | हण्टरगंज | एदला | 311 | 18 | 108 | 322.36 | रैयती, गै0 खास | – | 15 | 18 | 33 | |
| 289 | चतरा | हण्टरगंज | राजगुरू | 312 | 99 | 1406 | 1706.69 | रैयती, गै0 खास | – | 255 | 5262 | 517 | |
| 290 | चतरा | हण्टरगंज | पहसवार | 313 | 103 | 209 | 603.85 | रैयती, गै0 खास | – | 55 | 60 | 115 | |
| 291 | चतरा | हण्टरगंज | कुरखेता | 314 | 99 | 949 | 1798.45 | रैयती, गै0 खास | – | 422 | 379 | 801 | |
| 292 | चतरा | हण्टरगंज | करामो | 315 | 180 | 365 | 1167.51 | रैयती, गै0 खास | – | 73 | 68 | 141 | |
| 293 | चतरा | हण्टरगंज | कदलगोरी | 317 | 19 | 459 | 337.94 | रैयती, गै0 खास | – | 132 | 147 | 279 | |
| 294 | चतरा | हण्टरगंज | सुरहुद | 316 | 73 | 544 | 1003.99 | रैयती, गै0 खास | – | 200 | 209 | 409 | |
| 295 | चतरा | हण्टरगंज | अम्बर | 319 | 3 | 12 | 1084.11 | रैयती, गै0 खास | – | उपलब्ध नहीं है। | | | |
| 296 | चतरा | हण्टरगंज | पण्डरकोला | 320 | 74 | 274 | 1096.67 | रैयती, गै0 खास | – | 63 | 80 | 143 | |
| 297 | चतरा | हण्टरगंज | कोलवा | 321 | 70 | 171 | 697.95 | रैयती, गै0 खास | – | 66 | 80 | 146 | |
| 298 | चतरा | हण्टरगंज | बेलवाडीह | 322 | 46 | 111 | 174.08 | रैयती, गै0 खास | – | 25 | 26 | 51 | |
| 299 | चतरा | हण्टरगंज | भुईयाडीह | 323 | 30 | 45 | 18.48 | रैयती, गै0 खास | – | 81 | 89 | 170 | |
| 300 | चतरा | हण्टरगंज | पुरना नगर | 324 | 41 | 58 | 79.2 | रैयती, गै0 खास | – | 4 | 2 | 6 | |
| 301 | चतरा | हण्टरगंज | दन्तार | 325 | 110 | 538 | 141.05 | रैयती, गै0 खास | – | 1095 | 1175 | 2270 | देवरी–डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज से अंचल–हण्टरगंज अन्तर्गत सभी ग्रामों की दूरी लगभग 20–30 किलोमीटर |
| 302 | चतरा | हण्टरगंज | अम्बादोहर | 326 | 19 | 81 | 29.09 | रैयती, गै0 खास | – | 186 | 182 | 368 | |
| 303 | चतरा | हण्टरगंज | गारा | 327 | 18 | 18 | 81.86 | रैयती, गै0 खास | – | 63 | 68 | 131 | |
| 304 | चतरा | हण्टरगंज | पलहा | 328 | 2 | 10 | 78.62 | रैयती, गै0 खास | – | 112 | 99 | 211 | |
| 305 | चतरा | हण्टरगंज | पचमो | 329 | 6 | 18 | 30.91 | रैयती, गै0 खास | – | 28 | 28 | 56 | |
| 306 | चतरा | हण्टरगंज | मनसाचक | 330 | 16 | 44 | 35.48 | रैयती, गै0 खास | – | 24 | 30 | 54 | |
| 307 | चतरा | हण्टरगंज | कदवा | 331 | 12 | 54 | 145.46 | रैयती, गै0 खास | – | 174 | 114 | 388 | |
| 308 | चतरा | हण्टरगंज | बनीयाबांध | 332 | 34 | 129 | 208.42 | रैयती, गै0 खास | – | 133 | 151 | 284 | |
| 309 | चतरा | हण्टरगंज | खावाबार | 333 | 11 | 196 | 560.56 | रैयती, गै0 खास | – | 11 | 8 | 19 | |
| 310 | चतरा | हण्टरगंज | लेढ़हो | 334 | 28 | 86 | 229.6 | रैयती, गै0 खास | – | 257 | 305 | 562 | |
| 311 | चतरा | हण्टरगंज | कुसुम्हा | 335 | 42 | 227 | 370.64 | रैयती, गै0 खास | – | 335 | 398 | 733 | |
| 312 | चतरा | हण्टरगंज | जुटहा | 336 | 92 | 155 | 295.41 | रैयती, गै0 खास | – | 30 | 27 | 57 | |
| 313 | चतरा | हण्टरगंज | बनीयाडीह | 337 | 63 | 142 | 654.56 | रैयती, गै0 खास | – | 94 | 111 | 205 | |
| 314 | चतरा | हण्टरगंज | चिटुआ | 338 | 2 | 7 | 150.01 | रैयती, गै0 खास | – | उपलब्ध नहीं है। | | | |
| 315 | चतरा | हण्टरगंज | कोलहुआ पहाड़ | 339 | 1 | 35 | 1133.51 | रैयती, गै0 खास | – | 18 | 20 | 38 | |
| 316 | चतरा | हण्टरगंज | लुटा | 340 | 9 | 141 | 2225.12 | रैयती, गै0 खास | – | 111 | 127 | 238 | |
| 317 | चतरा | हण्टरगंज | कैडीमोह | 341 | 19 | 205 | 1765.25 | रैयती, गै0 खास | – | 86 | 85 | 171 | |
| 318 | चतरा | हण्टरगंज | बोगवातरी | 342 | 3 | 15 | 130.75 | रैयती, गै0 खास | – | 1 | 2 | 3 | |
| 319 | चतरा | हण्टरगंज | गुए | 343 | 19 | 267 | 1332.1 | रैयती, गै0 खास | – | 79 | 86 | 175 | |
| 320 | चतरा | हण्टरगंज | जोलडीहा | 344 | 197 | 2112 | 4036.81 | रैयती, गै0 खास | – | 654 | 714 | 1368 | |
| 321 | चतरा | हण्टरगंज | सहोतरा | 345 | 10 | 83 | 359.81 | रैयती, गै0 खास | – | 35 | 46 | 81 | |

PR 304438 Revenue(23-24)D
उपायुक्त,चतरा।

**राहत : झरिया के पूर्व विधायक के इलाज में चला आ रहा गतिरोध हुआ समाप्त**

# बीमार संजीव सिंह को कड़ी सुरक्षा में बेहतर इलाज के लिए भेजा गया रिम्स

**दो दिनों से चल रही थी तैयारी, एंबुलेंस की हड़ताल के कारण करना पड़ा इंतजार**

**पत्नी रागिनी सिंह ने सत्तारूढ़ नेताओं व सरकार पर लगाया साजिश के तहत निजी खर्च पर इलाज नहीं कराने देने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में इलाजरत झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को हाईकोर्ट के निर्देश पर अंततः शुक्रवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एम्बुलेंस से बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेजा गया। इसके साथ ही संजीव सिंह के इलाज को लेकर जारी गतिरोध भी समाप्त हो गया। बताते चलें कि अपने चचरे भाई व धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में 2017 से जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव 11 जुलाई को जेल परिसर में ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके सिर में गहरी चोट लगने की बात कही गयी थी। इसके अलावा पहले से भी वे कई बीमारियों से ग्रसित थे। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए संजीव सिंह को रांची के रिम्स अस्पताल में भेजने की सिफारिश चिकित्सकों ने की थी। जबकि उनकी पत्नी और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने रिम्स अस्पातल में इलाज के दौरान पति संजीव के जान का खतरा होने का हवाला देते हुए निजी खर्च से किसी प्राइवेट मल्टी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में इलाज कराने की मांग कोर्ट से की थी। इस बाबत रागिनी सिंह ने हाईकोर्ट का चक्कर भी काटा। अंत मे हाइकोर्ट ने भी रिम्स अस्पताल में ही संजीव सिंह के इलाज कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद शुक्रवार को उन्हें भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिम्स अस्पताल भेजा दिया गया।

## एम्बुलेंस की हड़ताल के चलते हुआ विलंब

पूर्व विधायक संजीव की पत्नी रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि विगत दो दिनों से उनके पति को रिम्स अस्पताल ले जाने की कोशिश की जा रही थी। मगर एसएनएमएमसीएच में व्यवस्था नहीं होने और एम्बुलेंस की हड़ताल के कारण रिम्स अस्पताल भेजने में विलंब हुआ। उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब हम जैसों का यह हाल है, तो समझा जा सकता है कि आम जनता के साथ क्या होता होगा। लगता है आज भी संजीव सिंह समय से रांची नहीं पहुंच पाएंगे। कहा कि यही सब कारण है जिसके चलते हमलोग निजी खर्च पर इलाज कराने की अनुमति मांग रहे थे। पर सत्ताधारी नेताओं और सरकार की साजिश के तहत अनुमति नहीं मिली।

# कतरास पुलिस ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** पुलिस ने शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए थाना चौक और कतरास -राजगंज रोड में सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदार, ठेला, खोमचा व सब्जी वाला को अभियान चलाकर 34 ए का नोटिस दिया है। नोटिस मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार की दोपहर पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए जाम मुक्त करने का प्रयास किया। बताया जाता है कि सड़क को अतिक्रमण कर 16 फिट कर दिया गया है। दुकानदारों ने कहा कि बाजार में 90 फीसदी दुकानदारी नाली के किनारे ही होती है। बतातें चलें कि कतरास बस स्टैंड से लेकर चौधरी नर्सिंग होम तक प्रतिदिन जाम से यात्रियों को काफी परेशान होती है। रही सही कसर टोटो चालक पूरी कर देते है। जहां मर्जी करता है वहीं वाहन खड़ी कर सवारी का इंतजार करने लगते हैं, जिससे परेशानी होती है।

# छह साल की बच्ची से किशोर ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय किशोर द्वारा छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान विशाल टुडू के रूप में की गयी है। पुलिस ने उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की देर शाम उसी गांव का किशोर विशाल टुडू बच्ची को बहला फुसलाकर जंगल की ओर ले गया। उस समय बच्ची के माता पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब वे शाम को घर लौटे तो बच्ची को घर पर नहीं देख आसपास तलाशने लगे। काफी देर के बाद बच्ची रोते हुए खुद घर आई और घटना के संबंध में मां-बाप को पूरी जानकारी दी। इसके बाद उसके माता-पिता तुरंत थाना पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। उधर, सूचना मिलते ही चतरोचट्टी पुलिस ने कांड संख्या 16/2023 के तहत पर मामला दर्ज कर आरोपी विशाल टुडू को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में चतरोचट्टी थाना में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित बच्ची के संबंध में बोकारो बाल कल्याण समिति को भी जानकारी दी। वहीं के निवासी शंकर रवानी ने बताया कि तत्काल बच्ची को सपोर्ट पर्सन मुहैया कराया गया है।

# धनबाद क्लब में विवाह थीम पर आधारित होगा सावन उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद क्लब में आयोजित होने वाले सावन उत्सव विवाह के थीम पर आधारित होगी। इसकी जानकारी शुक्रवार को आयोजनकर्ताओं ने संवाददाता सम्मेलन करके दी। संजीव बीओत्रा ने बताया कि इस बार के सावन सेलिब्रेशन में वेडिंग थीम पर एक बहुत ही आकर्षक संगीतमय प्ले की प्रस्तुति की जाएगी। जिसमें विवाह के दृश्यों को जीवंत किया जाएगा। इस प्ले में लड़का पंजाबी, लड़की बंगाली और विवाह के अन्य किरदार भारत के अलग-अलग प्रांत के होंगे। इस प्रस्तुति में दूल्हा-दुल्हन एक-दूसरे से कैसे और कहां मिले और उनकी शादी के रोचक दृश्य के अलावा, मेहंदी, हल्दी और लेडिस संगीत की भी शानदार प्रस्तुति की जाएगी। इसमें सभी प्रतिभागी धनबाद क्लब के ही होंगे। वहीं, रीता चावड़ा ने बताया कि धनबाद क्लब का यह कार्यक्रम महिलाओं की ओर से महिलाओं के लिए ही है। इस पूरे प्ले में स्टेज में 57 किरदार होंगे। इसकी तैयारी पिछले दो महीनों से चल रही थी। धनबाद क्लब की इस प्रतिक्षित नई 'सावन सेलिब्रेशन' प्रस्तुति में क्लब के सदस्यों का प्रवेश निःशुल्क है। जबकि अतिथियों के लिए शगुन के तौर पर 250 रुपया शुल्क रखा गया है। प्रेस वार्ता में वरीय उपाध्यक्ष वाई एन नरूला, चेतन गोएनका, विकास शर्मा, पूनम कुमार एवं गुरदीप कौर संधु आदि उपस्थित थीं।

# ठेका कर्मचारियों के लिए हुआ आरपीएल कार्यक्रम का शुभारंभ




कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारीगण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन विकास विभाग के मिनी ऑडिटोरिम में ठेका कर्मियों के लिए शुक्रवार को आरपीएल (रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निग) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतपे, मुख्य महा प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) मनीष जलोटा शामिल थे। कार्यक्रम में ठेका मजदूरों को आरपीएल (रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निग) कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही उनसे अपनी जानकारी बढ़ाने की अपील की गयी। अभी इस कार्यक्रम में मुख्यतः सेफ्टी सुपरवाइजर-स्टील प्लांट, असिस्टेंट फिटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर वर्कर, 04 प्रकार के ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य में और अधिक ट्रेड्स में प्रशिक्षित करने की योजना है।

# सच्चा प्रेम हो तो भगवान भी भक्त से मिलने को तरसते हैं : आचार्य कन्हैया



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अगर हृदय में प्रभु के प्रति सच्चा प्रेम हो तो भगवान भी अपने भक्तों से मिलने के लिए तड़पने लगते हैं। उक्त बातें आचार्य कन्हैया द्विवेदी जी महाराज ने कही। वे शुक्रवार को कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कहीं। उन्होंने कहा कि गोपियां भगवान से निश्चल प्रेम करती है। भगवान से मिलने के लिए तड़पती है तो शरद पूर्णिमा के दिन भगवान भी गोपियों से मिलने के लिए लालायित हो गए और फिर दिव्य बांसुरी बजा कर गोपियों को बुलाया और उनके साथ दिव्य रास किया। उन्होंने कहा कि रास कोई लौकिक नृत्य नहीं है। यह जीवात्मा से परमात्मा का मिलन है। कामदेव को प्रभु ने रासलीला में परास्त कर दिया। कंस के अत्याचार से देव, संत, महात्मा, ब्राह्मण, गौ माता और भक्त जन त्रस्त हो गए तब भगवान मथुरा पहुंचकर कंस का वध किया और धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि रुकमणी कोई सामान्य जीव नहीं है यह साक्षात लक्ष्मी है। रुकमणी मन ही मन श्रीकृष्ण को चाहती थीं। प्रभु मन की बात समझ लिए और रुक्मणी का हरण कर लिया। रुक्मणी के साथ भगवान ने पानी ग्रहण किया।

# जूनियर राज्य चैंपियनशिप के लिए बोकारो जूडो की टीम रामगढ़ गयी




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में आयोजित होने जा रहे सब जूनियर और जूनियर झारखंड राज्य जूडो प्रतियोगिता के लिए बोकारो की 70 सदस्य टीम शुक्रवार को रवाना हो गई। टीम के कोच चिन्मय कुमार और नईम अंसारी के साथ टीम मैनेजर जेबा नाज और बोकारो की ओर से निर्णायक भूमिका में आयुष कुमार ठाकुर एवं दीपक रंजन शामिल रहेंगे। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने कहा कि इस बार भी सब जूनियर और जूनियर राज्य पर जूडो प्रतियोगिता में हमारी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। ज्यादा से ज्यादा स्वर्ण पदक हमारी टीम जीतेगी। वहीं, बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद ने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। वहीं, वासुदेव कुमार, संतोष दत्ता, प्रवीण कुमार, संजीव कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी।

# राकोमयू (इंटक) का केंद्रीय अस्पताल ढोरी प्रबंधन के साथ एजेंडा वार्ता

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) ढोरी क्षेत्र के सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल में शुक्रवार को एजेंडा बैठक हुई। जिसमें यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र सिंह और अस्पताल के तरफ से डॉ अरविंद कुमार ने अध्यक्षता की। बैठक में यूनियन के तरफ से 21 सूत्री मांगों पर क्रमवार चर्चा की गई। हरेंद्र सिंह और क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान ने मांग की कि अस्पताल में पीने का स्वच्छ पानी, संडे ड्यूटी, कैजुअल्टी में बाथरूम की व्यवस्था, शौचालय की सफाई, अस्पताल के कार्यालय और वार्ड की मरम्मत, सभी डॉक्टरों का समय पर ओपीडी में उपस्थिति आदि की मांग की गई। इसके अलावा ओपीडी में मरीजों के बैठने की व्यवस्था, लेबोरेटरी में सारे मशीन के मेंटेनेंस की व्यवस्था और सभी मरीजों के साथ समान व्यवहार बनाए जाने की मांग की। इस पर डॉ अरविंद कुमार ने सहमति जताते हुए कहा कि जो भी मांग है वह जायज है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। मौके पर डॉ आरएन झा, डॉ आस्था श्रीवास्तव, सिविल इंजीनियर किशन राय, निलेश कुमार आदि मौजूद थे।

# बिरनी से राजधनवार तक लोकतंत्र बचाओ यात्रा में शामिल होंगे गिरिडीह से सैकड़ों लोग : राजेश



**माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी होंगें शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरीडीह।** विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा और प्रीति भास्कर के नेतृत्व में बिरनी से शुरू होकर राजधनवार तक लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ के तहत आयोजित पैदल यात्रा में गिरिडीह के सैकड़ों लोग शामिल होंगें। बतातें चलें कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व दिवस यानी 14 अगस्त को (बिरनी-धनवार) आजादी मार्च की सफलता को लेकर गिरीडीह के शास्त्री नगर पार्क में शुक्रवार को बैठक की गयी। जिसमें निर्णय लिया गया कि इस मार्च में सैकड़ों लोग शामिल होंगें। जिले भर के सभी कार्यकर्ता-नेता समर्थक आदि हिस्सा लेंगें। मुख्य अतिथि के रूप में माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि लगभग 40 ब्रांच के सचिव अपने-अपने एरिया में बैठक करेंगे। उज्जवल साव और प्रीति भास्कर ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों और उसे हटाने के लिए जनता में जागरूकता फैलाने के लिए पैदल मार्च किया जायेगा। बैठक में उज्जवल साव, निशांत भास्कर, मो सरफराज, इकराम अंसारी, नासिर शेख, हसनैन आदि थे।

## माहुरी वैश्य महिला समिति की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य महिला समिति फुसरो की ओर से लोटस होटल में शुक्रवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने नृत्य संगीत और कई तरह के खेल का आयोजन किया। इसमें माहुरी वैश्य समाज के अरुण कुमार गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मिंटू कुमार, अमित कुमार का सहयोग रहा। इस अवसर पर महिला समिति की अध्यक्ष सोनम गुप्ता और सचिव प्रीति गुप्ता ने महिलाओं को सावन महोत्सव की शुभकानायें दी। कहा कि सावन माह हिंदुओं का एक पवित्र महीना है। यह हरियाली का प्रतीक है। इस माह में सभी महिलाएं घर का सारा काम करते हुए एक दिन का समय निकालकर एकता का परिचय देते हुए सावन महोत्सव मनाती हैं। मौके पर रूपा तर्वे, रीना देवी, सोनी देवी, मंजू देवी, प्रीति गुप्ता, नीतू गुप्ता, प्रियंका, सेजल गुप्ता, पुष्पा देवी, प्रतिभा देवी आदि थीं।

**बैठक : जनप्रतिनिधियों के साथ डीसी ने साझा किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का डिटेल**

# धनबाद के सभी 256 पंचायत क्षेत्रों में आज आयोजित होगा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**डीसी ने सभी जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने का किया आग्रह**

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी वरुण रंजन।

**धनबाद।** जिले के सभी 256 पंचायतों में 12 अगस्त को मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम मनाया जाना है। इसे लेकर डीसी वरुण रंजन ने शुक्रवार को जिले के विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा पेश की। सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी किया। डीसी ने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र के वीर सेनानी, वीर शहीद, वीर गति को प्राप्त आर्म्ड फोर्सेस, सेना या पुलिसकर्मी का नाम उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बतातें चले कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम जिले के सभी 256 पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक शिला पट्ट (शिलाफलक) का निर्माण किया गया है। जिस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों, शहीदों (सेना-पुलिसकर्मियों) के नाम दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद इसका अनावरण किया जाएगा। पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। लोग हाथों में मिट्टी या मिट्टी का दीपक लेकर अपनी सेल्फी भी अपलोड कर सकेंगे। जनप्रतिनिधियों के साथ नए डीसी की यह पहली बैठक थी। बैठक शुरू होने से पहले उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मानस प्रसून, झरिया विधायक के प्रतिनिधि अमित कुमार, सिंदरी विधायक के प्रतिनिधि कुमार महतो व अन्य मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### अहमदाबाद में सड़क हादसे में तीन बच्चों समेत 10 की मौत

अहमदाबाद। अहमदाबाद के बावला-बगोदरा हाइवे पर शुक्रवार सुबह एक टेंपो हाइवे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 लोग घायल हैं। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। अहमदाबाद से 50 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक सभी लोग चोटीला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे, तभी टेंपो का टायर पंक्चर हो जाने के कारण दुर्घटना हुई।

### सीएम स्टालिन की पत्नी ने सोने का मुकुट दान किया

गुरुवायूर। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने केरल के गुरुवायूर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में सोने का मुकुट दान किया। इसकी कीमत 14 लाख रुपये है। यह मुकुट सोने के 32 सिक्कों से बना है। यह मुकुट उन्हें कोयंबटूर के एक व्यापारी ने दिया था। उन्होंने चंदन घिसने के लिए एक मशीन भी मंदिर को दान दी है।

# एमसीएल ने ओड़िशा में स्वतंत्रता-पूर्व तालचेर भूमिगत कोयला खदान को पुनर्जीवित किया

● अगले 25 वर्षों में 8 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन करने का है लक्ष्य निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा नयी कोयला वितरण नीति में संशोधन के आधार पर एमसीएल ने ओडिशा के अनगुल जिले में सन् 1928 में चालू हुई तालचेर कोलियरी से कोयला उत्पादन करने के लिए पुनः कमर कस ली है। कंपनी ने माइन डेवलपर कम ऑपरेटर मोड के तहत खनन कार्य करने हेतु टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड को स्वीकृति पत्र ;स्ं¬ाद्ध जारी किया है, जो तालचेर भूमिगत खदान का पुनर्द्धार करेगा। उक्त खदान में अनुमानित 11 मिलियन टन का कोयले का भंडार है। कोयला खनन कार्य शुरू होने पर कोयला उत्पादन क्षमता में क्रमिक वृद्धि के साथ, परियोजना की शुरुआत के 5वें वर्ष से वार्षिक 3.6 लाख टन कोयला उत्पादन के उच्चतम उत्पादन स्तर तक पहुंचने का अनुमान किया जा रहा है।

बोर्ड और पिलर विधि का उपयोग करके विकसित की गयी यह 95 साल पुरानी भूमिगत खदान वर्ष 1928 से हैं जिसे मद्रास और दक्षिणी महाराटा रेलवे द्वारा शुरू किया गया था। अलग-अलग मालिकाना कंपनियों के अधीन रहने के बाद, 1992 में, तालचेर भूमिगत खदान को अंततः एमसीएल में स्थानांतरित कर दिया गया, जो अब कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक अग्रणी सहायक कंपनी है।

एमसीएल के विभिन्न विभागों के 18 विषय-विशेषज्ञ अधिकारियों की एक टीम ने एमडीओ मोड के माध्यम से तालचेर भूमिगत खदान के पुनरुद्धार की योजना बनाने और निष्पादित करने के लिए 10 महीने से अधिक समय तक अनुबंध प्रबंधन विभाग, एमसीएल मुख्यालय के साथ मिलकर किया।

एमसीएल टीम को उनके द्वारा किए गए सफल पहल के लिए बधाई देते हुए, एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने कहा कि हम अपने विविध उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और तालचेर भूमिगत खदान से कोयला उत्पादन का पुनरारंभ से सार्थक योगदान मिलेगा।

कोयला खनन कार्य को प्रोत्साहित करने और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए भारत सरकार के प्रयासों के अनुरूप, तालचेर भूमिगत खदान का पुनर्द्धार कर कोयला उत्पादन करने में महत्वपूर्ण कदम उठाना वास्तव में सराहनीय कार्य है।

राजस्व-साझाकरण मॉडल के तहत एमसीएल और टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी), एक बेहतर और हरित भविष्य के लिए कोयला उत्पादन सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अग्रसर है। 25 साल लंबी इस व्यवस्था में लगभग शून्य प्रत्यक्ष निवेश के साथ तालचेर के सैकड़ों कुशल युवाओं के लिए इस एमडीओ परियोजना में नौकरी के अवसर पैदा करने के अलावा एमसीएल का लक्ष्य 111 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करना है।

### बैंक ऑफ इंडिया भुवनेश्वर आंचलिक कार्यालय की हास्य कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया भुवनेश्वर आंचलिक कार्यालय द्वारा हास्य कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें सभी सदस्य बैंकों एवं बीमा कार्यलयों से 25 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम में उप आंचलिक प्रबंधक अशोक कुमार जेना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। हम सभी को अधिक से अधिक कामकाज हिंदी में करना चाहिए। निर्णायक मंडल में स्थानीय प्रधान कार्यालय स्टेट बैंक से संजीवनी सुधा स्वाई प्रबंधक राजभाषा, नाबार्ड से श्राबंति दास, प्रबंधक राजभाषा एवं बैंक ऑफ इंडिया से वेद प्रकाश ओझा, मुख्य प्रबंधक सुरक्षा विभाग उपस्थित थे। विजेताओं को अंत में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनिया सावंत वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा ने किया।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**लखनऊ।** यूपी में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस रविंदर भट्ट और अरविंद कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। हत्याकांड की जांच रिटायर्ड जज के नेतृत्व में कमेटी गठित कर कराये जाने की मांग कोर्ट में की गयी। कोर्ट ने सरकार चार सप्ताह में कई सवालों पर जवाब मांगा है।

### लखनऊ में बेटा-बेटी को मारा, फिर मां ने खुद जान दी

**लखनऊ।** लखनऊ में शुक्रवार को एक महिला में अपने बेटा-बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पति होटल से घर लौटा, तो उसने पत्नी को आवाज लगायी। फिर दरवाजा खटखटाया। लेकिन जब कोई रिस्पॉन्स नहीं आया, तो उसने खिड़की से झांक कर कमरे में देखा। कमरे में फंदे पर शव लटक रहे थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रूस ने लांच किया मून मिशन लूना-25

मॉस्को। रूस ने 47 साल बाद चांद पर अपना मिशन लूना-25 लांच कर दिया है। ये चांद के साउथ पोल पर उतरेगा। इस मिशन का मकसद चंद्रमा पर पानी की खोज करना है। 1976 के बाद रूस ने अब मून पर यान भेजा है। इसे अमूर ओब्लास्ट के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लांच किया गया।

# कटक-पारादीप रेलवे खंड में कटक और कंदरपुर रेलवे स्टेशनों के बीच ऑटो-सिग्नलिंग, कई ट्रेनें प्रभावित होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक-पारादीप रेलवे खंड में कटक और कंदरपुर रेलवे स्टेशनों के बीच ऑटो-सिग्नलिंग चालू करने के संबंध में सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के मद्देनजर, निरगुंडी-कटक-भुवनेश्वर रेलवे खंड में कुछ ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित होंगी।

**14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से रद्द ट्रेनें :** 18413/18414 पारादीप-पुरी-पारादीप एक्सप्रेस, 08413/08414 तालचेर-पुरी-तालचेर पैसेंजर स्पेशल, 08411/08412 बालेश्वर भूवनेश्वर बालेश्वर पैसेंजर स्पेशल, 08415/08416 जलेश्वर-पुरी-जलेश्वर पैसेंजर स्पेशल, 08555/08556 भद्रक-नयागड टाउन-भद्रक पैसेंजर स्पेशल, 08445/08446 कटक-पारादीप-कटक पैसेंजर स्पेशल, 08407/08408 कटक-पारादीप-कटक पैसेंजर स्पेशल, 08453/08454 भद्रक-कटक-भद्रक पैसेंजर स्पेशल।

**कई ट्रेनें रद्द :** 02838 पुरी-संतरागाछी एक्सप्रेस 12 अगस्त को पुरी से, 22810 विशाखापत्तनम-पारादीप एक्सप्रेस 13 अगस्त को विशाखापत्तनम से, 08011 भंजपुर (बारीपदा)-पुरी स्पेशल भंजपुर से 13 अगस्त को, 08012 पुरी-भंजपुर स्पेशल 13 अगस्त को पुरी से।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण:** 08534/08533 पलासा-कटक-पलासा पैसेंजर स्पेशल 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से भुवनेश्वर न्यू और कटक के बीच रद्द रहेगी। 08422/08421 गुनुपुर-कटक-गुनुपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से भुवनेश्वर न्यू और कटक के बीच रद्द रहेगी। 12073/12074 हावड़ा-भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस 13 अगस्त को दोनों दिशाओं से खड़गपुर और हावड़ा के बीच रद्द रहेगी।

**कटक को बायपास करते हुए नराज माथार्पुर के रास्ते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन और नराज माथार्पुर/कपिलास रोड स्टेशन पर ठहराव प्रदान करना :** इसमें 12073/12074 हावड़ा-भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 12277/12278 हावड़ा-पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 12821/12822 शालीमार-पुरी-शालीमार धौली एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 12891/12892 बांगीरीपोसी-पुरी-बांगीरीपोसी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 18416/18415 बड़बिल-पुरी-बडबिल एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 18126/18125 पुरी-राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक दोनों दिशाओं से, 12802 नयी-दिल्ली-पुरी पुरूषोत्तम एक्सप्रेस 10 से 12 अगस्त तक नयी दिल्ली से, 12801 पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 12837 हावड़ा-पुरी एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त तक हावड़ा से, 12838 पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 18117 राउरकेला-गुनूपुर राज्य रानी एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त तक राउरकेला से, 18118 गुनुपुर-राउरकेला राज्य रानी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक गुनुपुर से, 18409 शालीमार-पुरी श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त तक शालीमार से, 18410 पुरी-शालीमार श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त तक दुर्ग से, 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त 2023 तक हटिया से, 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 18478 ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 10 से 12 अगस्त तक ऋषिकेश से, 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक पुरी से, 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस 11 से 13 अगस्त तक धनबाद से, 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल एक्सप्रेस 12 से 14 अगस्त तक भुवनेश्वर से, 08440 पटना-पुरी स्पेशल 13 अगस्त को पटना से, 08439 पुरी-पटना स्पेशल दिनांक 12 अघस्त को पुरी से, 12876 आनंद विहार-पुरी नीलाचल एक्सप्रेस 11 और 13 अगस्त को आनंद विहार से, 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 12 अगस्त को जोधपुर से, 20815 टाटा-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 14 अगस्त को टाटा से, 12815 पुरी-आनंद विहार नंदनकानन एक्सप्रेस 12 और 14 अगस्त को पुरी से, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस 14.08.2023 को भुवनेश्वर से, 12888 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस 13 अगस्त को पुरी से, 18449 पुरी-पटना बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस 14 अगस्त को पुरी से और 22890 पुरी-दीघा एक्सप्रेस 12 अगस्त को पुरी से शामिल है।

# नाइजर में रह रहे भारतीयों को जल्द भारत लौटने की सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को नाइजर में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की। भारत सरकार ने भारतीय को नाइजर छोड़ने की सलाह जारी की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नाइजर में जारी संकट को देखते हुए ये सलाह जारी की गई है।

**भारतीयों को नाइजर छोड़ने की सलाह :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत सरकार नाइजर में चल रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर, जिन भारतीय नागरिकों की उपस्थिति आवश्यक नहीं है, उन्हें जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी जाती है।

**सरकार ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी :** अरिंदम बागची ने कहा कि उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि हवाई क्षेत्र वर्तमान में बंद है। सड़क (सीमा) के माध्यम से निकलते समय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक सावधानी बरती जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो लोग आने वाले दिनों में नाइजर जाने की सोच रहे हैं, उन्हें भी स्थिति सामान्य होने तक अपनी यात्रा योजनाओं पर पुनर्विचार करने की सलाह दी जाती है।

**नाइजर में कब हुआ था तख्तापलट :** बता दें कि नाइजर में 26 मई को तख्तापलट हुआ था। तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति को हटाकर सेना ने शासन पर कब्जा जमा लिया था। इसके बाद राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया था। इसपर अमेरिका, यूरोप समेत संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जतायी थी।

### ऑनलाइन गेमिंग पर लगेगा 28 प्रतिशत जीएसटी, लोकसभा से पारित

नयी दिल्ली। लोकसभा से शुक्रवार को जीएसटी संशोधन विधेयक 2023 पारित हो गया है। अब ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का रास्ता साफ हो गया है। यह अधिनियम 1 अक्टूबर से लागू हो सकता है। इसके लागू होने के 6 महीने बाद समीक्षा की जायेगी।

### हरियाणा हाइकोर्ट ने डब्ल्यूएफआइ चुनाव पर 28 अगस्त तक रोक लगायी

नयी दिल्ली। हरियाणा हाइकोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) के चुनाव पर 28 अगस्त तक रोक लगा दी है। डब्ल्यूएफआइ का चुनाव 12 अगस्त को होना था। दरअसल, डब्ल्यूएफआइ के चुनाव को लेकर हरियाणा की दो रेसलिंग फेडरेशन के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था।

### यूपी में सदन में बोलने से डरते हैं विधायक

लखनऊ। विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा के 23, सपा के 15 और अपना दल (एस) के एक विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया। स्पीकर सतीश महाना ने जब ऐसे 39 विधायकों की लिस्ट तैयार करके उन्हें बोलने का मौका दिया, तो 14 विधायक सदन में मौजूद नहीं रहे।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**